

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 359 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 09 अक्टूबर 2022 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया


## दिल्ली सरकार के हिंदू विरोधी रवैये के कारण डा. हर्षमोहन भारद्वाज ने छोड़ी पार्टी

हिसार।(राजेश सलूजा): हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. हर्षमोहन भारद्वाज ने पार्टी में अपनी उपेक्षा से दुखी होकर आम आदमी पार्टी छोड़ने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि दिल्ली में सरकार के मंत्री द्वारा जिस प्रकार हजारों लोगों को हिंदू विरोधी शपथ दिलाई गई, वह असहनीय व पीड़ादायक है, जिसे वे बर्दाश्त नहीं कर सकते।

हर्षमोहन भारद्वाज ने कहा कि कुछ दिन पहले आम आदमी पार्टी की विचारधारा को देखकर वे पार्टी में शामिल हुए थे लेकिन इतने कम समय में ही पता चल गया कि आम आदमी पार्टी भी धर्म व सम्प्रदाय का सहारा लेकर चलती है। दिल्ली में मंत्री द्वारा हजारों लोगों को हिंदू विरोधी शपथ दिलाना व पार्टी द्वारा इस पर चुप्पी साध लेना साबित करता है कि कहीं न कहीं दोगलापन अवश्य है। उन्होंने कहा कि वे आम आदमी पार्टी के मुद्दों को देखकर शामिल हुए थे लेकिन यहां पर किसी नेता के आने पर कार्यकर्ता खुश नहीं होते। उनके शामिल होने से भी बहुत से लोगों को कष्ट हुआ, बहुत से लोग दुखी हुए लेकिन अब वे उन सभी माफी मांगते हैं और पार्टी से किनारा करते हैं।

डा. हर्षमोहन भारद्वाज ने कहा कि उनको व उनके समर्थकों को आम आदमी पार्टी में कोई मान–सम्मान नहीं दिया गया। आदमपुर उपचुनाव बारे डॉ. भारद्वाज ने कहा कि आदमपुर उपचुनाव में वे किसी पार्टी,



नेता या दल का विरोध नहीं करेंगे बल्कि ऐसे उम्मीदवार का समर्थन करेंगे जो आदमपुर की जनता के हितों की सोच रखता हो, वह आदमपुर समस्याओं से भलभांति परिचित हो, समस्याओं को दूर कर आदमपुर हलके का विकास करने की सोच रखता हो और साफ छवि का हो। ऐसा उम्मीदवार चाहे किसी भी पार्टी या निर्दलीय उम्मीदवार हो, वे कार्यकताओं के साथ आदमपुर हलके में उनके समर्थन में प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि जो साफ छवि का उम्मीदवार उनसे समर्थन मांगेगा, वे उस पर विचार करेंगे और अपने समर्थकों से विचार–विमर्श करके उस उम्मीदवार का समर्थन करेंगे।

## 40 रैलियां 144 सीट,
## पीएम मोदी के सहारे बीजेपी ने बनाया बड़ी जीत का प्लान, मंत्रियों को भी खास जिम्मेदारी

नई दिल्ली. बीजेपी ने वर्ष 2024 में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्लानिंग शुरू कर दी है. सूत्रों के मुताबिक, आम चुनाव को ध्यान रखते हुए बीजेपी उन 144 लोकसभा सीटों पर खास फोकस कर रही है, जिसे वह 2019 के चुनाव में जीत नहीं सकी थी. भगवा दल अब इन सीटों को भी अपने पाले में करने के लिए यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 40 रैलियां कराने की योजना बना रहा है.

सूत्रों को यह जानकारी देते हुए बताया कि इन 144 लोकसभा सीटों को 40 क्लस्टरों में विभाजित किया गया है. इनमें से चुनावी राज्यों में पड़ने वाली सीटों पर प्रधानमंत्री मोदी की रैली पहले होगी. पीएम मोदी जहां प्रत्येक क्लस्टर में एक रैली संबोधित करेंगे, वहीं पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य केंद्रीय मंत्री बाकी की लोकसभा सीटों पर प्रचार करेंगे. इसके अलावा बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य नेताओं को विधानसभा स्तर पर जनसंपर्क गतिविधियां चलाने और असंतोष के मुद्दों को आंतरिक रूप से संबोधित करने के लिए कहा गया है.

खबर है कि बीजेपी ने इन क्लस्टर प्रभारियों को सीट-वार समर्पित अभियान चलाने और निर्वाचित प्रतिनिधियों को बोर्ड में लेने के लिए कहा है. क्लस्टर प्रभारियों से 2024 के चुनाव तक प्रति माह एक प्रवास और हर महीने एक लोकसभा क्षेत्र में लंबे समय तक रुकने के लिए कहा गया है. इसके तहत एक क्लस्टर को तीन महीने



में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है.

### मंत्रियों को भी खास जिम्मेदारी

सूत्रों ने बताया कि जिन मंत्रियों को इन क्लस्टरों का प्रभारी बनाया गया है, उन्हें लगातार अपने क्षेत्र का दौरा करना होगा और जरूरत के हिसाब से रणनीति में सुधार के लिए फीडबैक देने के साथ उन सीटों पर राजनीतिक या किसी अन्य मुद्दे पर जरूरी कार्रवाई के बारे में बताना होगा. इस्के अलावा, पार्टी द्वारा नियुक्त लोकसभा पदाधिकारियों के लिए रात्रि विश्राम, प्रमुख मतदाता समूह के साथ साप्ताहिक बैठकें और मीडिया के साथ लगातार बातचीत करते रहना भी जरूरी होगा.उन्हें मोर्चा और प्रकोष्ठों के माध्यम से जाति समूहों के साथ जुड़ने, धार्मिक स्थलों का दौरा करने, घर-घर जाकर प्रचार करने, नुक्कड़ सभा आयोजित करने, सेना के जवानों, शारीरिक रूप से विकलांग और प्रवासी मतदाताओं के साथ संपर्क करने के लिए कहा गया है. सूत्रों ने बताया कि पार्टी के इन क्लस्टर प्रभारियों को अनिवार्य जनसंपर्क और संगठन को मजबूत करने वाले कार्यक्रमों के संचालन के साथ-साथ प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में कम से कम तीन दिन का दौरा करने का निर्देश दिया है. पार्टी की ओर कहा गया है कि इस दौरान अल्पकालिक प्रवास से बचने के लिए प्रवास मंत्री के कार्यालय और सीट प्रभारी के बीच अच्छा समन्वय होना चाहिए.

## नोएडा सेक्टर 45: केसरवानी वैश्य समाज नोएडा महानगर के द्वारा भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन

**नोएडा समाज जागरण**

नोएडा सेक्टर 45: स्ट्रेलर ग्रीन पार्क सदरपुर में भव्य



दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। तीन दिवस तक चले इस महोत्सव में जिला गौतमबुद्धनगर के वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री भारत सरकार श्री महेश शर्मा ने दुर्गा पंडाल में आकर दीप प्रज्वलित किया तथा माता रानी की आशीर्वाद लिया। श्री शर्मा ने भव्य दुर्गा पूजा के आयोजन पर केसरवानी वैश्य समाज की कोटी कोटी सराहना की।

तीन दिवसीय महोत्वसव में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माता रानी की जागरण के साथ-साथ विशाल सुन्दर-सुन्दर झांकियो का कार्यक्रम आयोजित की गयी। बच्चों के लिए डांडिया कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। महोत्सव में पूरे एनसीआर से केसरवानी बंधुओं नें आकर अपनी हाजिरी लगाई और आने वाले सालों मे और भव्यता के साथ दुर्गा पूजा मनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर श्री ध्रुव केसरवानी राजेन्द्र नगर से श्री मदनलाल केसरवानी , दिल्ली से छितेश्वर केशरी केसरी , अनिल केशरी अरूण केशरी , अध्यक्ष श्री रतन केसरी महामंत्री राजन केसरी उपाध्यक्ष अनूप केसरी कोषाध्यक्ष विकास केसरी सह मंत्री विकास केशरी पूर्व कोषाध्यक्ष अमित केसरी शिवम्‌ केसरवानी उर्फ छोटेलाल केसरी नोएडा मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से चलाने से लिए आयोजक समिति का आभार व्यक्त किया है। क्षेत्र से मिले सहयोग के लिए तथा बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ पहुँचने पर भक्तों का भी आभार प्रकट किया है

## दो शिक्षाविद नेशनल बिल्डर अवार्ड 2022 से हुए सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण छपरा (रुचि सिंह सेंगर)।** रोटरी क्लब के तत्वावधान में नेशनल बिल्डर अवार्ड 2022 का आयोजन पटना के चाणक्य होटल में किया गया।

मुख्य अतिथि मंत्री बिहार सरकार समीर कुमार महासेठ के हाथों सारण के दो शिक्षक तथा शिक्षाविद सुरेश




कुमार रामानंद उच्च विद्यालय पुरुषोत्तमपुर स्वर्णा सारण तथा दिनेश सिंह सर्वोदय हाई स्कूल सारण को नेशनल बिल्डर अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया। इस क्लब के अध्यक्ष प्रियाका कुमार और सचिव अजीत कुमार उपस्थित रहे।

## 10 अक्टूबर 2022 को आई0टी0आई0 में लगेगा रोजगार मेला, मेले में 39 कम्पनिया करेंगे प्रतिभाग

लखनऊ, 08 अक्टूबर 2022 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिस/रोजगार मेले का आयोजन 10 अक्टूबर 2022 को किया जा रहा है जिसमें देश की 39 प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। आर0 एन0 त्रिपाठी प्रधानाचार्य ने बताया कि आने वाली 39 प्रतिष्ठित कम्पनियों में न्यूनतम वेतन रू0 7700 से 29000 तक के वेतन पर जॉब के अवसर उपलब्ध होंगे तथा रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी 10 अक्टूबर 2022 को प्रातः 10:00 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले में आने वाले वाले अभ्यर्थियों को अपने साथ दो प्रति बायोडाटा एवं उसके साथ शैक्षिक योग्यता/तकनीकी योग्यता की छायाप्रति एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर सम्बन्धित कम्पनी में प्रतिभाग कर सकते है। एम0 ए0 खाँ, ट्रेनिंग काउन्सलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि जो अभ्यर्थी मात्र हाईस्कूल पास है वे भी रोजगार मेला में प्रतिभाग कर रोजगार पा सकते है एवं जो अभ्यर्थी मात्र इण्टमीडिएट पास है वे भी रोजगार मेला में प्रतिभाग कर रोजगार पा सकते है तथा जो अभ्यर्थी मात्र आई0टी0आई0 राजकीय अथवा निजी आई0टी0आई0 से पास है वे भी रोजगार मेला में प्रतिभाग कर रोजगार पा सकते है तथा डिप्लोमा पास अभ्यर्थी भी रोजगार मेला में प्रतिभाग कर रोजगार पा सकते है इसके अतिरिक्त जो अभ्यर्थी कौशल विकास से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है। वे भी रोजगार मेला में सम्मिलित होकर रोजगार पा सकते है। सम्पर्क सूत्र-

## टी पी कॉलेज में याद किए गए लोकनायक जयप्रकाश नारायण

मधेपुरा ।राष्ट्रीय सेवा योजना, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय मधेपुरा के तत्वावधान में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि जयप्रकाश नारायण राजनीति में संघर्ष एवं सुचिता के प्रतीक हैं। आज की राजनीति में जेपी जैसा नेतृत्व ढूंढने से भी नहीं मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हमें युवा पीढ़ी को अपने महापुरुषों के बारे में बताने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से विभिन्न महापुरुषों की जन्मतिथि एवं पुण्यतिथि पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आगे ऐसे आयोजनों में विशेषज्ञ वक्ताओं के व्याख्यान और किसी खास विषय पर परिचर्चा भी आयोजित किए जाएंगे।

दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि जेपी ने संपूर्ण क्रांति के माध्यम से देश को नई दिशा देने की कोशिश की। उनके अधूरे सपनों को पूरा करने हेतु प्रयास करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि महापुरुषों को किसी जाति, धर्म या दल की परिधि में नहीं बांधा जाना चाहिए। हमारे समाज एवं राष्ट्र के




नवनिर्माण में जिन्होंने भी योगदान दिया है, हमें उन सबों का सम्मान करना चाहिए। अपने महापुरुषों की कमियों एवं कमजोरियों को लेकर व्यर्थ का विवाद खड़ा करना उचित नहीं है। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र ने कहा कि जेपी ने युवाओं के दम पर तानाशाही को उखाड़ फेंका।

बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. केके भारती ने कहा कि महाविद्यालय में एनएसएस की गतिविधियां लगातार हो रही हैं। इससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास हो रहा है।

इस अवसर पर शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान, कुमारी रंगीली, कुमारी बुलबुल, खुशबू कुमारी, मनीषा भारती, गिरिराज, सुमित कुमार, सूरज कुमार, सुमन, अंकित कुमार, भीष्म कुमार, राहुल कुमार, अभिषेक, नेहा कुमारी, अंजली कुमारी, अंजली कुमारी, ब्यूटी कुमारी, निशा कुमारी, रोशन कुमार, अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

## पनोरमा ई होम स्पोर्ट्स कंपलेक्स परिसर में प्रतियोगिता आज से, तैयारियां पूरी–संजीव मिश्रा

### *खिलाड़ियों में उत्साह देखने लायक पहली बार सभी विधाओं में बालिका वर्ग की टीम।*

### पनोरमा स्पोर्ट्स ने बनाया नया रिकार्ड अभी तक 89 टीमों ने प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी की है सुनिश्चित

समाज जागरण

पूर्णिया। पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता पनोरमा ई होम स्पोर्ट्स कंपलेक्स परिसर में आज से शुरू हो रही है। पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा व क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने बताया कि 09 अक्टूबर से शुरू हो रही पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक है। खासकर बालिका वर्ग के सभी विधाओं में खिलाड़ी गण भाग ले रही है। जो अपने आप में काबिले तारीफ है।आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने बताया कि पनोरमा ग्रुप के निदेशक श्री संजीव मिश्रा सर को तहे दिल शुक्रिया है जिन्होंने खिलाड़ियों के लिए बेहतर प्रदर्शन करने हेतु एक उचित स्थान व मंच दिया है।

प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग में खेली जा रही है। बैडमिंटन ,बास्केटबॉल, वॉलीबॉल एवं क्रिकेट के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूली,कॉलेज,क्लब एवं विभिन्न संस्थाओं के बच्चे भाग ले रहे हैं।

पनोरमा ग्रुप के निदेशक संजीव मिश्रा के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के युवा खिलाडियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल ,कॉलेज,क्लब एवं विभिन्न संस्थाओं की टीमों भाग दी गई है ।जिसकी पूरी कर ली गई है।

क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु विशेष आमंत्रित टीम इस प्रकार है



सामान्य प्रशासन इलेवन, पुलिस प्रशासन इलेवन, जनप्रतिनिधि महोदय इलेवन, डॉक्टर इलेवन, प्रेस मीडिया इलेवन, अधिवक्ता इलेवन, व्यवसायी इलेवन, बैंकर्स इलेवन, आकाशवाणी इलेवन, मारवाड़ी युवा मंच इलेवन, पूर्व व सिनियर क्रिकेटर इलेवन,एस एस बी इलेवन, आई टी बी टी इलेवन, एयर फोर्स इलेवन, भारतीय रेलवे इलेवन, आदि को विशेष रूप आमंत्रित की जा रही है। इसके अलावा भी कई संस्था भाग लेना चाहते हैं तो वह भी ले सकते है। कुछ टीमों ने अपनी सहमति दे दी है। शेष टीम का आना बाकी है।

## असम करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा मे दशभुजा संघ की दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां का विदाई दिया गया। सचिन्द्र शर्मा, करीमगंज, दैनिक समाज जागरणः हर बार की तरह दुल्लभछड़ा दशभुजा संघ द्वारा दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। शांतिपूर्वक संपन्न हुआ दुर्गा पूजा। दुल्लभछड़ा दशभुजा संघ की दुर्गा पूजा को अब पांच साल पूरे हो गए हैं। 6 अक्टूबर को रात 8 बजे दुल्लभछड़ा में पूरे वैदिक रीति से मूर्ति का अंतिम बिदाई किया गया। उसके बाद पुजारी रणधीर शर्मा चौधरी ने शांति मंत्र का पाठ किया। अंत में समिति के सदस्यों ने समापन बैठक की। इस बैठक में समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के सभी स्तरों के लोगों को दशभुजा संघ को पूर्ण समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया. समिति ने पहले दुल्लभछड़ा सरस्वती विद्यानिकेतन के अधिकारियों को लोगों को उनके मैदान में पूजा करने की अनुमति देने के लिए धन्यवाद दिया, फिर जिला प्रशासन और राताबाड़ी पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया, दुल्लभछड़ा बिजली विभाग को धन्यवाद दिया, करीमगंज के सांसद माननीय कृपानाथ माल्लाह महाशय को धन्यवाद दिया, राताबाड़ी के विधायक विजय मालाकार को धन्यवाद दिया, रामकृष्ण नगर के एसडीएम एवं एचओ डॉ. बिधान चंद्र बिस्वास को धन्यवाद दिया, और दुल्लभछड़ा जल आपूर्ति विभाग को धन्यवाद ज्ञापन किया , उन सभी ने दशभुजा संघ का पूरा समर्थन किया है, उनके समर्थन के बिना इतनी सुंदर मा कि पूजा पूरी नहीं हो सकती थी। हर बार की तरह नवमी पूजा के दिन भी लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। पूजा मैदान का आकार छोटा होने के कारण आगंतुकों को लंबे समय तक मंडप में रखना संभव नहीं था, इसलिए समिति के सभी सदस्य समिति की जानकारी के



# अति पावन व्रत करवा चौथ



प्रदीप यादव, प्रधानाध्यापक
बेसिक शिक्षा परिषद, बलिया

## ...काश पत्नी की सलामती के लिए भी कोई व्रत होता

पत्नियां पुत्र, पुत्री पति सहित पूरे परिवार के लिए व्रत रखती हैं। पति के दीघार्यु होने के लिए निर्जला व्रत करवा चौथ बहुत महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध है। पत्नी यदि पति के लिए इतना करती है तो पति को भी कुछ करना चाहिए। पति कितना करते हैं यह तो उनकी आत्मा ही बेहतर जानती है। मेरे दिल में तो अक्सर यह बात आती है कि पत्नी की सलामती के लिए कोई व्रत होना चाहिए। व्रत तो नहीं है पृ मैं हमेशा अपनी मैडम की सलामती के लिए परम पिता परमेश्वर से अपेक्षा करता हूं। करने की बात करुं तो मैडम की बात काटूं इतनी हिम्मत मुझमें वैसे है नहीं। उनके व्रतोंके दिन मैं सरकार से अवकाश लेकर घर पर ही रहता हूं और गृहस्थी के उनके कार्य भी कुशलता से करता हूं। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखता हूं। सब मिलाकर मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि पत्नी स्वस्थ और प्रसन्न रहे। और हर जन्म में मुझे पत्नी के तौर पर मिले।

**पत्नी करवा चौथ पर आपके लिए व्रत करती है। आप अपनी पत्नी के लिए क्या करतें हैं बताइए। समाज जागरण के इस कालम के लिए आप अपना स्नेह समर्पण हमें 150 शब्दों में पत्नी और अपनी तस्वीर के साथ भेंजे। हम प्रकाशित करेंगे**

**7489697916 ojha.jagran@gmail.com**

# समाज जागरण की ओर से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं



# नए भारत की बदलती तस्वीर

## रक्षा उपकरणों में आत्मनिर्भर भारत युद्ध शस्त्रों का बड़ा निर्यातक भी

भारत वैश्विक स्तर पर युद्ध के शस्त्रों का बड़ा निर्यातक देश होने जा रहा है। रक्षा विश्लेषकों का कहना है कि भारत विश्व के लगभग 80 देशों को सामरिक अस्त्र भेजने की तैयारी में है ।पहले भारत दूसरे देशों के अस्त्र तथा शास्त्र का बड़ा खरीददार हुआ करता था।पूर्व में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस तथा इसराइल जैसे देशों से रक्षा उपकरणों की खरीदी कर अपने सैन्य बल को मजबूत रखने की कोशिश करता था।यहां तक कि भारत के रक्षा सौदा परंपरागत दुश्मन,चीन से भी कई बार हुए हैं। किंतु चीन की प्राथमिकता हमेशा पाकिस्तान ही रही है। ऐसे में भारत ने यूरोपीय देशों पर ज्यादा भरोसा कर यूरोप तथा अमेरिका, इसके अलावा रूस से भी रक्षा सौदे किए एवं बड़ी मात्रा में लड़ाकू विमान तथा टैंक खरीदता रहा है।पर धीरे-धीरे हिंदुस्तान ने आत्मनिर्भरता हासिल करने का प्रयास किया और भारत की रक्षा एजेंसी डी.आर.डी.ओ.यानी ( डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑगेनाईजेशन )ने अनथक प्रयास कर, भारत को रक्षा उपकरणों का निर्यातक देश बनाने का काम किया है, उदाहरण के तौर पर भारत कई देशों में अपने महत्वपूर्ण मिसाइल ब्रम्होस मिसाइल निर्यात करने की स्थिति में आ गया है। उनमें महत्वपूर्ण देश इंडोनेशिया, फिलीपींस, वियतनाम तथा अन्य देश शामिल हैं। इन्हें वह उपरोक्त मिसाइल निर्यात शीघ्रता शीघ्र करेगा। वैसे तो भारत ने कूटनीति के तहत अमेरिका, इजराइल,फ्रॉस, ब्रिटेन, रूस के साथ अन्य यूरोपीय देशों से अरबों रुपए के सामरिक सौदे किए हैं। इनके अलावा सऊदी अरब संयुक्त अरब,अमीरात तथा दक्षिण अफ्रीका के देश शामिल हैं। भारत ने रूस के साथ समझौता कर कई युद्ध के उपकरणों को बनाने में भारी सफलता पाई है, उनमें से प्रमुख 290 किलोमीटर रेंज वाली ब्रह्मोस मिसाइल अत्याधुनिक मिसाइलों में गिनी जाती है। एवं निकट भविष्य में इसका निर्यात रूस की सहमति के साथ फिलिपिंस को किया जाना है ।यह मिसाइल एक क्रूज मिसाइल है, जिसको थल,वायु जल सेना में एक साथ उपयोग किया जा सकता है,इसके निर्यात के साथ ही भारत शस्त्र का बड़ा निर्यातक देश बनने की दिशा में कदम रखेगा, एवं बड़ा निर्यातक देश बन जाएगा। इसी तरह आकाश मिसाइल भी बड़ी मारक मिसाइल है जो हवा में 25 किलोमीटर रेंज में मारक क्षमता रखता है, एवम इस रेंज में आए किसी भी हवाई जहाज अथवा ड्रोन जहाज को नष्ट करने की क्षमता रखता है। विश्लेषकों के अनुसार दक्षिण पूर्व एशियाई के देशों जैसे बहरीन,सऊदी अरब, मिश्र,अल्जीरिया,संयुक्त अरब अमीरात,भी इसको खरीदने की योजना बना रहे हैं। भारत की रक्षा उपकरणों के बनाने में धीरे-धीरे आत्मनिर्भरता बढ़ती जा रही है, इसके पहले भारत अमेरिका तथा फ्रांस से सऊदी अरब के बाद सबसे बड़ा आयात करने वाला देश रहा है। किंतु 1998 के बाद से रूस के साथ सुरक्षा उपकरण बनाने की सैन्य संधि के बाद भारत में अनेक टैंक मिसाइल तथा लड़ाकू विमान बनाना शुरू कर बड़ी सफलता प्राप्त की है। भारत पहले परंपरागत अमेरिका तथा रूस से ही रक्षा उपकरण आयात किया करता था ।किंतु धीरे धीरे उसने इसराइल फ्रांस से रक्षा सौदे के तहत सामरिक हथियार खरीदे हैं ।भारत की रक्षा एजेंसियों द्वारा भारत को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में जिन देशों से आयात करता था उनसे रक्षा सौदों के तहत औजार बनाने की तकनीक को भी अनुबंध के तहत सीख कर मिसाइल एतथा टैंक एवं युद्धपोत बनाने प्रयास शुरू किये है। और उसे सफलता भी बहुत जल्द प्राप्त हुई। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में कई देशों से उन्होंने गठबंधन कर यह प्रयास किया है, कि उनके कूटनीतिक संबंध भी चीन तथा पाकिस्तान के विरुद्ध मजबूत हो सके और युद्ध की स्थिति में वे भारत का साथ देने की स्थिति में रहे। आज भारत को आत्मनिर्भर रहने के लिए स्वयं की रक्षा के उपकरणों का निर्माण स्वदेशी स्तर पर किया जाना होगा।



**संजीव ठाकुर, स्वतंत्र लेखक रायपुर छत्तीसगढ़**

# शरद पूर्णिमा

**शरद पूर्णिमा** आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को कहते हैं। इसे 'रास पूर्णिमा' भी कहते हैं। ज्योतिष विज्ञान की मान्यता है कि संपूर्ण वर्ष में केवल इसी दिन चंद्रमा षोडश कलाओं का होता है। धर्मशास्त्रों में इस दिन 'कोजागर व्रत' माना गया है। इसी को 'कौमुदी व्रत' भी कहते हैं। रासोत्सव का यह दिन वास्तव में भगवान कृष्ण ने जगत की भलाई के लिए निर्धारित किया है, क्योंकि कहा जाता है इस रात्रि को चंद्रमा की किरणों से सुधा झरती है। इस दिन श्रीकृष्ण को 'कार्तिक स्नान' करते समय स्वयं (कृष्ण) को पति रूप में प्राप्त करने की कामना से देवी पूजन करने वाली कुमारियों को चीर हरण के अवसर पर दिए वरदान की याद आई थी और उन्होंने मुरली वादन करके यमुना के तट पर गोपियों के संग रास रचाया था। इस दिन मंदिरों में विशेष सेवा-पूजन किया जाता है।

धार्मिक मान्यता

शरद पूर्णिमा से ही स्नान और व्रत प्रारम्भ हो जाता है। माताएं अपनी संतान की मंगल कामना से देवी-देवताओं का पूजन करती हैं। इस दिन चंद्रमा पृथ्वी के अत्यंत समीप आ जाता है। कार्तिक का व्रत भी शरद पूर्णिमा से ही प्रारम्भ होता है। विवाह होने के बाद पूर्णिमा (पूर्णमासी) के व्रत का नियम शरद पूर्णिमा से लेना चाहिए। शरद ऋतु में मौसम एकदम साफ रहता है। इस दिन आकाश में न तो बादल होते हैं और न ही धूल-गुबार। इस रात्रि में भ्रमण और चंद्रकिरणों का शरीर पर पड़ना बहुत ही



शुभ माना जाता है। प्रति पूर्णिमा को व्रत करने वाले इस दिन भी चंद्रमा का पूजन करके भोजन करते हैं। इस दिन शिव-पार्वती और कार्तिकेय की भी पूजा की जाती है। यही पूर्णिमा कार्तिक स्नान के साथ, राधा-दामोदर पूजन व्रत धारण करने का भी दिन है।

कैसे मनाएँ

इस दिन प्रातः काल स्नान करके आराध्य देव को सुंदर वस्त्राभूषणों से सुशोभित कर-के आवाहन, आसान, आचमन, वस्त्र, गंध, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, ताम्बूल, सुपारी, दक्षिणा आदि से उनका पूजन करना चाहिए।

रात्रि के समय गौदुग्ध (गाय के दूध) से बनी खीर में घी तथा चीनी मिलाकर अर्द्धरात्रि के समय भगवान को अर्पण (भोग लगाना) करना चाहिए।

पूर्ण चंद्रमा के आकाश के मध्य स्थित होने पर उनका पूजन करें तथा खीर का नैवेद्य अर्पण करके, रात को खीर से भरा बर्तन खुली चांदनी में रखकर दूसरे दिन उसका भोजन करें तथा सबको उसका प्रसाद दें।

पूर्णिमा का व्रत करके कथा सुननी चाहिए। कथा सुनने से पहले एक लोटे में जल तथा गिलास में गेहूं, पत्ते के दोनों में रोली तथा चावल रखकर कलश की वंदना करके दक्षिणा चढ़ाएँ। फिर तिलक करने के बाद गेहूं के 13 दाने हाथ में लेकर कथा सुनें। फिर गेहूं के गिलास पर हाथ फेरकर मिश्राणी के पांव स्पर्श करके गेहूं का गिलास उन्हें दे दें। लोटे के जल का रात को चंद्रमा को अर्ध्य दें।

शरद पूर्णिमा की कथा

एक साहूकार की दो पुत्रियां थीं। वे दोनों पूर्णमासी का व्रत करती थीं। बड़ी बहन तो पूरा व्रत करती थी पर छोटी बहन अधूरा। छोटी बहन के जो भी संतान होती, वह जन्म लेते ही मर जाती। परन्तु बड़ी बहन की सारी संतानें जीवित रहतीं। एक दिन छोटी बहन ने बड़े-बड़े पण्डितों को बुलाकर अपना दुःख बताया तथा उनसे कारण पूछा। पण्डितों ने बताया- 'तुम पूर्णिमा का अधूरा व्रत करती हो, इसीलिए तुम्हारी संतानों की अकाल मृत्यु हो जाती है। पूर्णिमा का विधिपूर्वक पूर्ण व्रत करने से तुम्हारी संतानें जीवित रहेंगी।' तब उसने पण्डितों की आज्ञा मानकर विधि-विधान से पूर्णमासी का व्रत किया। कुछ समय बाद उसके लड़का हुआ, लेकिन वह भी शीघ्र ही मर गया। तब उसने लड़के को पीढ़े पर लेटाकर उसके ऊपर कपड़ा ढक दिया। फिर उसने अपनी बड़ी बहन को बुलाया और उसे वही पीढ़ा बैठने को दे दिया। जब बड़ी बहन बैठने लगी तो उसके वस्त्र बच्चे से छूते ही लड़का जीवित होकर रोने लगा। तब क्रोधित होकर बड़ी बहन बोली- 'तू मुझ पर कलंक लगाना चाहती थी। यदि मैं बैठ जाती तो लड़का मर जाता।' तब छोटी बहन बोली- 'यह तो पहले से ही मरा हुआ था। तेरे भाग्य से जीवित हुआ है। हम दोनों बहनें पूर्णिमा का व्रत करती हैं तू पूरा करती है और मैं अधूरा, जिसके दोष से मेरी संतानें मर जाती हैं। लेकिन तेरे पुण्य से यह बालक जीवित हुआ है।' इसके बाद उसने पूरे नगर में ढिंढोरा पिटवा दिया कि आज से सभी पूर्णिमा का पूरा व्रत करें, यह संतान सुख देने वाला है।

# विश्व डाक दिवस

**विश्व डाक दिवस** प्रत्येक वर्ष 9 अक्टूबर को मनाया जाता है। डाक सेवाओं की उपयोगिता और इसकी संभावनाओं को देखते हुए ही हर वर्ष 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की ओर से मनाया जाता है। विश्व डाक दिवस का उद्देश्य ग्राहकों के बीच डाक विभाग के उत्पाद के बारे में जानकारी देना, उन्हें जागरूक करना और डाकघरों के बीच सामंजस्य स्थापित करना है।

**इतिहास**

सभी देशों के बीच पत्रों का आवागमन सहज रूप से हो सके, इसे ध्यान में रखते हुए 9 अक्टूबर, 1874 को जनरल पोस्टल यूनियन के गठन हेतु बर्न, स्विटजरलैंड में 22 देशों ने एक संधि पर हस्ताक्षर किया था। इसी वजह से बाद में 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस के रूप में मनाना शुरू किया गया। यह संधि 1 जुलाई, 1875 को अस्तित्व में आई। 1 अप्रैल, 1879 को जनरल पोस्टल यूनियन का नाम बदलकर यूनीवर्सल पोस्टल यूनियन सार्वभौमिक डाक संघ या यूपीयू) कर दिया गया। यूपीयू की स्थापना वैश्विक संचार क्रांति की शुरूआत थी। डाकघर ने दुनिया के एक जगह के लोगों को दूसरे जगह रहने वाले लोगों से संप्रेषण का माध्यम उपलब्ध कराया। वर्ष 1969 में जापान के टोकियो में 9 अक्टूबर को विश्व डाकघर दिवस घोषित किया गया। तब दुनिया भर में डाक सेवाओं के योगदान को रेखांकित करने के लिए हर वर्ष इस दिन विश्व डाकघर दिवस मनाया जाता है। यह दिन अंतर्राष्ट्रीय पत्रों के पूरे विश्व में मुक्त प्रवाह के लिए मार्ग प्रशस्त करने का एक प्रयास है।[1]

**भारत में डाक सेवा**

1 जुलाई, 1876 को भारत यूनीवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बना। सदस्यता लेने वाला भारत प्रथम एशियाई देश था। भारत में डाक सेवाओं का इतिहास बहुत पुराना है। भारत में एक विभाग के रूप में इसकी स्थापना 1 अक्तूबर, 1854 को लार्ड डलहौजी के काल में हुई। डाकघरों में बुनियादी डाक सेवाओं के अतिरिक्त बैंकिंग, वित्तीय व बीमा सेवाएं भी उपलब्ध हैं। एक तरफ जहां डाक-विभाग सार्वभौमिक सेवा दायित्व के तहत सब्सिडी आधारित विभिन्न डाक सेवाएं देता है वहीं दूसरी तरफ पहाड़ी, जनजातीय व दूरस्थ अंडमान व निकोबार द्वीप समूह जैसे क्षेत्रों में भी उसी दर पर डाक सेवाएं उपलब्ध करा रहा है।

**राष्ट्रीय डाक सप्ताह**

भारतीय डाक विभाग के अनुसार 9 से 14 अक्टूबर के बीच विश्व डाक सप्ताह मनाया जाता है। राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाने का उद्देश्य आम जन को भारतीय डाक विभाग के योगदान से अवगत कराना है। सप्ताह के हर दिन अलग-अलग दिवस मनाये जाते हैं। 10 अक्टूबर को सेविंग बैंक दिवस, 11 अक्टूबर को मेल दिवस, 12 अक्टूबर को डाक टिकट संग्रह दिवस, 13 अक्टूबर को व्यापार दिवस तथा 14 अक्टूबर को बीमा दिवस मनाया जाता है। सेविंग दिवस पर ग्राहकों को डाक बचत योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाती है। ग्राहकों को बताया जाता है कि कौन सी बचत योजना लाभदायक है। डाक सप्ताह दिवस का उद्देश्य ग्राहकों के बीच डाक विभाग के उत्पाद के बारे में जानकारी देना, उन्हें जागरूक करना और डाकघरों के बीच सामंजस्य स्थापित करना है। डाक दिवस पर बेहतर काम करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया जाता है।

# राशि फल

## आपको आपके आने वाले कल के बारे में एक सटीक झलक और ज्योतिषीय मार्गदर्शन प्रदान करता है।

**9 अक्टूबर 2022 राशिफलः किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की योजना हो सकती है. सत्संग का लाभ मिलेगा. पारिवारिक सहयोग मिलेगा. घर-बाहर सुख-शांति रहेगी. किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगी.**

मेष राशि कार्यस्थल पर नवीन समीकरणों के चलते आप पूरे समय व्यस्त रहेंगे. कुछ रुकी हुई परियोजनाएं अब प्रगति करेंगी. नौकरीपेशा जातकों को प्रमोशन मिल सकता है तथा इच्छित स्थान पर स्थानांतरण भी संभव है. व्यावसायी विकास की योगनाओं को नया रूप प्रदान कर सकते हैं. वित्तीय स्थिति में भी सुधार होगा और आप संपत्ति या वाहन में निवेश कर सकते हैं. यदि आप राजनीतिक क्षेत्र में हैं, तो आपके काम की प्रशंसा होगी. आप संतुष्ट रहेंगे और शादी या जन्म जैसे खुशी के मौके को परिवार में मनाया जा सकता है.

वृषभ राशि / वृष राशि आज आपकी नये कार्यों में रूचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सिखने को मिलेगा. आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा. परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा. बच्चों के साथ किसी पार्क में घूमने जायेंगे. धन लाभ के बड़े अवसर आपको मिलेंगे. कोई खास काम आपके पूरे होंगे. आज भाग्य का पूरा-पूरा साथ मिलेगा.आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है. आज पुराने दोस्तों से मिलने का मौका मिलेगा और उनके साथ घूमने भी जा सकते हैं. ब्राहमण को कुछ दान करें, संतान का सहयोग मिलता रहेगा.

मिथुन राशि आज मित्र के साथ कहीं घुमने जाने का अवसर आपको मिलेगा. जीवनसाथी से सोच-समझकर मजाक करें. कठिनाइयां समाप्त होंगी और रुके हुए कार्य गतिशील होंगे. वित्तीय मामलों में आपके लिए व्यवस्थित काम करना फायदेमंद और लाभकारी होगा. रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा तथा इन्वेस्ट किए गए धन से आपको अचानक फायदा हो सकता है. बदलते मौसम का लुफ्त उठायेगें. आज किसी पुराने दोस्त से आपकी मुलाकात होगी.




कर्क राशि आप खुश और हंसमुख रहेंगे. आपके पास कई नए अवसर होंगे. आपका करियर और आपकी वित्तीय स्थिति में भी काफी सुधार होगा. प्रेमियों के लिए सुखद समय रहेगा. आप महत्वपूर्ण लोगों के साथ नए संबंध स्थापित करेंगें. आपका पारिवारिक जीवन खुशहाल और आनंदमय रहेगा. आपका स्वास्थ्य शुभ रहेगा. निवेश प्रयासों के लिए दिन परिपक्व है, जो आपकी आर्थिक स्थिति को बेहतरी की ओर ले जाएगा.

सिंह राशि आज किसी शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है. इस राशि के स्टूडेंट्स अपने पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं,जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद हो सकती है. ऑफिस का माहौल थोड़ा अलग हो सकता है,जिससे आपको थोड़ी परेशानी महसूस हो सकती है. आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है. जंक-फूड खाने से आपको बचना चाहिए. आज आर्थिक लाभ के लिए आपको यात्रा करनी पड़ सकती है. इस राशि के छोटे बच्चों को पिता से कोई अच्छा-सा गिफ्ट मिल सकता है. शाम को घर वालों के साथ कहीं घूमने का प्लानिंग बना सकते हैं. अपने मस्तक पर केसर का तिलक लगाएं, आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा.

कन्या राशि आज आपकी आमदनी के स्त्रोतों में इजाफा होता नजर आ रहा है. मामलों को सुलझाने की कोशिश में योजनाओं और मनोभावों में बदलाव आ सकता है. प्रतिद्वंद्वी आपको नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे और आपको अपने कार्य में प्रगति करने के अवसर मिलेंगे. पारिवारिक माहौल सौहार्दपूर्ण होगा. माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं. धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है. गौ माता की सेवा करें. कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी.

तुला राशि आपकी मां की स्वास्थ्य स्थिति आपको चिंतित रखेगी और आपके बच्चों का स्वास्थ्य भी खराब हो सकता है, परंतु भौतिक समृद्धि की स्थिति बहुत फायदेमंद होगी और आपको विभिन्न स्त्रोतों से लाभ होगा. आपके कुछ शत्रु मित्र के रूप में आपको घेरे में रख सकते हैं, लेकिन आप उन्हें नियंत्रित करने में सक्षम होंगे. आपके पेशेवर क्षेत्र में आपको प्रशंसा मिलेगी और सामाजिक रूप से आप अधिक लोकप्रिय हो जाएंगे. आपके पास नए अधिग्रहण हो सकते हैं जो आपको खुश करेंगे.

वृश्चिक राशि आज आपकी इच्छाओं की पूर्ति हो सकती है. बिजनेस के सिलसिले में आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है. आपकी यात्रा सुखद रहेगी. संतान पक्ष से सुख की अनुभूति हो सकती है,जिससे आपकी खुशियों में इजाफा होगा. ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिल सकता है,जिसे पूरा करने पर फायदा होगा. स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा. आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता रहेगी. परिवार में सुखद वातावरण का महौल रहेगा. कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों का दिन शानदार रहेगा. सेहत पहले की अपेक्षा अच्छी रहेगी. मंदिर में लड्डू का प्रसाद चढ़ाए, आपकी सभी मनोकामना पूरी होगी.

धनु राशि आज हर किसी से प्रेम भाव से बातचीत करने की आवश्यकता है. माँ के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती हैं. मित्रों के साथ यात्रा पर जाना हो सकता है. आपके परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा. कई स्त्रोतों से आपके पास धन आएगा. आपका व्यवहार कई बार नियंत्रण से बाहर भी हो सकता है. आपकी महत्वाकांक्षा कुछ ज्यादा ही हो सकती है. आज आप ऐसे कई काम निपटा सकते हैं, जिनकी अनदेखी आप काफी समय से करते आ रहे हैं.

मकर राशि आज आपको विभिन्न स्तरों पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा. इस समय शांत और सकारात्मक रहना महत्वपूर्ण है. टकराव से बचें. उचित विचार के बाद वित्तीय निर्णय लें. छात्र सफलता प्राप्त करेंगे. दोस्तों की मदद से कोई पुराना ऋण वापिस मिल सकता है. आज आपको अपने पारि-वारिक सदस्यों के साथ अच्छा तालमेल रखने की आवश्यकता पड़ सकती है. कुछ के जीवन में प्रेम प्रवेश कर सकता है. मानसि-क अशांति स्वास्थ्य संबंधित विकारों का कारण बन सकती है.

कुंभ राशि आज परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा. आज आपके कुछ मित्र मददगार साबित होंगे. ऑफिस में आपके काम की प्रशंसा होगी. आपको अचानक धन लाभ होगा. माता-पिता का स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा. आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी. दाम्पत्य संबंध मधुरता से भरपूर रहेगा. छात्रों के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा. व्यापार में अचानक से धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा. अपने इष्टदेव को फूल अर्पित करें,दोस्तों के साथ संबंध बेहतर होंगे.

मीन राशि आज जीवनसाथी के साथ संबंधों में सुधार होगा. बचत योजनाओं में निवेश करने के लिए यह एक अच्छा समय है. छोटी-मोटी बातों को लेकर विवाद टालें. पति-पत्नि के बीच अच्छा तालमेल रहेगा. अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी. परिवार का सहयोग मिलेगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. नौकरी और करियर में कुछ अच्छे मौके आपको मिल सकते हैं. आज वाहन चलाते समय लापरवाही न बरतें. विवाह संबंधी चर्चा हो सकता है. किसी सकारात्मक व्यक्ति से आपकी लंबी बात होगी.

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## संक्षिप्त न्यूज

### शरद पूर्णिमा की खीर का महत्व

(अनिल शास्त्री व हरेश उपाध्याय) जयपुर व दिल्ली:-मेरे मतानुसार,जल्दी सुबह और देर रात्रि में,सर्दी के शुरूआत की सूचना देने का काम शरद पूर्णिमा करती है।किंतु धार्मिक दृष्टि से शरद पूर्णिमा के दिन का बहुत महत्व है। यह दिन स्वास्थ्य, धन, संपदा, शुभ कार्य, धार्मिक भावना सहित अन्य रूप से शुभ दिवस होता है। इसी दिन को कोजागरी पूर्णिमा और रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। कहा जाता है कि आश्विन शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली इस पूर्णिमा के दिन अमृत की वर्षा होती है। इस दिन चंद्रमा हल्के नीले रंग का दिखाई देता है।इस दिन रात को खीर बनाकर चंद्रमा को खीर में देखा जाता है और फिर उसका सुबह में सेवन किया जाता है। इसका सेवन करने से कई प्रकार के रोगों से निजात मिलती है या रोगों का असर कम होता है। विद्वानों की मानें तो इस दिन चंद्रमा 16 कलाओं का होता है और इससे निकलने वाली किरणें अमृत समान मानी जाती है। इसलिए खीर में चंद्रमा की किरणें पड़ने से यह कई गुना लाभकारी हो जाती है। अतः दूध या खीर को चंद्रमा के प्रकाश में रखकर इसका सेवन किया जाता है।

इस संबंध में यह भी माना जाता है कि किसी दिव्य औषधि को खीर में मिलाकर शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों में रखने से उसके औषधीय गुण तो कई गुना बढ़ ही जाते हैं, इसके अलावा दूध में भरपूर मात्रा में पाया जाने वाला लैक्टिक एसिड, चांद की किरणों से मिलने वाला अमृत तत्व तथा चावलों में पाए जाने वाला स्टार्च के कारण यह खीर शरीर के लिए काफी फायदेमंद होती है। चांदी के बर्तन में रोग-प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है।अतः यदि खीर को चांदी के बर्तन में भरकर शरद पूर्णिमा की रात बाहर खुले आसमान में रखा जाए तो वो और भी अधिक लाभदायी होती है। शरद पूर्णिमा से दीपावली तक त्योहारी सीजन शुरू हो जाता है।

## टीचर्स ऑफ बिहार के द्वारा साइबर सुरक्षा और जागरूकता विषय पर आयोजित "लेट्स टॉक" में शामिल हुए साइबर क्राइम एवं आर्थिक अपराध इकाई बिहार के पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार।

गृह मंत्रालय एवं स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय के द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में समन्वित और व्यापक तरीके से साइबर अपराधों से निपटने के लिए "भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ('4उ)" योजना को लागू कर रहा है। इसको लेकर स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए साइबर जागरूकता दिवस 6 अक्टूबर से हर महीने के पहले बुधवार को सभी स्कूल, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में मनाया जाना प्रस्तावित है। सीआईईटी एवं एनसीईआरटी ने भी छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए साइबर सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया है। इसके लिए एससीईआरटी पटना के द्वारा सभी जिलों को इससे संबंधित पत्र प्रेषित किया गया है। इसके अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार ने साइबर जागरूकता अभियान के रूप में 'साइबर मंत्र'- साइबर शिक्षा से साइबर सुरक्षा नाम से मुहिम की शुरूआत की है। इसी क्रम में शनिवार को साइबर सुरक्षा और जागरूकता विषय पर टीचर्स ऑफ बिहार के द्वारा आयोजित "लेट्स टॉक" में साइबर क्राइम एवं आर्थिक अपराध इकाई बिहार के पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार (आईपीएस) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस लेट्स टॉक को मॉडरेट करते हुए भागलपुर जिले की शिक्षक नम्रता मिश्रा ने मुख्य अतिथि से साइबर सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे जिसका बारी-बारी से उन्होंने उचित जवाब दिया। साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने कहा कि साइबर सुरक्षा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग है। यह केवल जानकारी को सुरक्षित रखने के बारे में ही नहीं है बल्कि उस जानकारी के प्रति जिम्मेदार होने, ऑनलाइन अन्य लोगों का सम्मान करने और अच्छे नेटिकेट (इंटरनेट शिष्टाचार) का व्यवहार करने के बारे में भी है। उन्होंने कहा कि भारत इंटरनेट का तीसरा सबसे बड़ा उपयोग कर्ता है। वर्तमान में इंटरनेट हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। यह हमारे दैनिक जीवन की अधिकांश पहलुओं को प्रभावित कर रहा है। इसलिए इंटरनेट का समुचित प्रयोग करना इंटरनेट उपभोक्ताओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। साइबर अपराध को रोकने के लिए साइबर सुरक्षा की जानकारी यदि हो तो हम साइबर अपराध की रोकथाम कर सकते हैं।

उन्होंने साइबर अपराध की रोकथाम से संबंधित दर्शकों के सवालों का जवाब देने के क्रम में बताया कि हमें मुफ्त में उपलब्ध सॉफ्टवेयर से सावधान रहना चाहिए। हमें संवेदनशील आंकड़ों या सूचनाओं को साझा करते समय हमेशा सुरक्षित वेबसाइट का प्रयोग करना चाहिए। सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म पर किसी भी व्यक्ति से बातचीत करते समय उसकी प्रामाणिकता की जांच करना चाहिए। अपना ओटीपी, बैंक खाता विवरणी




कभी भी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करना चाहिए। हमें लुभावने ईमेल स्कैन से बचना चाहिए। स्पैम संदेशों में उपलब्ध लिंक को नहीं खोलना चाहिए। किसी अज्ञात स्रोत से प्राप्त ईमेल संलग्न ऐप डाउनलोड नहीं करना चाहिए। किसी भी महत्वपूर्ण संचार साधन या लेनदेन के लिए सार्वजनिक कंप्यूटर अथवा नेटवर्क का उपयोग नहीं करना चाहिए। अपने मोबाइल उपकरणों में मीडिया फाइलों के स्वतंत्र लोड विकल्प को निष्क्रिय रखना चाहिए। अपने कंप्यूटर में किसी अपरिचित यूएसबी उपकरण को नहीं लगाना चाहिए। अपना कंप्यूटर छोड़ने से पहले हमें लॉगआउट करना चाहिए। अपने मोबाइल उपकरणों को कभी भी अपरिचित व्यक्तियों के साथ साझा नहीं करना चाहिए। एक मजबूत पासवर्ड के साथ अपने कंप्यूटर और नेटवर्क को सुरक्षित रखना चाहिए। सुरक्षित संचार के लिए हमेशा समूह के बजाय एकल व्यक्ति को ईमेल भेजना चाहिए। इंटरनेट का उपयोग करते समय हमेशा साइबर सुरक्षा प्रथाओं और सुरक्षा नैतिकता का पालन करना चाहिए। सार्वजनिक कंप्यूटर या नेटवर्क का उपयोग करते समय पासवर्ड या दस्तावेजों की अन्य संवेदनशील जानकारी को कभी भी संशोधित नहीं करना चाहिए। अवांछित ईमेल संदेशों और कॉल्स पर संदेहात्मक व्यवहार अपनाना चाहिए। इंटरनेट पर कभी भी किसी के साथ व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करना चाहिए। अज्ञात व्यक्तियों से चैट सत्रों के माध्यम से कभी भी फाइलें डाउनलोड नहीं करना चाहिए। इंटरनेट पर आगे बढ़ने के लिए एक्सेप्ट पर क्लिक करने से पहले हमेशा नियम और शर्तें ध्यान से पढ़ना चाहिए। उपहार देने का वादा करने वाले मुफ्त ऑनलाइन ऑफर से भी हमें सावधान रहना चाहिए एवं अपने पुराने पासवर्ड का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

उक्त जानकारी टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय ठाकुर ने संयुक्त रूप से दी।

## 1100 जगह पर छठ पूजा के लिए,दिल्ली सरकार ने 25 करोड़ रुपए दिए

(हरेश उपाध्याय):-नई दिल्लीः दिल्ली के राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने आज दिल्ली में छठ पूजा आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में बुराड़ी के विधायक संजीव झा, डिविजनल कमिश्नर और दिल्ली के सभी जिलाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान राजस्व मंत्री ने विभाग को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिल्ली में छठ पूजा समारोह के सभी 1100 स्थलों पर सुचारु प्रबंधन और आयोजन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।दिल्ली में छठ पूजा प्रबंधन और सुरक्षित आयोजन की जिम्मेदारी राजस्व विभाग की है। राजस्व विभाग सभी 1100 पूजा स्थलों पर टेंट, कुर्सी, टेबल लाइटिंग, साउंड सिस्टम, सीसीटीवी, एलईडी स्क्रीन और पावर बैकअप आदि जैसी जरूरतों को पूरा करेगा। इसके अलावा राजस्व विभाग दिल्ली सरकार के अन्य विभागों के साथ समन्वय कर आवश्यक जरूरतों को भी पूरा करेगा। राजस्व विभाग, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग और दिल्ली जल बोर्ड के साथ समन्वय करके स्वच्छ पानी की व्यवस्था करेगा




और साथ ही स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय करके प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं और एम्बुलेंस की तैनाती भी सुनिश्चित करेगा।मोबाइल शौचालय वेन के लिए डूसिब और सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस और सिविल डिफेंस वालंटियर्स, यातायात पुलिस,एमसीडी, एनडीएमसी को दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे।दिल्ली के राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हम दिल्ली में छठ पूजा का भव्य उत्सव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस वर्ष छठ पूजा का आयोजन अभूतपूर्व होगाऔर हम पूरी दिल्ली में छठ पूजा के सुरक्षित तरीके से सुचारु आयोजन सुनिश्चित करने के लिए उचित व्यवस्था के साथ तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा कि छठ पूजा की लोकप्रियता पूरी दुनिया में विशेष रुप से दिल्ली में काफी बढ़ी है। केजरीवाल सरकार सभी श्रद्धालुओं के लिए उत्तम प्रबंध करेगी।जिससे छठ व्रतियों को कोई कठिनाई न हो।पिछले सात वर्षों में हमने छठ पूजा स्थलों की संख्या 15 गुना बढ़ाकर 2014 में 69 से इस वर्ष 1100 और बजट 10 गुना बढ़ाकर 2014 में 2.5 करोड़ से इस वर्ष लगभग 25 करोड़ किया है।यह सब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के छठ पूजा के प्रति असीम श्रद्धा और प्रतिबद्धता के कारण संभव हुआ है।

## 10वीं एवं 12वीं के मेधावी व टॉपर छात्र/छात्राएं सम्मानित हुईं।

(हरेश उपाध्याय) आगराः-आज युवा उप्रेती ब्राह्मण महासभा द्वारा उप्रेती ब्राह्मण समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह किया गया।स्थान- द स्काई हाल जेमिनी प्लाजा, नियर कारगिल पैट्रॉल पम्प चौराहा आगरा में,अध्यक्ष डॉ प्रदीप उप्रेती की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री जी भागवत गौ सेवा ट्रस्ट वृन्दावन के संस्थापक/अध्यक्ष ज्योतिष भूषण आचार्य पं.अश्वनीकृष्ण जी विशिष्ट अतिथि रहें।पं विनीत द्विवेदी एवं महासभा के मुख्य मार्गदर्शक/संरक्षक पं हाकिम उप्रेती जी ने भगवान परशुराम जी की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उक्त कार्यक्रम में कक्षा 10 के 30 छात्र/छात्रायें तथा कक्षा 12 के 26 मेधावी क्षात्रों को महासभा द्वारा माला प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के बच्चों, महिलाओं एवं विप्र बंधुओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर महासभा के महासचिव हरेन्द्र उप्रेती, उपाध्यक्ष गुरुदत्त उप्रेती, संगठन सचिव भूपेंद्र उप्रेती, सचिव कान्ता प्रसाद उप्रेती, कोषाध्यक्ष रविन्द्र दत्त उप्रेती, सह कोषाध्यक्ष रामकुमार उप्रेती, लेखा निरीक्षक मोहित उप्रेती प्रवक्ता रोहित उप्रेती, कोमल उप्रेती, उमेश चंद उप्रेती आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम की व्यवस्था महेश चंद उप्रेती तथा संचालन भूपेंद्र उप्रेती व कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी लोकेश उप्रेती ने दी।



## थाना समाधान दिवस मैं फरियादियों का रहा टोटा पहुंचे सिर्फ पांच फरियादी।

**दैनिक समाज जागरण**
**विजेंद्र सिंह गुन्नौर**


तहसील गुन्नौर के थाना कोतवाली गुन्नौर परिसर में शनिवार को गुन्नौर के क्षेत्राधिकारी आलोक सिद्धू एवं



प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पाल सिंह पूनिया की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। लगातार हो रही बरसात के चलते समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या कम रही। क्षेत्र से राजस्व विभाग से संबंधित शिकायत लेकर सिर्फ 5 फरियादी ही पहुंचे। क्षेत्राधिकारी ने शिकायत से संबंधित राजस्व विभाग के कर्मचारियों को जल्द निस्तारण कराने का निर्देश दिया है। इस मौके पर उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा, उप निरीक्षक रेनू राठी, बबराला चौकी प्रभारी कालेंद्र सिंह, एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## दिवंगत मनीष के घर सुंदर नगरी पहुंचे सांसद मनोज तिवारी ₹100000 की अंतरिम सहायता दी

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः- भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने आज विगत दिनों जघन्य हत्याकांड के शिकार हुए मनीष के परिजनों से सुंदर नगरी स्थित उनके घर जाकर मुलाकात की व परिजनों को सांत्वना के साथ-साथ अंतरिम सहायता के रूप में ड्ट100000 का चेक दिया और परिवार को अपने पैरों पर खड़े करने के लिए एक सदस्य को नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। हमारे वरिष्ठ संवाददाता नीरज अवस्थी ने बताया कि सांसद मनोज तिवारी ने परिजनों को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह कानूनी मदद करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मोहन गोयल, विनोद कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।परिजनों की आपबीती सुनने और क्षेत्रीय लोगों से बात करने के बाद सांसद मनोज तिवारी ने उपस्थित पत्रकारों को बताया कि हृदय विदारक एवं जघन्य हत्या से मैं स्तब्ध हूं और स्थानीय लोगों द्वारा जो जानकारी मिली है,वह मन को और दुखी करने वाली है लेकिन हम सांसद होने के नाते परिवार के साथ खड़े हैं और उनकी हर संभव मदद करने के लिए वचनबद्ध हैं।हत्यारों को उनके अंजाम तक पहुंचाने से पहले हम चैन से नहीं बैठेंगे व परिवार को कानूनी तौर पर न्याय दिलाना और मनीष के हत्या के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हुआ है क्योंकि वही एक कमाने वाला परिवार का सदस्य था।आज हमने




ड्ट100000 की अंतरिम सहायता की है व परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाने में भी हम उनकी मदद करेंगे।सांसद मनोज तिवारी ने कहा की बड़ी हैरान करने वाली बात है कि क्षेत्र के विधायक जिनके पास समाज कल्याण के साथ-साथ एसटी एससी मामलों का मंत्रालय भी है। जब दलित समाज के बेटे और उनके परिवार को उनकी मदद की जरूरत पड़ी तो वह नदारद थें। शायद उनकी वोट की राजनीति और तुष्टीकरण, सामाजिक न्याय पर भारी पड़ा। उन्होंने कहा कि परिवार के साथ साथ पूरी गली और सारे क्षेत्र में घटना के खिलाफ रोष है और उनसे जो चौंकाने वाली जानकारियां मिली हैं। उन्हें मैं दिल्ली के उपराज्यपाल और पुलिस आयुक्त से साझा कर कठोर कार्यवाही की मांग करूंगा ताकि भविष्य में ऐसे जघन्य अपराध की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

## टेंपो पलटने से चार छात्राएं घायल एवं घायल एक किसान की मौत।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह जुनावई

जूनावई थाना क्षेत्र के बदायूं मेरठ हाईवे पर जुनावई से सवारी लेकर बबराला जाते समय पंप के सामने अनियंत्रित होकर टैंपू के पलटने से स्कूल की 4 छात्राएं सहित एक किसान घायल हो गए । सभी घायलों को प्राइवेट चिकित्सक से उपचार कराया गया है। वही घायल किसान को गंभीर अवस्था में अलीगढ़ रेफर किया गया ।

थाना क्षेत्र के बदायूं मेरठ हाईवे पर शनिवार को जूनावई बस स्टैंड से टेंपो चालक सवारी भरकर बबराला जा रहा था । तभी 200 मीटर दूर चलने पर जुनावई पेट्रोल पंप के सामने पहुंचने के उपरांत टेंपो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के



बाद रोड पर ही पलट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत ही टैंपू में घायल हुई छात्राओं एवं किसान को टेंपो के नीचे से निकालकर नजदीकी प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। वहीं दुर्घटना में जुनावई जनता इंटर कॉलेज की छात्रा जौली कक्षा 9 एवं मीनाक्षी कक्षा 10 पुत्री रामनिवास वैरपुर सेवा तथा पूनम कक्षा 7 शिवानी कक्षा 10 पुत्री सत्यपाल निवासी कादराबाद नगलिया चार छात्राएं एवं मणिकावली के किसान महावीर सिंह 55 वर्ष सहित 5 लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया । जहां चिकित्सक ने सभी छात्राओं को इलाज करने के बाद घर भेज दिया है। जबकि घायल महावीर सिंह को गंभीर चोट होने पर इलाज के हेतु अलीगढ़ भेजा गया जहां जनपद अलीगढ़ के अतरौली के पास घायल किसान ने दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में टेंपो चालक पर लापरवाही से टेंपो चलाने का आरोप लगाते हुए मृतक का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है।

## कीचड़ युक्त मार्ग से निकलना दूभर ग्राम वासियों को हो रही परेशानी

### *प्रधान प्रतिनिधि आफताब एवं क्षेत्रवासियों ने मार्ग बनवाने की मांग की*

बाराबंकी ब्लॉक हरक अंतर्गत बल छठ चौराहा से भानमऊ रोड तक मार्ग काफी जर्जर है जिसके चलते क्षेत्रवासियों का व्यापारी छात्र छात्राओं को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जलभराव के चलते आए दिन चोटिल होते हैं समस्या को संज्ञान में रखते हुए पनिहल प्रधान प्रतिनिधि मनीष कुमार एवं बलछठ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने उक्त मार्ग का मरम्मत करवाने की मांग की है इसी क्रम में बंदगी पुर ग्राम में प्रवेश करते ही गंदगी का साम्राज्य प्रारंभ हो जाता है ग्राम वासियों ने बताया कि सफाई कर्मी द्वारा कभी-कभी स्वच्छता की जाती हैवही महीने में एक बार प्रधान ने बताया जब इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों सेकी जाती है तो अनसुनी करके सफाई कर्मी का ट्रांसफर करवा दिया जाता है जिससे बंदगी पुर ग्राम वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है गत दिवस संवाददाता द्वारा देखा गया कि सफाई कर्मी की जगह दूसरा व्यक्ति सफाई कर रहा था जब उससे पूछा गया कि सफाई कर्मी कहां है तो जवाब मिला कि सफाई कर्मी घर पर है उनके स्थान पर हम कार्य कर रहे हैं जिसका हमें महीने में 6000 मिलता है ग्रामीणों ने बताया कि सफाई कर्मी केवल महीने में 2 या 3 दिन आता

## डीएम ने नगर निकाय चुनाव एवं धान खरीद स्थल का किया निरीक्षण दिए जरूरी निर्देश

**दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह बबराला**

गुन्नौर आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर संभल डीएम मनीष बंसल ने संभल जिले के 8 नगरों में होने वाले चुनाव की तैयारियों को लेकर पोलिंग पार्टियां रवाना स्थल व स्ट्रांग रूम की समेत सभी व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदारों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बबराला मंडी समिति मे पहुंचे संभल डीएम मनीष बंसल ने पोलिंग पार्टियां रवाना स्थल व पार्किंग का खास ध्यान रखते हुए मंडी समिति के कर्मचारियों से साफ-साफ कहा कि मंडी समिति में दिख रहे गड्ढे व साफ-सफाई को लेकर लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वही मंडी समिति बबराला में धान क्रय केंद्र का भी निरीक्षण करते हुए अनाज तोलने वाले कांटे व मशीनें की चेकिंग की। सिलाई मशीन नहीं मिलने पर धान क्रय केंद्र पर मौजूद कर्मचारी को जमकर लताड़ लगाई। कहां धान क्रय केंद्र पर किसानों से संबंधित सभी मशीनें व अन्य सामान मौके पर उपस्थित होना चाहिए। नगर निकाय चुनाव को लेकर संभल डीएम मनीष बंसल व एडीएम कमलेश अवस्थी और गुन्नौर एसडीएम संजीव वर्मा समेत बारिश की हल्की हल्की बूंदे में भी मंडी समिति बबराला में निरीक्षण करने पहुंच गए। जहां साफ-सफाई व सड़क पर गड्ढों समेत दिख रही खामियों को लेकर जिम्मेदारों को कड़े निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के लिए कहा। संभल डीएम मनीष बंसल ने बताया कि आगामी नगर निकाय चुनाव की पोलिंग पार्टियां के लिए जो स्ट्रांग रूम बनता है उसके अलावा जो भी चुनाव में संबंधित व्यवस्थाएं होती हैं उसको पूरा करने के लिए आज निरीक्षण किया गया है उन्होंने बताया कि नगर निकाय चुनाव से पहले सड़क पर दिख रहे गड्ढे को भी दुरस्त करा दिया जाएगा।



## तहसीलदार चन्दौसी मोनालिसा जौहरी ने ग्राम मानकपुर नरौली में की ग्राम चौपाल

**दैनिक समाज जागरण**
**सरफराज अंसारी**

चन्दौसी। आज तहसीलदार चन्दौसी मोनालिसा जौहरी सुबह 10:00 बजे थाना समाधान दिवस में पहुँच गयी जहाँ पर कैलाश चंद्र पुत्र स्व0 गंगाराम की शिकायत के निस्तारण हेतु राजस्व टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। उसके बाद तहसीलदार चन्दौसी ने नगर निकाय निर्वाचन की तैयारी हेतु मंडी समिति का निरीक्षण किया गया।

तहसीलदार चन्दौसी मोनालिसा जौहरी 02 बजे ग्राम मोलागढ़ में उपजिलाधिकारी चन्दौसी, पुलिस क्षेत्राधिकारी चन्दौसी के साथ ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया तथा



तहसीलदार चन्दौसी ने ग्राम मानकपुर नरौली में ग्राम चौपाल का आयोजन किया। ग्राम चैपाल में तहसीलदार ने ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना तथा त्वरित निस्तारण किया। तथा राजस्व से संबंधित प्रकरण दो विरासतो का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष बनियाखेड़ा, राजस्व निरीक्षक नरेंद्र सिंह, लेखपाल अनिल भदौरिया व सचिव आदि उपस्थित रहे।

## रात से रुक रुक कर होती रही बूंदाबांदी मौसम ने ली करवट।

**दैनिक समाज जागरण पंकज राघव ब्यूरो संभल**

### घरों में पंखे ,कूलर ,एसी सब बंद हुए।

संभल । मौसम के बदलते मिजाज के बीच शुक्रवार की रात से रुक-रुक कर बारिश होती रही शनिवार को भी पूरे दिन रात तक बूंदाबांदी होती रही जिस दौरान मौसम ठंडा हो गया घरों में लगे कूलर पंखे एसी सब बंद हो गए लोगों को ठंडक का एहसास हुआ वही मौसम खराब होने से धान की फसल को भी नुकसान की आशंका बनी हुई है अक्टूबर महा शुरू होते ही मौसम में परिवर्तन शुरू हो गया है मौसम की चाल बदलने पर सुबह की बरसात में तो हल्की ठंड का एहसास बना दिया है शुक्रवार की रात को बारिश होना शुरू हुआ जो शनिवार को दिन में पूरे दिन पड़ता रहा और रात तक बारिश होती रही शनिवार की इस बूंदाबांदी से मौसम एकदम करवट बदल ली लोगों के घरों में लगे कूलर पंखे एसी सब बंद हो गए और बूंदाबांदी से सड़कों पर जगह जगह पानी का भराव, रपटन व कीचड़ आदि पसर गई शनिवार की सुबह लोगों ने देखा कि बूंदाबांदी हो रही है तो एक बार फिर से अपने अपने घरों में कैद हो गए वही बारिश अधिक होने की संभावना बन रही इसे लेकर किसानों में भी चिंता पड़ रही है धान की फसल लोगों की पक कर तैयार है अनुमान है कि बारिश ज्यादा होने की संभावना है जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका बनी हुई हैं।

## 9 परिवारों को मिलाने में सफलता हासिल

दैनिक समाज जागरण बहजोई । पुलिस परिवार परामर्श समझौता केंद्र की एक मीटिंग पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निपटाने का प्रयास काउंसलरों द्वारा प्रयास किया गया जिसमें 9 परिवारों को मिलाने में सफलता हासिल की तथा तीन पत्रावलियों को न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल ना देने के कारण निरस्त किया गया कुल 53 पत्रावलीयो को सुनकर 12 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया इस अवसर पर सेल प्रभारी इस्पेक्टर सीताराम उपनिरीक्षक सुनील कुमार शर्मा काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट श्रीमती संगीता भार्गव पूनम अरोरा तथा कांस्टेबल पूजा, ज्योति ,शहजाद एवं हेड कांस्टेबल योगेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



## नगर पालिका चुनाव के प्रबल दावेदार शेख अजीम उररहमान का हुआ जोरदार स्वागत

**विकास कुमार दैनिक समाज जागरण बिजनौर नगीना** ।ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के नगीना नगर पालिका परिषद चुनाव के प्रत्याशी शेख अजीम उररहमान का मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा में कारी अब्दुल करीम के आवास पर फूल मालाओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने शेख अजीम उररहमान को होने वाले नगर पालिका परिषद का चुनाव लड़ने का वादा किया। शेख अजीम उररहमान ने कहा उनका चुनाव लड़ने का मकसद बिना भेदभाव सभी की सेवा करना उन्होंने नगर की जनता से उन्हें एक बार जरूर मौका देने की अपील की इस मौके पर डॉक्टर इफ्तिखार कुरैशी, एम टी रहमान सिद्दीकी. पूर्व नगर अध्यक्ष, सलीम अहमद वार्ड नंबर 20 से उम्मीदवार,अरशद पूर्व यूथ ब्रिगेड नगर सचिव ,नईम कुरैशी साहब, अन्य लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त न्यूज

## तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने टैंपो और बाइक में मारी टक्कर, दो गंभीर

**अतुल राय, दैनिक समाज जागरण**

नवानगर (बलिया) : सिकन्दरपुर बेल्थरा मार्ग पर करमौता चट्टी के समीप शुक्रवार की देर शाम को तेज रफ्तार ब्रेजा कार की टक्कर से, टेंपो चालक सहित दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।



प्राप्त जानकारी के अनुसार सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के चक पुरुषोत्तम चकिया निवासी टेम्पू चालक टिंकू राम (30) पुत्र स्व दहारी राम अपनी आटो में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण रोड के किनारे खड़ा करके ठीक कर रहा था कि उसी समय सफेद रंग की ब्रेजा ने ऑटो में टक्कर मारते हुए बाइक से जा रहे उभाव थाना क्षेत्र के बेल्थरा रोड निवासी चंदन गुप्ता (27) पुत्र राम दरस गुप्ता को भी टक्कर मार दिया। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । घटना के बाद वहां पर मौजूद लोगों द्वारा दोनों को घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर ले जाया गया जहां पर दोनों का इलाज चल रहा है।

## परंपरागत रामलीला का मुकुट पूजन कर हुआ शुभारंभ

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : कस्बा स्थित रामलीला मंच पर शुक्रवार की देर शाम को श्री रामलीला समिति के तत्वावधान में मुकुट पूजन कर रामलीला का शुभारंभ किया गया।



रामलीला को निर्विघ्नता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु पं०सोनू तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा गौरी, गणेश, श्रीराम, लक्ष्मण, माँ सीता, शिव धनुष और मुकुट का पूजन कराया। पूजन का संकल्प विपुल श्रीवास्तव ने लिया। श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, राधामोहन गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि दीपक कन्नौजिया, राकेश सिंह, धनजी शर्मा, राकेश मौर्य, मोहनलाल, अंजनी गुप्ता, मंटू सिंह, करन साहनी, मिंटू सिंह, श्रवण चौरसिया आदि उपस्थित रहे। गौरतलब है कि यहां की रामलीला 15अक्टूबर सन 1857 से प्रत्येक वर्ष अनवरत होती चली आ रही है। गांव के कलाकार रामायण की चौपाइयों द्वारा रामलीला का मंचन करते हैं।

## महारुद्र यज्ञ की भव्य कलश यात्रा 17 अक्टूबर को

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : क्षेत्र के श्री जंगली बाबा धाम पर संत श्री उड़िया बाबा विश्व कल्याण संस्थान के तत्वावधान व स्वामी परमेश्वरानन्द सरस्वती (उड़िया बाबा) के सानिध्य में श्री जंगली बाबा के महा परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर विगत अनेक वर्षों की भांति इस वर्ष भी महारुद्र यज्ञ (पाठात्मक) का आयोजन किया गया है।

महारुद्र यज्ञ की भव्य कलश यात्रा 17 अक्टूबर को निकाली जाएगी। 22 अक्टूबर धनतेरस के दिन पूणार्हुति होगी तथा 23 अक्टूबर को संत विदाई व भंडारा किया जाएगा।

## समाधान दिवस में आए तीन मामले, एक का निस्तारण

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : थाना प्रांगड़ में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक आर.के.सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।



इस दौरान कुल तीन मामलों के निपटारे के लिए फरियादियों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जिसमें से एक पुलिस व एक राजस्व सम्बन्धी मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामले के निस्तारण के लिए पुलिस टीम भेजी गई।

## महायज्ञ में शनिवार को भी नेताओं भक्तों का लगा रहा तांता

**विवेक पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

दुबहड़ (बलिया) : श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी के सानिध्य में जनेश्वर



मिश्र सेतु अप्रोच मार्ग नगवा जनाड़ी में चातुर्मास व्रत महायज्ञ हो रहा है। अखिल अन्तरराष्ट्रीय धर्ममहासम्मेलन, सह अंतरराष्ट्रीय मानवता संस्कृति जागरण सम्मेलन का आयोजन भी है।

महायज्ञ में ख्याति लब्ध प्रतिष्ठित साधु संतों का जमावड़ा है। शनिवार को भी नेताओं और श्रद्धालु भक्तों का जमावड़ा रहा। भाजपा के नेताओं सहित समाजवादी पार्टी के नेता सनातन पाण्डेय सहित दर्जनों नेताओं ने श्री जीयर स्वामी जी के यहां मत्था टेका। उत्तर प्रदेश , बिहार , महाराष्ट्र से भी जगतगुरू संत महात्मा जी लोग आये है । सभी शामिल हो कर अपने अपने लिए व्रत को पूरित कर रहे है ।

## 6 बच्चों ने स्वर्ण जीत कर अपना दबदबा कायम रखा

**ऋचा वर्मा/ आशु खरवार, दैनिक समाज जागरण**

रसड़ा (बलिया) : जनपद मुख्यालय स्थित वीर लोरिक स्टेडियम में आयोजित जिलास्तरीय कराटे चैंपियनशिप में इन्द्रासन मेमोरियल जनसहयोग




कॉलेज के 6 बच्चों ने स्वर्ण जीत कर अपना दबदबा कायम रखा। विद्यालय के प्रबंधक विनय कुमार सिंह स्वर्ण पदक विजेता अनूप कुमार, मधुकर कुमार, प्रिंस कुमार, लकी यादव, साहिल शर्मा, गोलू कुमार एवम रजत पदक (रिशु शर्मा, दिव्यांश कुमार, राजीव गिरी, प्रिंस कुमार एवम कांस्य पदक करन कुमार को जीतने वाले को मेडल देकर सम्मानित किया।

### कलेक्ट्रेट परिसर में चंद्रशेखर उद्यान (कंपनी बाग) में स्थापित है पूर्व प्रधानमंत्री की आदमकद प्रतिमा

## जेपी जयंती की पूर्व संध्या पर हो सकता चंद्रशेखर की प्रतिमा का अनावरण

### संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी ने जारी किया अलर्ट, सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने को कहा

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बलिया आने की संभावना प्रबल हो गयी है। मुख्यमंत्री लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जयंती की पूर्व संध्या पर बलिया आकर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण कर सकते हैं। यह प्रतिमा कलेक्ट्रेट परिसर के कंपनी बाग में स्थापित है। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने संभावना को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। सभी अधिकारियों को जिला मुख्यालय पर रहने का निर्देश दिया है। जो अवकाश पर हैं उनकी छुट्टी निरस्त है।

मुख्यमंत्री का कार्यक्रम अभी जारी नहीं है पर इस संभावना की बहुत



चर्चा है। 11 अक्टूबर को सिताबदियारा मेन केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कार्यक्रम है मुख्यमंत्री को वहां भी पहुंचना है शायद। यदि ऐसा हुआ तो मुख्यमंत्री दो दिन लगातार बलिया के कार्यकताओं से दो दिन मुखातिब रहेंगे। 11 अक्टुबर को कार्यक्रम है तो बिहार में पर यह पूरी तरह बलिया वालों के जिम्मे है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने भी अपने बलिया आगमन के दौरान सिताबदियारा का निरीक्षण किया और कहा कि मुख्यमंत्री भी आएंगे। ऐसे में मुख्यमंत्री 10 और 11 को बलिया और सिताबदियारा में रहेंगे। यदि ऐसा हुआ तो बलिया जिले के भाजपा नेता और अधिकारियों के माथे पर विशेष बल पड़ेगा। कारण दोनों कार्यक्रम उन्हें ही देखना और संभालना है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, 150 लाभांवित

### सलेमपुर के भाजपा सांसद रवींद्र कुशवाहा ने फीता काट किया शुभारंभ

**संतोष कुमार द्विवेदी, दैनिक समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : नगर पंचायत के चचयां स्थित गुरुबाबा मन्दिर पर सेवा पखवाड़ा के तरह शनिवार को आयोजित नेत्र शिविर में गोरखपुर से आए चिकित्सको की टीम ने 150 से अधिक मरीजों का नेत्र परीक्षण कर निःशुल्क चश्मा व दवा वितरित किया। नेत्र शिविर का उद्घाटन सलेमपुर लोक सभा क्षेत्र के सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने फीता काटकर किया।

अपने संबोधन में सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने कहा कि मरीजों एवं गरीबों की सेवा करना ही ईश्वर की भक्ति है। मोदी एवं योगी की सरकार गरीबों के लिए तमाम योजनाएं चला रही है वहीं मरीजों के त्वरित उपचार के लिए अस्पतालों की व्यवस्था में



लगातार सुधार किया जा रहा है। नए अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने शिविर के आयोजक लालबहादुर सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे शिविर का आयोजन हमेशा होना चाहिए, जिसमें गरीब व्यक्ति अपना उपचार करा सकें। शिविर को पूर्व विधायक धनंजय कन्नौजिया, छट्ठू राम, भाजपा के जिला महामंत्री आलोक शुक्ल, पूर्व प्रधान काशीनाथ जायसवाल, बीजेपी आईटी विभाग के जिला संयोजक जेपी जायसवाल, फतेह बहादुर सिंह सहित एक दर्जन लोगो ने संबोधित किया। संचालन डीएन प्रजापति ने किया। अंत में आयोजक भाजपा के मंडल महामंत्री लाल बहादुर सिंह ने सभी आगंतुक अतिथियों, चिकित्सको एवं मरीजों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

## नाम बेचकर वसूली करना पड़ा महंगा, हुई जमकर पिटाई

**ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण**

रसड़ा (बलिया) : आज कल भेष बदलकर कोई भी कार्य करना बड़ा ही सुगम हो गया है लेकिन जब भेष का उजागर होता है तो व्यक्ति की क्या दशा होती है इसका अंदाजा लगाना बड़ा ही कठिन है ।

रसड़ा नगर से सटे छितौनी स्थित रेलवे क्रासिंग के समीप किन्नरों का नाम बेचकर उनके नाम पर पैसा वसूली करने की भनक मिलते ही किन्नरों ने महिलाआओं की सरेराह पिटाई करनी शुरू कर दी। जिससे कुछ समय के लिए बीच सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। किन्नरों द्वारा महिलाआओं की बेरहमी से पिटाई का वीडिआओ वायरल हुआ तो पुलिस इसकी जांच-पड़ताल में जूट गई। छितौनी क्रासिंग के पास शनिवार की सुबह का इस वायरल वीडिआ में साफ दिख रहा है कि आधा दर्जन की संख्या में किन्नर कुछ महिलाआओं का बाल पकड़ कर पिटाई करते दिख रहे हैं। जांच-पड़ताल के बाद पता चला कि कुछ गरीब व असहाय महिलाआओं ने किन्नरों के नाम पर दशहरा सहित अन्य त्यौहारों पर चंदा वसूली कर रही हैं जो किन्नरों ने उन महिलाआओं को तलाश शुरू कर दी और उनके मिलते ही वे उनपर टूट पड़ीं। इस दौरान राहगीरों ने बीच-बचाव का काफी प्रयास किया किंतु आक्रोशित किन्नर सुनने को तैयार नहीं दिख रहे थे जबतक पुलिस मौके पर पहुंचती तक तक मामला शांत हो चुका था।

## हाईटेंशन तार के चपेट में आने से मजदूरो की मौत

**नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : नगर पंचायत स्थित खाकी बाबा के पोखरे के समीप निमार्णाधीन मकान में काम कर रहे मजदूर के हाईटेंशन तार के जद में आने से आग का गोला बन कर मौके पर ही मौत हो गई। हादसा बैरिया बाजार के खाकी बाबा के पोखरे के पास हुआ।

घटना के सम्बन्ध में बताया जा रहा है कि निमार्णाधीन मकान पर हादसा तब हुआ जब मकान निर्माण के लिए हरे बांस की बल्ली बना कर सेटरिंग खोलने का काम चल रहा था। जिसमे ये मजदूर काम कर रहे थे। रेवती नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 06 निवासी त्रिभुवन वर्मा 45 वर्ष निमार्णाधीन मकान में काफी दिनों से मजदूरी का काम कर रहा था। शनिवार को उनके साथ ही अन्य मजदूर काम पर लगे थे। मजदूरो द्वारा सेटरिंग खोलने के लिए मौके पर बांस का सहारा ले रहे थे कि निमार्णाधीन मकान के ऊपर से गुजर रहा 11 हजार का हाईटेंशन एच टी तार पर अचानक बांस झुक कर बिजली के तार पर जा गिरा। बांस हरा होने के कारण त्रिभुवन करंट के जद में आ गया। बांस के एचटी तार के जद में आते ही उस पर चढ़ा त्रिभुवन आग का गोला बनकर छत की ऊँचाई से नीचे धड़ाम से जा गिरा। अभी अन्य साथी मजदूर मौके पर पहुंचते तब तक त्रिभुवन की सांसे थम चुकी थी। वहां उपस्थित लोगों ने त्रिभुवन को टैम्पू में रखकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबरसा ले गए जहाँ परीक्षण के उपरांत चिकित्सको ने त्रिभुवन को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर बैरिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर थाना लाई । मौत की सूचना पर त्रिभुवन के परिजन रोते बिलखते बैरिया थाने पहुँचे। शव को देखकर घरवाले दहाड़े मारकर शव के साथ लिपटकर काफी देर तक रोते रहे। सूचना पर रेवती नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय शंकर पांडेय उर्फ कनक पांडेय भी बैरिया थाना पर पहुंचकर परिजनों ढांढस बढ़ाते हुये हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इसके उपरांत पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर अन्त्य परीक्षण के लिये जिला चिकित्सालय भेज दिया।

## सभासदों की शिकायत पर अपर आयुक्त ने दिया जांच का आदेश

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : नगर पालिका परिषद बलिया के सभासद अमित कुमार दुबे व अन्य समस्त सभासदों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अपर आयुक्त आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़ ने प्रभारी अधिकारी (स्थानीय नगर निकाय)/ मुख्य राजस्व अधिकारी, बलिया को जांच का निर्देश दिया है।

नगर पालिका परिषद बलिया के कुछ सभासदों द्वारा इस आशय का शिकायती पत्र अपर आयुक्त को




प्रस्तुत किया था कि एसपी सिंह अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बलिया द्वारा बोर्ड की बैठक में किसी भी प्रस्ताव के पास न होने पर भी गलत तरीके से जिलाधिकारी बलिया को प्रस्ताव पास होने का प्रमाण पत्र दिया गया है। शिकायती प्रार्थना पत्र में इसके अतिरिक्त भी उल्लेख किया गया है। मंडलायुक्त ने शिकायती प्रार्थना पत्र संलग्न करते हुए प्रकरण की जांच स्वयं करके न्यायोचित कार्यवाही कराने को कहा है।

## लंपिवायरस के बढ़ते कदम को रोकने के लिए गौ रक्षा समिति डॉक्टरों के संपर्क में।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला ।**

बांदा । ग्राम पंचायत जारी एक पालतू गोवंश जो की लंपि वायरस के चपेट में आ गया जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के पदाधिकारियों को दी गई गौ रक्षा समिति पदाधिकारी तुरंत पशु चिकित्सा अधिकारी टीम को अवगत कराया और उनकी टीम पहुंच कर तुरंत गोवंश का इलाज शुरू किया गया विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि गौ रक्षा समिति के पदाधिकारियों के द्वारा पूरे जिले में अभियान चलाया जा रहा है कि कोई भी गोवंश लंपि वायरस से पीड़ित है तो तुरंत ही गौ रक्षा समिति के पदाधिकारियों को अवगत कराएं या पशु चिकित्सा अधिकारी को सूचना दें और उन्होंने बताया कि पशु विभाग को लगातार इस वायरस से अवगत करा रहे हैं कि यह वायरस बहुत ही



खतरनाक रूप से फैलता है लेकिन पशु विभाग अभी भी ढिलाई बरत रहा है गौ रक्षा समिति मांग करती है कि पूरे जिले में पशु विभाग की टीम के द्वारा सभी गोवंश को टीकाकरण अभियान शुरू किया जाए ताकि गोवंश सुरक्षित हो सके और मृत्यु दर कम हो सके क्योंकि जिस गोवंश को यह वायरस हो जाता है उसकी मृत्यु निश्चित होती है !

## फूलों की नगरी में आयोजित हुआ मुकाबला, विधायक रहे मुख्य अतिथि

**रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : नगर के मोहल्ला बड्डा स्थित दरगाह हजरत सैयद शाहवली कादरी के प्रांगण में शुक्रवार को 22 वां यौमे शादात व हजरत सैयद जमालुद्दीन अजमली इस्लामी मालुमाती इनामी मुकाबला का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सिकन्दरपुर मो. जियाउद्दीन रिजवी ने भाग लिया।

आयोजन में विशिष्ट अतिथि शेख मनसफ अली रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सैयद सिराजुद्दीन अजमली प्रोफेसर अलीगढ़ मुस्लिम विवि अलीगढ़ ने की।

कार्यक्रम का आगाज तिलावते कुरआन पाक के साथ हुआ। ततपश्चात मुकाबला शुरू हुआ जिस में बलिया,सिकन्दरपुर एवं गाजीपुर की टीमों ने भाग लिया। मुकाबला में मास्टर नजरूल बारी व मास्टर इरशाद अहमद ने स्कोरर की भूमिका



निभाई। निर्णायक की भूमिका में डॉ सैयद सिराजुद्दीन अजमली रहे। मुकाबले में प्रथम स्थान पर दारुल उलूम सरकार ए आसी की टीम रही तथा दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमशः दारुलउलूम जुनेदिया अज्मलिया व सिकन्दरपुर की टीमें रही। मुकाबला खत्म होने के बाद विजेता टीमों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वार शील्ड, नकदी व प्रमाण पत्र आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अंत मे हजरत हसन मिया सज्जादानशीन खानकाह बस्ती ने अपने सम्बोधन मे बच्चों की हौसला अफजाई किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोफेसर सिराज अजमली, सैयद मिनहाजुद्दीन, सैयद कमर अली, सैयद जाफर,भीष्म यादव, डॉ दीना प्रसाद, मुन्ना जायसवाल, फैर्ज अंसारी,मास्टर निजामुद्दीन,जमशेद, इरशाद अहमद, क्लामुद्दीन, सलमान,कारी साबिर हुसैन,मास्टर अशरफ,कारी एहतेशाम,हिसामुद्दीन सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## उपजिलाधिकारी ने किया खनवर नवादा के कोटे की दुकान को निलंबित

**संतोष कुमार द्विवेदी, दैनिक समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : नगरा ब्लॉक के खनवर नवादा ग्राम पंचायत की मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित कोटे की दुकान को उप जिलाधिकारी रसड़ा ने शैक्षिक योग्यता में विरोधाभास मिलने पर निलंबित कर दिया है। वहीं विपक्षी से एक पखवाड़े के भीतर अपनी स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। खनवर नवादा निवासी भाजपा नेता मनोज कुमार भारती ने कोटे की दुकान संचालित करने वाली मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह की चिंता सिंह पत्नी सतेंद्र सिंह की शैक्षिक योग्यता, आर्थिक स्थिति एवं वाहन आदि में फजीर्वाड़ा कर गलत तरीके से कोटे की दुकान हासिल कर लेने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी बलिया को शिकायती पत्र दिया था। डीएम ने टीम गठित कर जांच कराई। जांच टीम ने अपनी आख्या जिलाधिकारी को सौंप दी। जांच टीम ने पाया कि चिंता सिंह के हाईस्कूल पास होने का कोई अभिलेख श्री महंत राधा कृष्णन इंटर कालेज सकरपुरा खड़सरा बलिया में उपलब्ध नहीं है। प्रधानाचार्य ने अपने पत्र दिनांक 25 जुलाई 2022 में कहा है कि चिंता देवी हाईस्कूल पास नहीं है। विद्यालय की जीर्ण शिर्ण पत्रावली में उनका रिकार्ड खोजा गया लेकिन नहीं मिला। समूह गठन में चिंता देवी की योग्यता पांचवीं पास दर्शाइ गई है किन्तु नियुक्ति के समय प्रमाण पत्र के रूप में हाईस्कूल पास का प्रमाणपत्र संलग्न किया गया जो कि विरोधाभासी स्थिति पैदा कर रहा है,वही संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन ने एक हार्वेस्टर और एक ट्रैक्टर सचिंद्र सिंह पुत्र सतेंद्र सिंह के नाम पंजीकृत बताया है। चिंता देवी की आर्थिक एवं अन्य क स्थलीय सत्यापन क्षेत्रीय लेखपाल से कराया गया। चिंता देवी के नाम खनवर में कोई भूमि नहीं है। उनके पति के नाम से भूमि है। सहायत समूह के संचालिका चिंता देवी की वार्षिक आय 54 हजार रूपए वार्षिक तथा हाई स्कूल पास होन भी स्पष्ट नहीं है। इसको दृष्टिगत रखते हुए चिंता देवी से एक पखवाड़े के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी चिंता देवी द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर मां दुर्गा देवी स्वयं सहायता समूह की कोटे की दुकान का अनुबंध को उप जिलाधिकारी रसड़ा द्वारा निलंबित कर दिया गया है। साथ ही एक पक्ष के भीतर साक्ष्य सहित लिखित स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है।

## आरपीएफ प्रभारी आनंद सिंह ने यात्री का छूटा हुआ सामान किया सुपुर्द, खिल उठा चहेरा

**ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण**

रसड़ा (बलिया) : आरपीएफ द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन अमानत के अंतर्गत आरपीएफ प्रभारी रसड़ा आनंद सिंह ने यात्री विपिन कुमार भारती पुत्र छोटेलाल भारती निवासी सरवा थाना सराय लखंसी जिला मऊ का ट्रेन में छूटा हुआ लैपटाप उसे सुपुर्द किया तो यात्री का मायूस चेहरा खुशी में तब्दील हो गया।

आरपीएफ प्रभारी आनंद सिंह को 5 अक्टूबर को रेसुब पोस्ट मऊ से एसआईपीएफ मनोज कुमार शुक्ला द्वारा सूचना मिली कि विपिन कुमार भारती गाड़ी संख्या 05168 से सिधारी हाल्ट से इंदारा तक टिकट लेकर यात्रा कर रहा था और मऊ स्टेशन पर पर उतर गया लेकिन उसका एक बैग लाल रंग का जिसमें लैपटॉप लेनेवो ट्रेन में ही छूट गया। जो इंजन साइड से सातवा कोच में ऊपर सीट पर रखा है।

यह सूचना मिलते ही आनंद सिंह ने हेड कांस्टेबल इंदल व कांस्टेबल संदीप कुमार सिंह के साथ उक्त ट्रेन में सर्च अभियान शुरू किया तो काफी प्रयास के बाद लाल रंग का बैग बरामद हुआ उसमें रख लैपटाप, मोबाइल सहित अन्य सामान सुरक्षित था जिसे आनंद सिंह ने यात्री विपिन कुमार भारती को सौंप दिया। यात्री विपिन के अनुसार लैपटाप कीमत 67 हजार थी। यात्रियों ने आरपीएफ की इस कार्रवाई पर सराहना की है।

## आम आदमी पार्टी ने जारी किया नगर निकाय चुनाव के लिए आवेदन पत्र

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : आज आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय पर नगर निकाय चुनाव में चेयरमैन और सभासद पद के प्रत्याशियों के लिए आवेदन फार्म जारी किया गया।

आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के नगर निकाय चुनावों के अपने पिछले रिकार्ड को तोड़कर आगे और बेहतर परिणाम के लिए मैदान में उतर रही है। उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव समिति के सदस्य अनूप पांडेय जी ने कहा कि नगरपालिका और नगर निकायों की हालत बद से बद्तर हो चुकी है इसलिए आम आदमी पार्टी इकलौती विकल्प है। जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत ने कहा कि आज निकाय चुनाव के प्रत्याशियों के लिए आवेदन फार्म जारी किया गया और प्रत्येक निकायों से सैकड़ों की संख्या में सभासद तथा चेयरमैन पद के लिए भावी प्रत्याशियों ने फार्म प्राप्त किया। आज आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत जी ने नगर निकाय प्रभारियों की सूचि जारी किया जिसमें नगर पालिका बलिया से राजकुमार मौर्य, चितबड़ागांव से



छोटे लाल चौरसिया, रतसड़ श्री राम दरस यादव, रसड़ा से संत प्रकाश सिंह, नगरा से डॉक्टर प्रदीप कुमार, बेल्थरा से सद्दाम अंसारी, सिकंदरपुर से विजय राजभर, मनियर से उमा शंकर दुबे, बांसडीह से मुकेश सोनी, सहतवार से दुर्गेश यादव कवि जी, रेवती से ऋषिकेष भारत, बैरिया से मुकेश कुंवर को प्रभारी नियुक्त किया गया है। ये सभी प्रभारी गण वार्डों के प्रत्याशियों का चयन तथा नगर निकाय में चुनाव संचालन की जिम्मेदारी का निर्वाहन करेंगे। आज के इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ मुकेश सोनी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष डाक्टर प्रदीप कुमार, महिला जिलाध्यक्ष निभा पांडे, जिला महासचिव राजकुमार मौर्य, जिला उपाध्यक्ष रणविजय गुप्ता, रामदरश यादव, जिला सचिव छोटेलाल चौरसिया, विजय राजभर, संत प्रकाश सिंह, अंजनी तिवारी, अतहर जी, छोटे लाल शर्मा, मेराज अहमद, अमर नाथ यादव, अनूप श्रीवास्तव, सत्येंद्र वर्मा, कलिका प्रसाद गुप्त, शादाब आलम, बिपिन तिवारी, विनोद मानव, बिहारी लाल यादव, अजय कुमार वर्मा, राजकुमार जैसवाल , दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## जलपा मंदिर प्रांगण में बैठक संपन्न तुरैहा समाज की बैठक संपन्न

**रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : स्थानीय माँ जलपा मंदिर के प्रांगण में शनिवार की शाम को जिला अध्यक्ष धर्मनाथ प्रसाद तुरैहा की मौजूदगी में तुरैहा समाज के लोगों की एक अति आवश्यक बैठक आहूत की गई।

जिसमें तुरैहा समाज से जुड़ी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई,तथा बैठक में मुख्य रूप से आगामी 18 अक्टूबर को स्थानीय पम्पापुर स्थित शनिचरा मंदिर पर होने वाले तुरैहा समाज के तहसील अध्यक्ष के चुनाव को लेकर



जरूरी दिशानिर्देश तय की गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने तहसील क्षेत्र के तुरैहा समाज के लोगों से अपील किया है कि उक्त तारीख को समय 10 बजे दिन मे पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं इस अवसर पर नथुनी प्रसाद तुरैहा, रमपति तुरैहा, बलिया तहसील अध्यक्ष सुभाष प्रसाद तुरैहा, दीवान जी तुरैहा आदि तुरैहा समाज के लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता राजू तुरैहा ने तथा संचालन विजय शंकर तुरैहा ने किया।

## बुंदेलखंड इंसाफ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समर्थकों के साथ भैंस के आगे बीन बजा कर किया प्रदर्शन ।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला। बांदा । प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के खंडीय लेखा अधिकारी के भ्रष्टाचार के खिलाफ बुंदेलखंड इंसाफ सेना का अनशन लगातार जारी। बुंदेलखंड इंसाफ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समर्थकों के साथ भैंस के आगे बीन बजा कर किया प्रदर्शन । पूरा मामला बांदा शहर के अशोक लाट का है।आज अनशन के 21वे दिन बुंदेलखंड इंसाफ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए एस नोमानी अपने समर्थकों के साथ भैंस के आगे बीन बजाते हुए कहा कि आज के समय भ्रष्टाचार सबसे बड़ी समस्या है। आज हर जगह पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है, जिसके कारण गरीब जनता का जीवन जीना संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को समाप्त करना है तो हमें प्रशासकीय सुधार करना आवश्यक है, क्योंकि जो लोग भ्रष्टाचार या रिश्वत लेते हैं ,उन्हें तुरंत नौकरी से निकाल देना चाहिए! तब जाकर इस देश से भ्रष्टाचार समाप्त हो सकता है !

# गोल्ड मेडल जीत कर आए बच्चों को प्रशस्ति पत्र देते डायरेक्टर मैनेजर नवीन सिंह एवं प्रिंसिपल दीपक

**शैलेंद्र कुमार चौधरी दैनिक समाज जागरण**

सेवराई। स्थानीय तहसील क्षेत्र के दिलदारनगर स्थित सनबीम स्कूल में शनिवार की दोपहर 1:00 बजे एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें वाको इंडिया किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेते हुए स्कूल के विजेता सभी चार बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं बीबीशील्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रिंसिपल दीपक शॉ मैनेजिंग डायरेक्टर नवीन सिंह को बुके भेंट कर स्वागत सम्मान किया। इस दौरान राजस्थान के जयपुर में आयोजित वाको इंडिया किकबॉक्सिंग नेशनल चैंपियनशिप में विद्यालय के 4 छात्रों ने डबल इवेंट गेम के तहत दो दो पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्पोर्ट्स टीचर शशि भूषण सिंह ने बताया कि कक्षा



9 के छात्र सुजल वर्मा एवं समर्थ आदित्य ने डबल इवेंट गेम के तहत दो- दो कांस्य पदक जीता है। कक्षा 6 के छात्र अनुज गुप्ता ने एक रजत और एक कांस्य पदक तो वही कक्षा 4 के आर्यन सिंह ने एक स्वर्ण एवं एक कांस्य पदक जीता है। मैनेजिंग डायरेक्टर नवीन सिंह ने सभी विजेता छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। कहाकि विद्यालय में खेल को लेकर अलग से क्लास चलाई जाती है जिसके तहत विद्यालय के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

इस मौके पर फातिमा खान, तैयबा हुसैन, पंकज श्रीवास्तव, सतीश सिंह, राज कुमार, दीप नारायण राय, विपुल कुमार, उमेश कुमार, वंदना पांडेय, पापिया जोडर, विशाल सिंह, जावेद अंसारी आदि सहित विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारी भदौरा ब्लाक के अध्यक्ष चुने गए राम सिंहासन राम

**शैलेंद्र कुमार चौधरी दैनिक समाज जागरण**

सेवराई। स्थानीय तहसील के भदौरा ब्लाक परिसर में शनिवार को सफाई कर्मचारी संघ का अध्यक्ष मंत्री पद एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव जिला से आए संगठन द्वारा चुने गए चुनाव अधिकारी चंदन कुमार प्रजापति एवं हरिलाल भारती द्वारा चुनाव संपन्न कराया गया चुनाव सुबह 8:00 बजे से 3:00 बजे तक हुआ जिसमें अध्यक्ष पद के लिए तीन नामांकन भरे गए थे जिसमें राम सिहासन राम 114 वोट पाए वही दूसरे स्थान पर प्रमोद कुमार राम 26 मत पाये वही धर्मेंद्र कुमार सिंह 7 वोट पाकर ही सिमट गए प्रमोद कुमार राम को राम सिहासन राम ने 88 मतों से पराजित कर सफाई कर्मचारी ब्लॉक अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज हुए वह जब से सफाई कर्मचारी संघ का गठन 2013 मैं हुआ तब से वह अध्यक्ष



पद पर जीतते आ रहे हैं। वही मंत्री पद के लिए दो नामांकन किए गए थे जिसमें शैलेंद्र राम ने 99 वोट पड़े वही शशि कांत सिंह 47 वोट पर ही सिमट गए जिसमें शैलेंद्र राम ने 52 मतों से विजय हासिल की वही कोषाध्यक्ष के लिए दो नामांकन किया गया था जिसमें अजीत कुमार मौर्य को 119 रामचंद्र राम 28 मत मिल पाए जिसमें अजीत कुमार मौर्या ने रामचंद्र राम को 91 मतों से हराया भदौरा ब्लाक में कुल 157 सफाई कर्मचारी हैं जिसमें 148 सफाई कर्मचारियों ने अपने मतों का प्रयोग किया वही चुने गए पदाधिकारियों को माला पहनाकर ब्लॉक के एडीओ पंचायत रामशकल ने सम्मानित किया वही समर्थकों द्वारा जीते हुए प्रत्याशियों के नारे लगाए गए



# खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**इंद्रसेन प्रसाद संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

उतरां मोड़।आरएसएस के एकल विद्यालय शाखा के तरफ से जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता क्षेत्र के पीआर इंटरनेशनल स्कूल करीमुद्दीनपुर में हुआ। जिसमें जिले के विभिन्न ब्लाकों से 300 ग्रामीण बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।



इस दौरान बच्चों ने कबड्डी, लंबी कूद, ऊंची कूद, कुश्ती व दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती मीरा राय तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष श्याम राज तिवारी रहे।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष श्याम राय तिवारी ने कहा कि खेल से जहां एक तरफ शरीर और मन स्वस्थ होता है, वहीं दूसरी तरफ एकता और भाईचारा स्थापित होता है। युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ खेल की महत्ता को बताया जाना चाहिए। आप सब जानते हैं कि हमारे प्रधानमंत्री खेलों पर विशेष बल दे रहे हैं। उनका स्लोगन है खेलो इंडिया। इसके तहत हमारे देश के युवा विदेशों में जाकर विभिन्न खेलों में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीत रहे हैं। आज के ये युवा आगे चलकर विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन करेंगे।

इस मौके पर प्रमुख रूप से पुनीत कुमार, दयाशंकर तिवारी संभाग आरोग्य योजना प्रमुख रमेश कुमार, भाग प्रमुख जमदग्नि, शिवकुमार, अंचल अभियान प्रमुख नगेंद्र, अंचल अभियान प्रमुख सैदपुर दुर्गेश, अंचल प्राथमिक प्रशिक्षण प्रमुख कुमारी पिंकी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

फोटो -करीमुद्दीनपुर में खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि श्रीमती मीरा राय व प्रतियोगिता के कबड्डी में भाग लेते बच्चे।

# कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया किसानों में सब्जी के पौधों का वितरण

**शशि कान्त तिवारी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर-उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सुर्यप्रताप शाही शनिवार के दिन



बाराचंवर ब्लाक के करीमुद्दीनपुर स्थित जय माँ कष्टहरणी प्रोड्यूसर कम्पनी एवं आर्गेनिक प्वाइंट व पाली हाउस पर आर्गेनिक तरीके से कि जा रही सब्जियों व फलो की खेती का निरीक्षण किये। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि मंत्री द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया ।उसके बाद पाली हाऊस पर आये हुये किसानों को आर्गेनिक तरीके से पाली हाऊस मे तैयार उन्नतशील प्रजाति के ,मिर्च,टमाटर और, बैगन के पाँच लाख पौधो का बितरण किया गया ।उन्होंने उपस्थित किसानों को बताया की सरकार की योजना है कि किसानों आय दोगुना हो उसके लिये कल्याणकारी योजनाएं भी चल रही है बस उसको करने की जरूरत है किसानों को फायदे का सौदा ऑर्गेनिक खेती है। इस खेती में और खेती की जगह खर्च काफी कम आती है। जिससे किसानों की आय दो गुना हो जायेगी इसका कारण यह है कि इसमें न तो पेस्टिसाइड युक्त खाद डालने की जरूरत पड़ती है और न ही इसमें केमिकल या दवाओं का इस्तेमाल होता है। इसमें मात्र देसी खाद का इस्तेमाल होता है जो कि गोबर और देसी गाय के मुत्र और अन्य तरीकों से बनाई जाती है। उन्होंने बताया की ऑर्गेनिक खेती की बात करें तो यह खेती करीमुद्दीनपुर के निवासी युवा किसान पंकज राय ने शुरू किया है और ऑर्गेनिक खेती मे सब्जियां, फल, उगा कर लाभ भी कमा रहे है । इनके द्वारा आर्गेनिक तरीके से पैदा की हुयी सब्जियाँ सात संमुदर पार तक गयी और अच्छे भाव से बिक गयी स्थानीय बाजार मे भी इसकी माँग ज्यादा थी जिससे अच्छा मुनाफा भी हुआ वहीं सेहत के लिये भी यह उपयोगी रही है । और किसान अगर इस तरीके से खेती करे तो निश्चित आय दोगुनी हो जायेगी।गाजीपुर आने वाले समय में खेती के मामले में पंजाब की तरह हो जायेगा।गाजीपुर का एक लाल जम्मूं में एल जी के रूप में गाजीपुर का नाम रोशन कर रहें हैं तो गाजीपुर का एक लाल काश्मीर का केसर करीमुद्दीनपुर गाजीपुर में पैदा कर गाजीपुर का नाम प्रदेश में कर रहा है।



क्षेत्रीय किसानों ने मंत्री जी को ज्ञापन दे कर बताया की मगंयी नदी की खुदाई नही होने से पानी निकलने मे दिक्कत होती है वही शारदा सहायक का पानी असमय छोड दिया जाता है जिससे किसानों के खेतो मे पानी भर जाता है जिससे खेतो की बुआई नही हो पाती जिस पर किसानों की समस्याओं का सामाधान का भरोसा दिया ।इस मौके पर सलेमपुर सांसद रबिन्द्र कुशवाहा ,जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, ज्वाइंट डायरेक्टर कृषि आशुतोष मिश्र,कृषि उप निदेशक यतीन्द्र सिंह ,उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद डा.हर्षिता तिवारी, जिला कृषि अधिकारी मृतंजय सिह.बी.डी.ओ.बाँराचवर आदि लोग थे ।कार्यक्रम का संचालन मृत्युंजय सिंह ने किया आये हुये किसानों मे विनोद राय गुड्डू, रामकुमार राय ,कृष्णानंद राय,दिवाकर राय,श्याराज तिवारी ,संजीव राय आदि लोग थे ।आये हुये किसानों का आभार पाली हाऊस के संचालक पंकज राय ने किया ।

जय माँ कष्टहरणी प्रोड्यूसर कम्पनी एव आर्गेनिक प्वाइंट पर एक दिवसीय कृषक प्रक्षिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमे कृषि विज्ञान केन्द्र आकुशपुर से आये डा. राजेश वर्मा ने किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे मे बीज शोधन से लेकर बुआई तक खेती के बारे मे उन्होंने बताया की प्राकृतिक खेती कर किसान खेती कर लाभ कमा सकते है ।और जहरीले किटनाशक से छुटकारा मिल जायेगा इस बिधि से खेती करने से बातावरण भी सुरक्षित रहता है । और बिमारियों से लोग दुर रहेगें। वही कृषि विज्ञान केन्द्र बलियाँ के बैज्ञानिक डा.प्रेमलता श्रीवास्तव ने भी किसानों की पैदावार को संरक्षित करने का उपाय बताई वही कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी पी.जी. कालेज के प्रभारी विनोद सिंह ने किसानों को गो बंश आधारित खेती के बारे मे भी किसानों को बताया।इस मौके पर आशुतोष मिश्रा संयुक्त निदेशक कृषि. अतिनन्द्र कुमार सिंह उपनिदेशक कृषि. मृत्युंजय सिंह जिला कृषि अधिकारी.जिलाधिकारी गाजीपुर आर्यका अखौरी.मुख्य बिकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता. उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद डा० हर्षिता तिवारी.पुलिस क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद एस बी सिंह.संचालन मृत्युंजय सिंह.विनोद सिंह.आर सी वर्मा कृषि विज्ञान केन्द्र आंकुशपुर.समेत भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

सभी आगंतुकों के प्रति आभार पंकज राय के द्वारा ब्यक्त किया गया।

### जनसुनवाई के मामले में छह थानों को राज्य में प्रथम रैंक

# प्राप्त शिकायतों का हुआ शत-प्रतिशत समाधान

## एसपी ने पुलिसकर्मियों को दी बधाई

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : शिकायतों का समय पर और त्वरित निस्तारण होने पर प्रदेश सरकार द्वारा की जाने वाली रैंकिंग में जिले के थाना घोसी, मुहम्मदाबाद, हलधरपुर, मधुबन, महिला थाना व कोतवाली को शत-प्रतिशत अंक मिले हैं। साथ ही साथ जनपद को 120 में 118 अंक मिले हैं, जो 98.33 प्रतिशत है। पुलिस अधीक्षक ने गौरव हासिल करने पर पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को बधाई दिया।



पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय।

पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने बताया कि आईजीआरएस ( जनसुनवाई ) समाधान पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जिले के छह थानों ने प्रदेश में प्रथम रैंक हासिल किया है। बताया कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त समस्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के मासिक मूल्यांकन में माह सितंबर में जनपद पुलिस के थाना घोसी, मुहम्मदाबाद, हलधरपुर, मधुबन, महिला थाना एवं कोतवाली ने शत-प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए प्रदेश में थानावार रैंकिंग में प्रथम रैंक अर्जित करने का गौरव हासिल किया है। शासन द्वारा प्रदेश के सभी थानों को प्राथमिकता के आधार पर जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का निर्देश जारी किया गया है। शासन के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय द्वारा भी सभी क्षेत्राधिकारियों, थानाध्यक्षों के साथ सभी पुलिस कर्मियों को प्राथमिकता के आधार पर जनसुनवाई करने तथा प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए जाने को लेकर सख्त दिशा निर्देश जारी किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आइजीआरएस में सितंबर में शिकायतों का पुलिसकर्मियों ने तत्परता से निस्तारण किया। सितंबर 2022 की रैंकिंग में प्रदेश में 6 थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। बताया कि शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के निस्तारण के ऑन लाइन आने वाले शिकायतों के निस्तारण में भविष्य में भी ऐसे ही तत्परता दिखाने का निर्देश दिया गया है। इस पोर्टल पर पब्लिक की शिकायत का निस्तारण विभिन्न संदर्भों में दर्ज कर समयावधि में निस्तारित किया जाता है।

# सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे को तत्काल हटवाने के दिए निर्देश

## डीएम और एसपी ने थाना समाधान दिवस पर मोहम्मदाबाद गोहना में की जन सुनवाई

### पूर्व में मिली शिकायतों का दोनों अधिकारियों ने किया समीक्षा

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय के साथ महीने के दूसरे शनिवार को थाना समाधान दिवस पर थाना मोहम्मदाबाद गोहाना में जन सुनवाई की। जिलाधिकारी ने पिछले समाधान दिवस पर आई शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा किया। कुछ मामलों के पूरी तरह निस्तारण न होने पर उन्होंने संबंधित लेखपालों से इस संबंध में विस्तृत जानकारी ली एवं उसके संपूर्ण समाधान के निर्देश दिए।



इस दौरान कुछ शिकायतें सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर भी थी जिसके संबंध में अभी तक कार्रवाई ना होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपालों को तत्काल मौके पर जाकर पुलिस के सहयोग से अवैध कब्जा खाली कराने के निर्देश दिए। उन्होने एक-एक करके सभी शिकायतकताओं की शिकायतें सुनी एवं मौके पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर सभी शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। कुछ मामलों में पुलिस एवं लेखपाल की संयुक्त टीम को तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर रवाना भी किया। जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों एवं पुलिस को संयुक्त टीम बनाकर थानों पर आने वाली राजस्व एवं अन्य सभी शिकायतों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए। निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करे, जिससे दोनों पक्ष निस्तारण से संतुष्ट हो। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना एवं सीओ. मोहम्दाबाद गोहाना तथा संबंधित थाने के सभी अधिकारी एवं क्षेत्र के सभी लेखपाल मौके पर उपस्थित थे।

# दानापुर मंडल रेलवे सुरक्षो बल के वरीये सुरक्षो आयुक्ते श्री प्रकाश पांडा ने आरपीएफ थाना का किया वार्षिक निरीक्षण

**जनार्दन प्रजापति संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

दिलदारनगर (गाजीपुर) : अलार्म चेनपुलिंग को रोकने व यात्रियों के सुरक्षा के लिहाज से लगभग 80 ट्रेनों में आरपीएफ व आरपीएसएफ की एस्कोर्ट चल रही है ।निरीक्षण में आरपीएफ पोस्ट का कार्य ठीक पाया गया।उक्त बातें दानापुर मंडल रेलवे सुरक्षो बल के वरीये सुरक्षो आयुक्ते श्री प्रकाश पांडा ने शनिवार को आरपीएफ थाना के वार्षिक निरीक्षण के दौरान कही।

अप सीमांचल एक्सप्रेस से पहुंचे वरीये सुरक्षो आयुक्त ने अरपीएफ पोस्ट पहुंचे औरे पत्रावलियों सहित क्राइम रिकार्ड व क्राइम पैटर्न की गहनता पूर्वक जांच की ।इसके बाद स्टेशन,बैरक,सरकुलेटिंग एरिया का भी निरीक्षण कर रेलवे के वाहन स्टैंड को देखा और वाहनों का रेट लिस्ट की सूची चस्पा करने का निर्देश भी स्टैंड में कार्यरत कर्मचारी को दिया।

रेल यात्रियों की सुरक्षो को लेकर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण के बाद मीडिया मुखातिबे वरीये सुरक्षो आयुक्ते श्रीप्रकाश पांडा ने कहाँ की पटना- डीडीयू मेन रेल खंड पर चेनपुलिंग की घटनाओं को रोकने और अराजकतत्वों से सख्ती से निपटने के लिए स्कूल व कालेजों व गांवो में आरपीएफ द्वारा जागरूकता अभियान चलाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है ।रेलवे ट्रेनों को समय से चलाने के लिए कटिबद्ध है ।रेल परिचालन में गतिरोध पैदा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

आरपीएफ द्वारा महिलाओं व बच्चों की सुरक्षो के लिए ट्रेनों में चलने वाली मेरी सहेली टीम को पर्व को देखते हुए स्टेशनों पर लगाया गया है ।मंडल में महिला आरक्षियों



की कमी को देखते हुए 40 महिला आरक्षी बढ़ाने का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा गया है संख्या बल बढ़ते ही दिलदारनगर में भी महिला आरक्षियों की तैनाती की जाएगी।आरपीएफ के 139 यात्री हेल्प लाइन नंबर पर भी यात्री अपनी समस्या बता सकते है जिसे ट्रेन में तैनाते सुरक्षो दस्ता की टीम यात्री से संपर्क कर उसकी समस्या को हल करता है ।इसके अलावा समय समय पर जागरूकता अभियान चलाकर यात्रियों को जागरूक किया जाता है ।बैरक में बुनयादी सुविधाओं को भी बढ़ाया जाएगा।इस मौके पर रेलवे सुरक्षो बल के निरीक्षक प्रभारी बाल गंगाधर, उप निरीक्षक राजीव कुमार,नवीन कुमार आदि आरपीएफ कर्मी उपस्थित रहे।

### कार्यदायी संस्था के आठ दौर की बैठक के बाद भी नहीं निकला था हल

# अस्पताल प्रशासन की हठधर्मिता से नहीं बन सका कोविड वार्ड

## मुख्य चिकित्साधिकारी के हस्तक्षेप से खुला मामला, अब शुरू हुआ कार्य

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिला अस्पताल प्रशासन की हठधर्मिता की वजह से जिला अस्पताल में कोविड वार्ड नहीं बन सका। यही नहीं कार्यदायी संस्था ने इस मसले पर अस्पताल के सीएमएस डा. नाहिदा खातून सिद्दीकी के साथ आठ दौर की बैठक की थी। इसके बावजूद कोई हल नहीं निकला। सीएमओ के निरीक्षण के दौरान सच्चाई उजागर होने के बाद अब कार्य शुरू किया गया है। इसे लेकर स्वास्थ्य महकमे में जबरदस्त चर्चा है।

कोरोना महामारी के दौरान लोगों को बेहतर उपचार के लिए शासन से जिले में सदर अस्पताल सहित सीएचसी व पीएचसी पर कोविड वार्ड बनाने की मंजूरी मिली थी। शासन ने इसके लिए कार्यदायी संस्था को अनुमानित लागत का पचास फीसद अग्रिम भुगतान कर दिसंबर माह तक सभी वार्ड को पूरा करने का आदेश दिया था, लेकिन जनवरी माह में आदेश के बाद भी जिला अस्पताल में इसकी नींव तक नहीं रखी जा सकी। पिछले दिनों राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की टीम ने सीएमओ डा. नरेश अग्रवाल को



इसकी जानकारी दी तो उन्होंने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उनके हस्तक्षेप के बाद कार्य शुरू किया गया। सूत्रों की माने तो जगह के चयन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के जेई रामनयन ने अप्रैल माह में इमरजेंसी के पीछे जगह एलाट कर दिया था। सीएमएस की तरफ से काम को बंद कराने का प्रयास चलता रहा। किसी तरह मई माह में काम शुरू हुआ तो सीएमएस खुद वहां पहुंच काम को बंद करा देती थी।

**20 बेड के जनरल व 12 बेड के आईसीयू की है मंजूरी**

सदर अस्पताल में कुल 32 बेड के कोविड वार्ड बनाने की मंजूरी है। विभाग के जेई द्वारा आपातकाल के पीछे वाली भूमि का चिंहृति कर कार्यदायी संस्था को सौप दिया गया। इसके द्वारा एक तरफ 20 बेड का जनरल और दूसरे तरफ 12 बेड का आईसीयू वार्ड बनाया जा रहा है।

कोविड वार्ड के निर्माण से संबंधित जानकारी मिलने के बाद तत्काल मौके का निरीक्षण कर कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया है। इसकी मानिटरिंग भी होगी, जो भी समस्या होगी उसका तत्काल निराकरण होगा। किसी भी हाल में निर्धारित अवधि तक कार्य पूरा होना चाहिए।

- डा. नरेश अग्रवाल सीएमओ

# आकाशीय बिजली गिरने से जल शक्ति राज्यमंत्री के चाचा हुए गंभीर रूप से घायल।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा। जनपद बांदा के पैलानी डेरा निवासी योगी सरकार में जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद के चाचा खेत में मवेशी चरा रहे थे तभी बरसात के बीच बिजली गिर गई और वह उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए, और मवेशी लिए चरवाहों ने वर्षा थमने के बाद उनको झुलसी हालत में देखा और जसपुरा सीएचसी में ले जाकर भर्ती कराया।

योगी सरकार में जल शक्ति राज्यमंत्री के चाचा 60 वर्षीय गोरेलाल निषाद खेत में मवेशी चरा रहे थे तभी गड़गड़ाहट के साथ आकाशी बिजली की चपेट में आ गए। शाम करीब 4:00 बजे चरवाहों ने झुलसी हालत में पड़े देखा और शोर मचाया मवेशी चरा रहे लल्लू निषाद विजय करण निषाद ने घटना की सूचना परिवार वालों को दी धर्मराज मुन्ना निषाद आदि तुरंत जसपुरा सीएचसी लेकर घायल को पहुंचे। उप जिलाधिकारी लाल सिंह यादव ने राजस्व निरीक्षक वाले पाल को भेजकर जांच रिपोर्ट मंगवाई है !

# "हर घर नल योजना" के ठेकेदार की सांप के काटने से हुई मौत।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा । हर घर नल पेयजल योजना की टंकी बनाने वाले ठेकेदार कि सांप के काटने से मौत हो गई घटना से परिवार में कोहराम मचा है। बीकानेर के मुक्ता नगर कॉलोनी के निवासी शहजाद अली उम्र 50 वर्ष बबेरू के आहार गांव में हर घर नल जल योजना के चल रहे काम में ठेकेदारी कर रहा था रात करीब 2:30 बजे जब वह चंकी को चेक करने के लिए प्रेशर पंप चलाने गया तो वहां सांप ने उसके पैर में काट लिया ठेकेदार ने किसी तरह अपने कमासिन कस्बा में काम कर रहे मोहम्मद सद्दाम को फोन से घटना की जानकारी दी इससे पुत्र और मजदूरों की मदद से उसे सीएचसी बबेरू ले गए वहां के चिकित्सकों ने उसे बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया जहां मेडिकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई मृतक के पुत्र ने बताया है कि बनी हुई पानी की टंकियों से वह पानी का रिसाव सुधारते हैं हैदराबाद की एनसीसी कंपनी टंकियों को बनवा रही है !

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत की महापंचायत मे शामिल होकर मजबुत बनाने काम कर सरकार को झुकाने का कार्य करेगे

**राजसिह मलिक छपरौली**

छपरौली कस्बे मे चौबीसी खाप की आयोजित किसानो की महापंचायत मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 10 अक्तूबर को बागपत कलेक्टरेट पर होने वाली

भारतीय किसान यूनियन टिकैत की महापंचायत मे शामिल होकर मजबुत बनाने काम कर सरकार को झुकाने का कार्य करेगे

शुक्रवार को कस्बे के तिलवाडा रोड पर आर्य समाज मन्दिर मे चौबीसी खाप की महापंचायत आयोजित की गयी पंचायत को सम्बोधित करते हुये किसान नेता नरेश खोखर ने कहा कि सरकार किसानो की फुट का लाभ उठाकर किसानो का शोषण कर रही किसानो का गन्ना भुगतान न करवाने पर गरीब किसानो की कमर तोडने का काम कर रही है वही पंचायत मे किसानो ने विधुत बिलो के भुगतान को लेकर सरकार को दोषी मानते हुये सरकारी तंत्र का भष्टाचारी कहा है पंचायत को सम्बोधित करते हुये चौबीसी खाप के चौधरी सुभाष ने कहा है कि सरकार किसानो का जमकर शोषण कर रही उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार किसानो को लाभ देने की घोषणा हवाई कर रही धरातल पर विकास नही हो रहा उन्होने कहा कि सरकार यह ने समझे कि किसानो मे फूट है किसानो मे फूट नही है केवल वेचारिक फूट है सरकार को दस अक्तूबर को किसान अपनी ताकत का एहसास भी करा देगे

पंचायत को भाकियू के चोबीसी चौधरी रणबीर ने भी सम्बोधित करते हुये सरकार को चेताया है कि किसानो पर अत्याचार का काम छोड दे ओर किसानो का गन्ना मिल मालिको से जल्दी भुगतान कराने का काम करे वही पंचायत के अन्त मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी दस अक्तूबर बात मे होने वाली पंचायत को चौबीसी खाप अपना समर्थन करते हुये सरकार का झुकाने का काम करेगे

पंचायत की अध्यक्षता चौधरी ज,योति सिह मुकन्दपुर ने तथा सवाल चौधरी रणबीर सिह ने किया इसके अलावा यशपाल धुमसिह चेयरमेन, इन्द्र पाल जुगला, सोनू, नीटा पहलवान सुखबीरसिह मेनपाल आदि किसानो न अपने विचार रखे

# नोएडा भारतीय योग संस्थान ने किया सेक्टर 78 में योग कक्षा की शुभारम्भ

नोएडा समाज जागरण भारतीय योग संस्थान जीओ और जीवन दो एक अपने स्लोगन के साथ नोएडा जिला में एक और नये योग कक्षा की शुरूआत विधिवत की। नोएडा सेक्टर 78 हाइड पार्क में स्थित इस नये योग कक्षा की पहले दिन ही 85 से अधिक योग साधक और साधिक-ाओं नें योग साधना किया। समारोह में प्रधान, दिल्ली प्रांत -2 श्री योगेश शर्मा, स. मंत्री -दिल्ली प्रांत 2, श्रीमती भूपिंदर कौर, जिला अधिकारी और क्षेत्रीय अधिकारी मौजूद रहे और क्लास को बैनर भी प्रदान किया गया।*



हाइड पार्क के साधकों ने बहुत ही सुंदर योगाभ्यास कराया तो वही श्री योगेश शर्मा ने बहुत ही प्रभावशाली तरीके से प्राणायाम का अभ्यास कराया और महत्वपूर्ण जानकारियां दी। श्री हीरा सिंह बिष्ट जी ने सामग्री पर चर्चा की, श्रीमति भूपिंदर कौर ने आशीर्वचन दिए और श्री संजय शर्मा ने शांति पाठ कराया। हाइड पार्क की पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई एवं धन्यवाद। साधक की संख्या लगभग 85 के आसपास थी। शांतिपाठ और प्रसाद वितरण के साथ ही कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# ग्राम प्रधान समेत छह लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने पर प्राथमिकी दर्ज।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा। जनपद बांदा के बघेला बारी गांव के नवनियुक्त पंचायत सहायक ने 10 दिन पहले फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी थी। मृतक की पत्नी ने बघेला बारी गांव के ग्राम प्रधान समेत छह लोगों पर पिटाई का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र थाने में दिया कि आत्मग्लानि में उसके पति ने हत्या कर ली है ।फतेहगंज थाना में आरोपित ग्राम प्रधान समेत छह लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने की एफ आई आर दर्ज की गई है पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, वही एफ आई आर जो दर्ज हुई है उसमें ग्राम प्रधान का पद नहीं लिखा गया है सिर्फ नाम लिखा गया है फतेहगंज थाना के ग्राम बघेला बारी निवासी 28 वर्षीय नवनियुक्त पंचायत सहायक शिव विद्याभूषण पुत्र स्वर्गीय शिव भूषण ने 28 अक्टूबर की शाम फंदे से लटककर जान दे दी थी घटना के समय पत्नी रानी अपनी बेटी का मुंडन कराने चित्रकूट गई थी पत्नी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि पति का 15 दिन पहले ग्राम बघेला बारी में पंचायत सहायक पद में चयन हुआ था जिसको लेकर ग्राम प्रधान यह नहीं चाहते थे कि मेरे पति काम करें !

## नारोमुरार में उच्च अंक प्राप्त छह छात्र किये गये सम्मानित

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। प्रखंड क्षेत्र के कुटरी पंचायत की** नारोमुरार गांव में कार्यक्रम आयोजित कर मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले 06 विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

गुरुवार को नारोमुरार गांव स्थित ग्राम कचहरी परिसर में आयोजित दशहरा



मेला के दौरान नारोमुरार सेवक संघ के सदस्यों ने पुरस्कार राशि का चेक ,ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र संबंधित विद्यार्थियों को सौंपा।

ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का अलख जाग रहा नारोमुरार सेवक संघ ने दशहरा मेला के अवसर पर गांव के मैट्रिक और इंटर बोर्ड 2022 की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया । जबकि 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मैट्रिक और इंटर के चार बच्चों को क्रमशः 10 हजार तथा 05 हजार रूपए का चेक दिया गया। सेवक संघ के शिक्षा सलाहकार सह हैदराबाद के डॉक्टर रेड्डी लैब के जीएम हरेंद्र सिन्हा की वित्तीय सहायता से मैट्रिक एवं इंटर में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले 04 बच्चों को नगद राशि का चेक दिया गया । मंच संचालन अमन आनंद ने किया। नारोमुरार सेवक संघ के अध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि नारोमुरार एवं खिरभोजना गांव में शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए नारोमुरार गांव के बुद्धिजीवियों ने 2018 में सेवक संघ का गठन किया है।

जो गांव के बच्चों को मुफ्त शिक्षा के साथ ही मैट्रिक और इंटर में अंक प्राप्त करने पर पुरस्कृत करने की योजना पर कार्य कर रहा है।

इससे अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता और बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है।

### आकृति को 95. 6 प्रतिशत अंकों के लिए मिला पहला पुरस्कार

कार्यक्रम में ग्रामीण सह कॉलेज शिक्षक विजय कुमार सेवक संघ के सांस्कृतिक सलाहकार कौशलेंद्र कुमार तथा आदर्श नाट्य कला परिषद के अध्यक्ष अनंत सिंह के हाथों प्रथम पुरस्कार हरेंद्र सिन्हा की पुत्री आकृति सिन्हा 95. 6 फीसद , द्वितीय पुरस्कार अशोक कुमार का पुत्र अनमोल कुमार सीबीएसई से 86 फीसद तथा तृतीय पुरस्कार के तौर पर दिलीप कुमार का पुत्र रोहित कुमार को पुरस्कृत किया गया। जबकि इंटर बोर्ड से प्रथम स्थान पर राम सरोवर कुमार का पुत्र समीर सम्राट 95 4 फीसदी, निरंजन कुमार का पुत्र नीतीश कुमार को द्वितीय पुरस्कार तथा निरंजन सिंह की पुत्री शिवानी कुमारी को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## चुनाव टलने से युवाओं में उदासी

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। नगर निकाय चुनाव के स्थगित हो जाने से क्षेत्र के सैकड़ो युवाओं में उदासी छा रही हैं।

वहीं नेताजी भी पूरी तरह से शांत पड़ गये हैं। एक माह से दिनभर चुनाव प्रचार में घूमनेवाले युवाओं के समक्ष बेरोजगारी आन पड़ी है।

दिनभर व्यस्त रहनेवाले लोग दुर्गा पूजा में भी घर पर उदास बैठे रहे। लोगों की निगाह अब चुनाव आयोग पर टिकी हैं, कि पुनः चुनाव की अगली तिथि की घोषणा कब होगी। बीते एक माह तक वारिसलीगंज क्षेत्र में चुनाव को लेकर हर दिन शोर हो रहा था। नेताजी गली-गली घुमकर वोटरों को गोलबंद करने में लगे रहते थे।

## नम आंखें से मां दुर्गा, माता काली और भारत माता को दी गयी विदाई

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। शारदीय नवरात्रा को लेकर वारिसलीगंज प्रखंड सहित बाजार में स्थापित मां दुर्गा, माता काली और भारत माता की प्रतिमा को शुक्रवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने विसर्जित किया। इसके पूर्व श्रद्धालुओं ने मंदिर में स्थापित माता का पूजा अर्चना किया।

तदोपरान्त अपने परिवार, समाज, राष्ट्र की खुशहाली एवं सुख, समृद्धि के लिए मन्नतें मांगी। वारिसलीगंज बाजार के अलावा अपसढ़, कुटरी, मंजौर, कोचगांव, दोसुत, माफी गांव में स्थापित मां शक्ति की अधिष्ठात्री नवदुर्गा की पूजा अर्चना शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया।

इस मौके पर कोचगांव में आयोजित मेला में काफी भीड़ देखी गयी। लोगों ने जमकर

### मेला का लुफ्त उठाये।

इस अवसर पर वारिसलीगंज बाजार स्थित मां दुर्गा, माता काली और भारत



माता की प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली गयी। श्रद्धालुओं ने नम आंखें से मां को विदाई दिया। जय माता दी के उद्घोष से सारा वातावरण गूंजता रहा। मां की प्रतिमा की पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। मौके पर थानाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्र समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल के साथ सक्रिय रहें।

## .....नै रहलाह गुरूजी पंडित ज्योति नाथ झा

पूर्णियां/ छातापुर । शिक्षा विद व हमारे प्रिय पूज्यनीय ज्योति नाथ झा जी इस आसार संसार को छोड़कर परलोक सिधार गए ।उनके असामयिक निधन पर जहां लोगों नें गहरी संवेदना प्रकट की है वहीं वरीय समाजसेवी सह पनोरमा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव मिश्रा नें कहा कि गुरूजी के निधन से वे बहुत आहत हैं ।उनका इस तरह से देह त्याग करना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है '

भगवान उनको अपने चरणों में जगह दे ।सत सत नमन गुरु जी भावपूर्ण श्रद्धांजलि कर रहा हूँ अर्पित ।

## बाली गांव में 11 व 12 को मड़ही पूजा परमसत्ता का विधिवत ब्रह्म मुहूर्त में होती हैं विशेष पूजा-अर्चना

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। प्रेम, भाईचारा और सद्भाव का प्रतीक मड़ही पूजा 11 व 12 अक्टूबर को होगी। वारिसलीगंज प्रखंड अन्तर्गत शाहपुर पंचायत के बाली ग्राम में प्रत्येक वर्ष दशहरा उत्सव के बाद कार्तिक द्वितीया को मड़ही पूजा बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। इस अवसर पर जाति, धर्म, उंच नीच की दीवारें ढह जाती है ,और सभी लोग एक छत के नीचे एकत्रित हो मड़ही पूजा के आनंद से सराबोर हो जाते है। इस दौरान दूर दराज से हजारों लोग आकर पूजा अर्चना करते हैं, चादर चढ़ाते और मनौतियां मांगते हैं और पूरा करते हैं। पूजा को लेकर ग्रामीणों सहित अगल बगल के गांव के लोगों में उल्लास का माहौल है।

1974 से होती चली आ रही इस प्रेम पूजा में परमसत्ता का विधिवत ब्रह्म मुहूर्त में आह्वान किया जाता है। तत्पश्चात पूजा कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाता है। इस अवसर पर जिनकी मन्नतें पूरी होती है वे मुंडन संस्कार करवाते हैं। मड़ही पूजा पर आगंतुकों के लिए लंगर की विशेष व्यवस्था की गयी है। व्यवस्थापक देवाश्रय कुमार चंचल ने



बताया कि पूजा की तैयारी की जा रही है जिससे की अतिथियों को कष्ट नहीं हो।

11 अक्टूबर को सुबह ब्रह्ममुहूर्त में परमसत्ता का विधिवत आवाह्न किया जाता है। उन्होंने बताया कि कोरोना की वजह से बीते दो वर्षों में जो लोग मड़ही दर्शन से वंचित रहे वे लोग भी इसबार बाली आनेवाले हैं।

### गीत संगीत और कव्वाली की रहेगी व्यवस्था

दो दिनों के कार्यक्रम में गीत संगीत और कौव्वाल की व्यवस्था रहेगी। कव्वाल में पुरुष पक्ष गया से तथा महिला पक्ष कानपुर से बुलाया गया है। इसके अलावा स्थानीय लोगों तथा श्रद्धालुओं द्वारा भी भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया जायेगा। देवाश्रय चंचल ने कहा कि लोग पूर्णिमा से ही दर्शन के लिए बाली आना शुरू कर देते हैं। व्यवस्थापक के अलावा पूजा की तैयारी में खपुरा के मन्नू सिंह, पकरीवरावां के विभूति वारसी, ग्रामीण बमबम कुमार, शंकर कुमार, संतोष कुमार, अनिल कुमार, चंदन कुमार, अनिकेत कुमार आदि विशेष रूप से सक्रिय हैं।

## रहने से लोग परेशान

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को ले शुक्रवार को दिन के 11 बजे से देर शाम तक वारिसलीगंज बाजार में विद्युत प्रवाह बाधित रहने से बाजार वासियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी । दिनभर बिजली नहीं रहने से अधिकांश दुकानों एवं घरों का बैट्री डिस्चार्ज हो गया । फलतः शाम ढलते ही बाजार की दुकानों में अंधेरा छा जाने से दुकानदारी प्रभावित हुई। दुकानदारों ने आपत्ति जताते हुए कहा है , कि प्रतिमा विसर्जन का शुभारंभ चार बजे के बाद होता है , तो दिनभर लाइन बन्द रखना दुकानदारों के साथ मजाक है।

## हंगामा करता शराबी गिरफ्तार, जेल भेजा

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र के माफी निवासी गुलशन कुमार को गुरुवार की शाम गांव में ही शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। ग्रामीणों द्वारा हंगामे की सूचना मिलने के बाद वारिसलीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर थाना ले गयी।

## बहु के साथ मारपीट प्राथमिकी दर्ज

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-थाना क्षेत्र के कोचगांव निवासी रामरतन ठाकुर ने अपने दामाद पटना जिला के बेता थाना क्षेत्र के पैनाल निवासी प्रदीप कुमार पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। साथ ही, सास, ननद व दामाद के भाई को भी आरोपित किया है। इन लोगों पर उनकी बेटी से दहेज मांगने और नहीं देने पर मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप है।

## मूर्ति विसर्जन करने गये युवक की डूबने से मौत

ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण नवादा (बिहार)। जिले के उग्रवाद प्रभावित रजौली थाना क्षेत्र के जॉब जलाशय में डूबने से युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान गागन गांव के भोला यादव के पुत्र जीतेन्द्र कुमार के रूप में की गयी है। घटना के बाद घर-परिवार में कोहराम मचा है। बताया जाता है कि मृतक अपने अन्य साथियों के साथ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने जॉब जलाशय गया था। अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। मृतक को तैरना नहीं आता था। जबतक लोग बचाव के लिए पानी के अन्दर जाकर बाहर निकाल पाते उसकी मौत हो चुकी थी। मौत की सूचना मिलते ही घर-परिवार में कोहराम मचा है।

## हसपुरा में पीएनबी का मित्र ग्राहक सेवा केन्द्र का हुआ शुभारंभ

दैनिक समाज जागरण, सत्यदेव सिंह हसपुरा औरंगाबाद (बिहार.) 08 अक्टूबर 2022:- जिले के हसपुरा प्रखंड मुख्यालय स्थित बड़ी फिल्ड के समीप पीएनबी का बैंक मित्र ग्राहक सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया ।जिसका विधिवत उद्घाटन पीएनबी बैंक प्रबंधक भुषण कुमार ने फीता काटकर किया। मौके पर ग्राहक सेवा केन्द्र के मित्र गुड़िया कुमारी, राजेश कुमार, शिव कुमार भारती, दिलीप कुमार , कुमार रंजन ,संजीवन कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैंक प्रबंधक भूषण कुमार ने कहा है हसपुरा जैसे सुदूर इलाके में बैंक मित्र ग्राहक सेवा में हमेशा तत्पर होकर कार्य करेगी। हसपुरा प्रखंड एक आबादी वाली प्रखंड है। ग्राहक सेवा केन्द्र खुलने से लोगों को काफी सहुलियत होगी। सबसे ज्यादा लाभ बुढ़ बुजुर्गों को होगा। आसानी से मित्र बैंक से उन्हें लेन-देन होगा। बड़े बैंकों का झंझट दूर हो जायेगा।

### ड्रीम प्रोजेक्ट गंगाजल आपूर्ति योजना का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

## मोतनाजे में गंगाजलापूर्ति योजना के क्रियान्वयन को देख मुख्यमंत्री ने की प्रसन्नता जाहिर

**रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

नवादा (बिहार)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य सरकार की अति महत्वकांक्षी गंगाजल आपूर्ति योजना का जिले के नारदीगंज प्रखंड के लोहड़ा पंचायत स्थित मोतनाजे ग्राम में निरीक्षण किया एवं उपस्थित वरीय अधिकारियों को बेहतर ढंग से क्रियान्वयन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया।



इसके पूर्व मोतनाजे में हेलीपैड पर जिलाधिकारी नवादा की उदिता सिंह, नालन्दा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर एवं नवादा के पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला ने बुके देकर मुख्यमंत्री का हार्दिक स्वागत किया। हेलीपैड से बाहर निकलने के क्रम में जिले के जदयू के अधिकारियों एवं कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री को माला, बुके आदि देकर सम्मानित किया और हाथ जोड़कर नमन करते हुए तालियों से उनका भव्य स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने परियोजना के तहत मोतनाजे में नवनिर्मित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट डिटेंशन टैंक पम्प हाउस, क्लोरिन हाउस, यूटिलिटी बिल्डिंग, केमिकल हाउस का स्थलीय निरीक्षण कर गंगाजल आपूर्ति योजना के विभिन्न कार्यों के सम्बंध में अबतक की प्रगति के बारे में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने देखा कि गंगाजल को अपलिफ्ट कर मोतनाजे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में क्रियान्वयन हो रहा है। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नवादा, गया और बोधगया में भी गंगाजल आपूर्ति योजना को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नवादा, गया और बोधगया में गंगाजल आपूर्ति के लिए अतिरिक्त वाटर डिजरवायर का निर्माण करायें।

नवादा के पौरा गांव में गंगाजल को स्टोर कर प्यूरिफाई करने के बाद लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति का कार्य प्रगति पर है। गंगाजल को स्टोर कर नवादा, राजगीर, गया एवं बोधगया के लोगों को सालों भर पेयजल की आपूर्ति की जायेगी। इसके लिए बरसात के चार महीनों तक गंगाजल से वाटर अपलिफ्ट कर वर्ष के शेष आठ महीने जलापूर्ति करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी को स्टोर करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया।

जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 गौरव मंगला के द्वारा मोतनाजे में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था करायी गयी थी। चप्पे-चप्पे पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के साथ सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी।

स्थलीय निरीक्षण के अवसर पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के सचिव संजय कुमार झा, सचिव जल संसाधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार,पटना के प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, अपर समाहर्ता उज्ज्वल कुमार सिंह, अनुराग कौशल जिला परिवहन पदाधिकारी, अनिल कुमार सिंह डीएसपी मुख्यालय, उमेश कुमार भारती अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर , उपेन्द्र प्रसाद एसडीपीओ, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सत्येन्द्र प्रसाद, उपनिर्वाचन पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार सुमन के साथ ही वरीय उपसमाहर्ता आदि उपस्थित थे।

## औरंगाबाद जिले में कृषि समन्वयक सरेआम ले रहें किसानों से पैसा, फिर कर रहे है अनुशंसा, रिश्वत देने के बावजूद भी अनुदान की राशि का गारंटी नहीं ,आखिर जबादेह कौन ?

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवादाता औरंगाबाद (बिहार.)**

औरंगाबाद (बिहार.) 08 अक्टूबर 2022:- बिहार राज्य के औरंगाबाद जीले में कृषि समन्वयक द्वारा किसानों से पैसा लेने की मामला अब तूल पकडने लगा है। जिले के मदनपुर प्रखंड अन्तर्गत बनिया पंचायत में कृषि समन्वयक द्वारा सरेआम किसानों से रिश्वत राशि " पैसा" लेकर पैकिट में रखने का विडियों वायर हो रहा है। बनिया पंचायत के ग्रामीणों एवं सैलवां गांव निवासी किसान सुनील सिंह ने.बनिया पंचायत के कृषि समन्वयक अरविंद सिंह पर. गलत तरीके से फोटो खिंचने और फोटो खिंचने के एवज में पैसा लिए जाने का आरोप लगाया गया है ।जिसका एक फोटो भी तेजी से वायर हो रहा हैं वायरल वीडियो की पुष्टि दैनिक समाज जागरण द्वारा नहीं किया जाता है फिर भी वायरल वीडियो में एक जवाब देह सरकारी कर्मचारी कृषि समन्वयक द्वारा किसानों से कृषि अनुदान दिलाने के नाम पर रिश्वत राशि ( पैसे ) की उगाही किसानों के हित में जांच का विषय है। अब देखना है



कि वायरल वीडियो के आधार पर रिश्वतखोरी में संलिप्त कथाकथित कृषि समन्वयक के विरूद्ध जिला पदाधिकारी कौन सी कार्रवाई करते हैं या राजनीतिक दबाव में मामले की लीपापोती कर दिया जाता है।

## अतिपिछड़ों का आरक्षण खत्म करने के खिलाफ माले ने फूंका पीएम का पुतला, भाजपा को बताया पिछड़ा और अति पिछड़ा विरोधी

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण नवादा(बिहार)। नगर निकाय चुनाव में आरक्षण के नियमों को लेकर पटना उच्च न्यायालय के फैसले के पीछे भाजपा की साजिश का आरोप लगाते हुए भाकपा माले का राज्यव्यापी विरोध दिवस के तहत नवादा में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। विरोध मार्च समाहरणालय स्थित अम्बेडकर पार्क से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए प्रजातंत्र चौक पहुंचा, जहां केन्द्र सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया गया।

सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सह रजौली विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी नरेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि आरक्षण विरोधी भाजपाई अतिपिछड़ों से प्रेम का ढोंग बंद करें। भाजपा एक तरफ पिछड़ों के आरक्षण के पक्ष में घड़ियाली आंसू बहा रही है तो दूसरी ओर नीतीश सरकार को ट्रिपल टेस्ट की अवहेलना के लिए कोस रही है। यहां तक कि उसने इसके लिए नीतीश सरकार के खिलाफ आन्दोलन भी किया।

उन्होनें कहा कि महज कुछ समय को छोड़ दिया जाये तो विगत तीनों निकाय चुनाव 2007, 2012 और 2017 के समय भाजपा के पास ही नगर विकास मंत्रालय रहा है। वर्ष 2010 में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद भी दो चुनाव हुए, लेकिन न तो भाजपा का ज्ञान खुला और न ही उसमें पिछड़ों के प्रति प्रेम जागा। वर्तमान चुनाव की प्रकिया भी भाजपा-जदयू सरकार के कार्यकाल में ही शुरू हुई थी। दरअसल, सत्ता खोने से बौखलायी भाजपा बिहार के सामाजिक राजनीतिक स्तर पर हर हाल में खलल डालने और व्यवधान पैदा करने में लगी है और ऊपर से पिछड़ा प्रेम का ढोंग भी कर रही है। उन्होने अतिपिछड़ा समाज से अतिपिछड़ों के आरक्षण विरोधी भाजपा जैसी साम्प्रदायिक ताकतों के खिलाफ चौतरफा आन्दोलन छेड़ने का आह्वान किया। आरक्षण को लेकर भाकपा ने माले पूरे बिहार में धारा प्रवाह आंदोलन करने की चेतावनी दी।

## चौकीदार मंतोष सिंह ने पत्रकारिता भुला देने की धमकी एक पत्रकार को दिया है ,यह घटना बिहार राज्य के गया जिले के टनकुपा थाना क्षेत्र के ग्राम पुनौल की हैं।

**दैनिक समाज जागरण,अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद (बिहार) 08 अक्टूबर 2022 :- बिहार राज्य के गया जिले के टनकुपा थाना का एक चौकीदार मन्तोष सिंह पिता स्व० राधे सिंह ग्राम पुनौल थाना टनकुप्पा जिला :-गया (बिहार) निवासी द्वारा एक पत्रकार को पत्रकारिता भुला देने का धमकी दिया गया। चौकीदार मंतोष सिंह द्वारा पत्रकार नवीन कुमार उपाध्याय को दिए गये धमकी तथा शोशल मीड़िया के माध्यम से बनाये जा रहे अनैतिक दबाव की शिकायत पत्रकार नवीन कुमार उपाध्याय ने औरंगाबाद जिले के वरिष्ठ पत्रकार सह जस्टिस ग्रुप एडमिन अनिल कुमार मिश्र से किया है।

मामले का संज्ञान पत्रकार अनिल कुमार मिश्र ने लिया है और सोशल मीडिया माध्यम से चौकीदार साहब, मंतोष सिंह , ग्रामः- पुनौल, थाना :- टनकुपा, जिलाः- गया (बिहार) को संदेश देते हुए कहा हैं कि चौकीदार साहब अपने दायित्वों को निर्वहन करें, मामला एक ही गाँव के दो लोगों के बीच की हैं, पंचायत की फैसला को दोनो पक्ष माने ,वरणा कानून को अपने हाँथो में लेने वाले और धौस दिखाने वाले के विरूद्ध पत्रकार को सड़क पर उतरना पड़ेगा ।

चौकीदार साहब संदेश में कहना चाहेंगे की अगर आप कानून को अपने हाँथ में लेगे और गैर कानूनी तरीको से अपने पद, पहुँच व पैरवी की धौस पत्रकार अथवा किसी भी जनता को दिखायेंगे तो कलम की मार से नौकरी गवानी पड़ेगे और जेल भी जाना पड़ेगा। जिसके लिए आपके द्वारा सोशल मीडिया पर अपने गांव के ही सीनियर सिटीजन गौरी शंकर उपाध्याय एवं पत्रकार नवीन कुमार उपाध्याय के विरुद्ध जारी पोस्ट पर्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकीदार मंतोष सिंह द्वारा आपने गाँव के ही एक प्रतिष्ठित ,वयोवृद्ध सीनियर सिटीजन ब्राह्मण गौरी शंकर उपाध्याय एवं उनके पुत्र पत्रकार नवीन कुमार उपाध्याय के विरुद्ध सोशल मीडिया पर तथ्यहिन पोस्ट जारी किया गया है और जारी पोस्ट की आड़ में पत्रकार एवं उनके परिवार के साथ ब्लैकमेलिंग का कार्य जारी है।

चौकीदार साहब आपको हिदायत देते हुए संदेश में कहना चाहेंगे कि सोशल मीडिया की आड़ में पत्रकार एवं उनके परिवार को ब्लैक मेलिंग करना बंद कर दें और एक सप्ताह के अंदर अपने गलतियों के लिए माँफी मांगते हुए तथ्यहीन जारी पोस्ट को शोशल मीड़िया से हटा दें। आपके द्वारा शोशल मीड़िया पर अपने गाँव के प्रतिष्ठित, सीनियर सिटीजन "वयोवृद्ध ब्राह्मण" तथा इनके लड़क । पत्रकार नवीन कुमार उपाध्याय को कौन सी सजा मिलेगी, यह तो नहीं कह सकता हूँ किंतु आप भली-भांति याद रखें कि सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट को जारी करना , सोशल मीडिया के माध्यम से किसी को ब्लैक मेलिंग करना, सीनियर सिटीजन को प्रताड़ित करना एवं पत्रकार के साथ बदसलूकी करना संगे अपराध की श्रेणी में आता है। किसी को पीड़ा पहुंचाने एवं प्रतिष्ठा को हनन करने के उद्देश्यों से सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट के विरुद्ध कभी भी किसी समय प्राथमिकी दर्ज कराया जा सकता है। कानून से मिली चंद मिनटों की सजा आपकी नौकरी एवं परिवार के बीच भूचाल ला सकते है, इसलिए अहंकार को त्याग कर ब्लैक मेलिंग की धंधा करना बंद कर दें, शांतिपूर्ण जीवन जिए तथा दूसरे को जीने दें।

ज्ञात हो कि चौकिदार के आतंक से टनकुपा थाना क्षेत्र के ग्राम :-पुनौल निवासी पत्रकार नवीन उपाध्याय पत्रकारिता छोड़ दिया है और न्यूज के संबंध में नाना-प्रकार का बहाना बनाते रहे, क्योंकि चौकीदार की आतंक पत्रकार पर भारी पड़ रहा था ।





चौकीदार मंतोष सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल किया जिसमें पत्रकार नवीन कुमार उपाध्याय एवं इनके वयोवृद्ध पिता गौरी शंकर उपाध्याय पर अनेको तरह का आरोप लगाते हुए वायरल पोस्ट के माध्यम से मामले को निष्पादन की गुहार भी लगाया है और मामला न्यायालय में पहुंचने पर सजा दिलाने के लिए धमकी दिया गया है। वायरल पोस्ट में कहा गया है कि 03 वर्ष पहले का वीडियो मेरे पास है जो न्यायालय पहुंचने के बाद गौरी शंकर उपाध्याय एव इनके लड़के को सजा दिला सकता है, आखिर मामला 03 वर्षों से हैं तो चौकीदार साहब क्या रहे हैं 03वर्षों तक न्याय के लिए न्यायालय की दरवाजा क्यों नहीं खट खटाया। क्या टनकुपा थाना में सब कुछ चौकीदार साहब ही हैं तो प्रतीक्षा किस बात की है और क्यों नहीं प्रतिष्ठित लोगों को चुन चुन कर सजा दिलाया जा रहा है।

रावण की आतंक ,कंस की आतंक, बड़े बड़े अपराधियों की आतंक जब समाप्त हो सकता है तो आप कानून की गलियों में कौन सा बड़ा साहब हैं जो कानून से भी आपके आतंक समाप्त नहीं होगा।

याद रहे चौकीदार साहब, ब्राह्मणों से बैर करने वाले बड़े से बड़े राजा महराजा का सर्वनाश हो गये है और पत्रकारों से दादागिरी करने वाले बड़े बड़े अपराधी व गुण्ड़े मिट्टी में मिल जाते है और पत्रकारों से बैर करने वाले जेल की सलाखों के पीछे होते हैं और कानून उन्हें नहीं छोड़ता है। आप महज एक चौकीदार हैं, अपराधियों के सरगना नहीं हैं, जो आप के आतंक से एक पत्रकार सह गरीबी ब्राह्मण कांप उठे, सभी को स्वतंत्र जीवन जीने के अधिकार हैं। याद रहे ब्राह्मण आपके बंधुआ मजदूर नहीं है जो आपके के यहाँ पूजा करा कर आपकी इच्छा के अनुरूप दक्षिणा लें अथवा दक्षिणा के बदले में गाली दें । जहाँ तक मंदिर में पत्रकार नवीन कुमार उपाध्याय एवं इनके पिता गौरी शंकर उपाध्याय द्वारा पूजा नहीं करने देने की बात है अथवा ताला लगा देने की बात है अभी तक आरोप मिथ्या पाया गया हैं । आप एकांत में नहीं, ग्रामीणों के बीच पुजारी को कह दें कि मंदिर की पूजा पाठ छोड़ दें और मंदिर में ताला बंद नहीं करें, हम तुरंत पुजा करना छोड़ देगै और पुजा के पश्चात मंदिर में ताला लगाना भी छोड़ देंगे। जब पूरे गांव मंदिर में पूजा के बाद पूजा करने के लिए पुजारी से चाबी ले जाते हैं तो आप गांव के किसी ब्यक्ति से मंदिर में पूजा करने के लिए चाबी क्यों नहीं मंगा लेते हैं।

चौकीदार साहब पुनः कहना चाहेंगे ब्राह्मण किसी के बनिहार नहीं होते हैं । कानून में बैठे सभी लोग भी जानते हैं कि देहाती मंदिरों में जजमान एवं ब्राह्मण की इच्छा पर पुजा निर्भर है ना कि दबाव में ब्राह्मणों को बनिहारी करना है।

# मोहम्मद शावेज को नजीबाबाद आम पार्टी का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया



शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर नजीबाबाद के मोहल्ला मूगलूशाह निवासी मोहम्मद शावेज को आम पार्टी ने उनकी मेहनत और लगन को देखते हुए उन पर विश्वास जताते हुए नजीबाबाद नगर का आम पार्टी का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया आम पार्टी के पार्टी के जिला प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष अशोक कमांडो जिला अध्यक्ष श्री तेजपाल जिला सह प्रभारी अबरार आलम ने मोहम्मद शावेज को आम पार्टी का नजीबाबाद नगर अध्यक्ष से सम्मानित किया इस अवसर पर काफी संख्या मे आम पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे मोहम्मद शावेज ने कहा कि मै अपने आपको गर्वशाली महसूस कर रहा हूं कि आम पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताते हुए मुझे नजीबाबाद नगर अध्यक्ष मनोनीत किया और उन्होंने सभी पदाधिकारियो का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम मे आए सभी कार्यकर्ताओ का धन्यवाद किया और उन्होंने कहा मै वादा करता हूं कि मै अपना कार्य पार्टी मे लगन मेहनत और इमानदारी से करूंगा और पार्टी को ऊंचाइयों की ओर ले जाने का कार्य करूंगा

# चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार हाजी मौहम्मद फैसल ने मंडी समिति मे जनसंपर्क किया

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण**





बिजनौर नजीबाबाद,समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार हाजी मोहम्मद फैसल ने आज मंडी समिति में जनसंपर्क किया। इस दौरान उनके साथ काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। जगह जगह लोगो ने हाजी फैसल का फूल मालाओं से स्वागत किया।जनसंपर्क के दौरान मंडी समिति के व्यापारियों ने हाजी फैसल को अपनी ओर से पूरी तरहासे वोट और सपोर्ट करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर हाजी फैसल ने कहा कि नजीबाबाद की अवाम जो मुझेप्यार दे रही है, उसको मै जिंदगी भर नहीं भूल पाऊंगा।जनसंपर्क के दौरान आडतियो,वियापारियो ने हाजी फैसल का स्वागत किया,और मंडी समिति के व्यापारियों नेभरोसा दिलाया कि हम तन मन धन से आपके साथ खड़े हैं नजीबाबाद को एक युवा काम करने वाले जमीनी जनप्रतिनिधि की आवश्यकता है,जिसके रूप में हाजी फैसल सही आदमी है। जनसंपर्क के दौरान हाजी मोहम्मद फैसल ने कहा कि नजीबाबाद का जो विकास होना चाहिए था, वो नहीं हो पाया।हाजी फैसल ने कहा कि पूरी इमानदारी के साथ नजीबाबाद का विकास करना ही उनका लक्ष्य और मकसद है। इस अवसर पर मंडी समिति के व्यापारियों में हाजी नसीम राइन, शरीफ अहमद,कासिम लाला,नवाजिस राइन,अब्बास राइन, फजलु रहमान, नफीस अहमद,गुफरान अहमद, रईस अहमद, मोहम्मद सादिक, मेहताब अहमद, जावेद अहमद, इदरीस राइन,खुर्शीद शेख, और तस्लीम चौधरी,मुन्नी भाई,फईम अहमद,मोहम्मद अरशद उर्फ पारूल,नदीम अंसारी, शाहिद अंसारी,शाकिर कुरैशी, दिलशाद अहमद,नबी हसन,मोहम्मद शम्मी,हाजी कासिम,अबरार अहमद उर्फ मुन्ना,शानू बैटरी वाले,मोहम्मद साजिद, मोंटी साबरी,मुख्तार चौधरी,वसीम अहमद, नौशाद फरीदी,सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# *महीनो बीत जाने के बाद भी नहीं आते सफाई कर्मी गांव वाले कूड़े के ढेर से है परेशान*

**दैनिक समाज जागरण / जसवीर सिंह मंडावर** थाना क्षेत्र दयालवाला के ग्राम मीरापुर खादर का मामला है। आपको बताते चले की भारत सरकार द्वारा सफाई अभियान चलाया हुआ है, जिससे की देश बीमारी से बच सके लेकिन यहाँ उसका उल्टा ही होता नजर आता है। गांव वालों के अनुसार सफाई कर्मी पिछले 20 से 25 दिन बीत जाने के बाद भी गांव में सफाई करने नहीं आते है।जिससे गांव की सड़को पर कूड़े के ढेर लगे नजर आते है, जब ज्यादा कूड़ा हो जाता है।तो गांव की महिलाएं स्वयं सफाई करती नजर आती है, लेकिन सफाई कर्मियों के कानो पर कोई जूँ नहीं चलती है। जिससे की गांव के लोगो में भारी रोष व्याप्त है, और जब गाँव में सफाई कर्मी काम करने आते है तो 1से 2 घंटा काम करते है। और चले जाते है,महीने में इस गांव में सिर्फ 3 दिन कार्य करते यह सफाई कर्मी बाकी कहाँ रहते है किसी को जानकारी नहीं है। जब इसकी जानकारी ग्राम सचिव रोहिताश सिंह से की तो उन्होंने ने बताया की में अभी फोन करके उन्हें भेजता हूं, और आपकी पंचायत में तो एक ही सफाई कर्मी है।लेकिन आते दो है अब यह कैसी बात है।की सचिव साहब को नहीं पता की कर्मी कितने है। समाचार लिखे जाने तक कोई भी सफाई कर्मचारी वहां नहीं पहुंचा था।



# लियाकत अंसारी ने क्षेत्र वासियो से जन संपर्क कर उनकी समस्याएं का समाधान कर विकास कराने का किया वादा

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर** नजीबाबाद कस्बा जलालाबाद की चेयरपर्सन पति लियाकत अंसारी ने क्षेत्र के नई बस्ती कचहरी सराय मे जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान मोहल्लों के लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं सामने रखी, जिसमें मोहल्ले में टूटी फूटी सड़कों को मरम्मत कराने व गहरे गड्ढों की जगह सीसी रोड डलवाने की बात कही। मोहल्ले में अंधेरा रहने के कारण प्रकाश व्यवस्था के लिए खंबों पर लाइटें लगवाने की अपील की और साथ ही आर्थिक स्थिति से जूझ रहे मोहल्ले वासियों ने पानी के बिल को लेकर भी चिंता व्यक्त की। चेयर पर्सन पति लियाकत अंसारी ने मोहल्ले वासियों को विश्वास दिलाया कि वह पानी का बिल अपने पास से नगर पंचायत में जमा करा देंगे और जल्द ही मोहल्ले की टूटी-फूटी सड़कों की मरम्मत करा दी जाएंगी और जहां पर नई सड़क की जरूरत है वहां सीसी रोड डलवा दी जाएगी और जल्द ही विद्युत विभाग से संपर्क कर मोहल्ले की सड़कों पर बिजली के खंभे लगवा कर प्रकाश की व्यवस्था करा दी जाएगी। लियाकत अंसारी ने मोहल्ले वासियों को विश्वास दिलाया कि उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए वह चोबीसो घंटे जनता से कंधे से कंधा मिलाकर खड़े मिलेंगे। लियाकत अंसारी ने जनता से वादा किया कि जो क्षेत्र में जो रुके हुए कार्य है उन्हें कराकर क्षेत्र का विकास भी जल्द पूरा कराएंगे और जलालाबाद को एक जनसंपर्क के दौरान जलालाबाद चेयर पर्सन पति लियाकत अंसारी, नाजिम सलमानी, मुन्ना अंसारी, शाहिद अंसारी, कलीम सलमानी आदि मोहल्ले वासी शामिल रहे।



# पत्रकार अजीम कुरैशी के निधन पर पत्रकारो ने दो मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर नजीबाबाद** । पत्रकार अजीम कुरेशी का अचानक दिल का दौरा पड़ने से हुआ निधन आपको बता दे 40 वर्षीय पत्रकार अजीम कुरैशी निवासी नूरपुर अचानक दिल का दौरा पड़ने से शुक्रवार को देहांत हो गया जिसको लेकर नगर नजीबाबाद के पत्रकारों ने नजीबाबाद में स्थित डाक बंगले में पत्रकारों सहित भारतीय किसान यूनियन भानु के पदाधिकारी व कार्यकताओं द्वारा नूरपुर निवासी पत्रकार अजीम कुरेशी के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। अजीम कुरेशी 40 वर्ष जो कि पत्रकारिता के साथ साथ और भी कई पत्रकार संगठनों के साथ जुड़कर निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करते चले आ रहे थे। जिनका रात के समय सोते हुए दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके निधन से पत्रकारिता जगत के साथ-साथ क्षेत्र में भी शोक की लहर दौड़ गई। एक वर्ष पूर्व ही उनका विवाह हुआ था। प्रिंट मीडिया से जुड़े होने के साथ-साथ वह अखिल भारतीय सुरक्षा समिति व इंटरनेशनल रिपोर्टर एसोसिएशन आईरा संगठनों में भी काम किया और वह एक दुकान भी चलाते थे क्षेत्र में कर्मठ व जुझारू व निष्पक्ष पत्रकार के रूप में जाने जाते थे, उन्होंने हमेशा गरीब और मजलूमों की आगे आकर मदद की। शोकसभा में दिवंगत पत्रकार अजीम कुरेशी की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। भारतीय किसान यूनियन भानु के जिला अध्यक्ष रोहिताश सिंह ने पत्रकार अजीम कुरेशी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहां की पत्रकारिता जगत में उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता है वे एक संघर्षशील, कर्मठ एवं जुझारू पत्रकार के रूप में जाने जाते थे, उन्होंने हमेशा गरीबों एवं मजलूमों की आवाज बनकर पत्रकारिता क्षेत्र में कार्य किया है। ईश्वर उनके परिवार को दुख की इस घड़ी में दुख वहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालो में पत्रकार एवं किसान यूनियन भानु के जिला अध्यक्ष रोहिताश सिंह, जितेंद्र हुड्डा, अतुल चौधरी, नईम सिद्धकी, शहजाद मलिक, रामोद कुमार, आफताब आलम, नरेंद्र सिंह, शाकिर अली, सपना वर्मा, शाकिर अहमद, नाजिया अंसारी, गुलअफशा अंसारी, जीशान नजीबाबादी, मुशर्रफ अली,आकिब हुसैन, कलीम हुसैन आदि लोग शामिल रहे।

# तीन दिन से हो रही बराबर बारिश ने छीना परिवार का घर

## मनमदपुर निवासी दिलीप कुमार का मिट्टी का बना कच्चा घर गिरा घर वाले परेशान

**समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी**



मदनापुर खीरी -- तहसील निघासन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाला थाना सिंगाही के ग्राम पंचायत मनमदपुर गांव के एक ग्रामीण के घर को मूसलाधार बारिश ने बेघर कर दिया बाल बाल बचे परिवारी जन दिलीप कुमार पुत्र बांके लाल निवासी मनमदपुर सिंगाही देहात अपने परिवार के साथ घर में लेटा था तीन दिन से लगातार मूसलाधार बारिश होने के कारण उसके घर की कच्ची दीवार गिर गई जिससे उसका परिवार दीवान के नीचे दबने से बाल बाल बच गया।घर वालों का कहना कि वोट लेने के समय सभी दिखाई देते हैं फिर जीत जाने बाद पांच साल दिखाई नहीं पड़ता है।जब हम किसी पर कोई समस्या आती है तो पीछे हट जाते हैं।हम ठहरे गरीब हमारी हालत हम ही जानते है।और सभी बरसात में अपनी छतो के नीचे आराम से सोते हैं। गरीब जनता कोई न कोई हादसे का शिकार भी हो जाती है।अभी तक कोई समाज सेवी हम लोगों की समस्या देखने नहीं आया है इस बरसात में हम अपने बच्चों को कहा रखें हमारी समस्या कोई देखने वाला नहीं है और न समाधान करने वाला है।

## लखीमपुर बहराइच हाइवे पर बना गायघाट पुल हुआ क्षतिग्रस्त आवा गमन बाधित

# मिहींपुरवा के गायघाट का पुल हुआ क्षतिग्रस्त राहगीर हुए परेशान

**समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी**

लखीमपुर खीरी -- जनपद लखीमपुर से बहराइच जिले को जाने वाला हाइवे रोड पर बना गायघाट पुल बीते दिन से हो रही बराबर मूसलाधार बारिश के बाद आज 8/10/2022 सुबह करीब 5:00 बजे पुल अचानक धंस गया गनीमत रही जिस समय पुल धंसा था उस समय किसी गाड़ी का पुल पर आवा गमन बन्द था नहीं तो कोई बड़ी घटना हो सकती थी पड़ोसी ग्रामीण व्यक्तियों जब सुबह पुल पर पहुंचे तो धंसा पुल देखकर चकित रह गए और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंची और आवा गमन को रोक दिया जिससे हाइवे पर पुल के दोनों तरफ सैकड़ों वाहन खड़े करा दिये गये है जिससे आवा गमन काफी समय से बाधित हुआ है और बराबर इस घटना को देखने वालों की काफी भीड़ एकत्र है साथ ही हड़कंप भी





## *जन शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण करें- एसपी*

# एसपी की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी के मुसाफिरखाना क्षेत्र के स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायती पत्रों के गुणवत्तापूर्ण समय सीमा के अंदर निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए समाधान दिवस पर कुल 7 शिकायतीपत्र आए जिसमें दो का मौके पर निस्तारण किया गया एवं दो शिकायती पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम भेजी गयी।



शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में पुलिस अधीक्षक इलामारन जी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस पर एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को शिकायती पत्रों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया इस दौरान एसपी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी आयोजित समाधान दिवस पर एसडीएम सविता यादव पुलिस क्षेत्राधिकारी अर्पित कपूर तहसीलदार संगीता पांडे प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह सहित राजस्व व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# परौरी में बने जर्जर भवन में शरण ले रहे गौ वंशको पर खतरा भरभरा कर गिरा भवन

## गौ रक्षक रिंकू पाण्डेय ग्रामीणो की सहायता से गायों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा भरभरा कर गिर जर्जर भवन

**समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी**

धौरहरा खीरी --जनपद लखीमपुर के तहसील धौरहरा के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत परौरी में एक पुराना पंचायत भवन बना है जिसमें लावारिस घूम रही गाये शरण लेती थी जिसमें बेमौसम हुई मूसलाधार बारिश के कारण



भवन काफी पुराना था जिसका एक हिस्सा भरभरा कर गिर गया उसी भवन में बैठे आवारा पशु रात में एक तरफ दीवार गिर गई जिसके नीचे एक सांड दब कर मर गया सुबह ग्रामीण गौ रक्षक रिंकू पाण्डेय ने जाकर देखा तो जर्जर भवन का एक हिस्सा गिर गया और उसके नीचे एक बैल दबकर मर गया है रिंकू ने और सहयोगी लोगों को एकत्र किया और भवन में मरे बै जानवरों को बाहर निकालने लगे इसी बीच अगला हिस्सा भी गिर गया और लोग भी बाल बाल बच गए अन्य गाये भी बच गई इस जर्जर पंचायत भवन एक दिन बड़ा हादसा हो सकता है।इसके लिए रिंकू पाण्डेय ने क्षेत्र के लेखपाल अमित मौर्य से ग्राम प्रधान को बताया लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं हैं।आखिर एक गौ माता को अपनी बलि देनी ही पड़ी गौ रक्षक रिंकू पाण्डेय की सक्रियता के चलते अन्य कई गायों की जान बची जर्जर भवन से हटाकर दूसरे सुरक्षित स्थान पर रखा गया है।

# *एसपी व एसडीएम ने मूर्ति विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण-दिए दिशा निर्देश*

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी दुगार्पूजा महोत्सव में स्थापित देवी प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर पुलिस अधीक्षक व एसडीएम ने सी ओ व एस ओ के साथ गोमती नदी इसौली घाट पर बने मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद बनाए रखने हेतु संबंधित मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

देवी प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर पुलिस अधीक्षक इलामारन जी व



एसडीएम सविता यादव ने सी ओ अर्पित कपूर प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों के साथ कोतवाली क्षेत्र के गोमती नदी इसौली घाट के मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मूर्ति विसर्जन स्थल पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किए जाने एवं साफ सफाई व विद्युत व्यवस्था कराए जाने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विसर्जन स्थल पर बैरिंगकेटिंग व टेन्ट लगवाए जाने के साथ साथ मूर्ति विसर्जन स्थल पर गोताखोर तैनात किए जाने एवं देवी प्रतिमाओं का विसर्जन क्रम बद्ध तरीके से करवाए जाने सहित अन्य व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के लिए एसपी ने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# दुर्गा पूजा महोत्सव शबाब पर- देवी के स्वरूपों के दर्शन को उमड़ी भीड़

## *सपा प्रबुद्ध सभा के प्रदेश सचिव ने शिव शक्ति माता पूजा पंडाल पर आरती कर मनौती मांगी*

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी के मुसाफिरखाना क्षेत्र के दुर्गा पूजा महोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी बरसात के बावजूद भक्तों की आस्था बरसात पर पड़ी भारी क्षेत्र के नगर एवं ग्रामीण अंचलों में विभिन्न दुगार्पूजा पंडालों में उमड़े श्रद्धालुओं ने माता रानी के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन व विधि विधान से पूजा अर्चना आरती कर मन्नते मांगी।

कस्बा स्थित रामलीला मैदान पर शिव शक्ति पूजा पंडाल पर सपा प्रबुद्ध महासभा के प्रदेश सचिव व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राकेश तिवारी ने परिवार सहित मातारानी का दर्शन व विधि विधान से पूजा अर्चना आरती कर मनौती मांगी इसी क्रम में विपुल तिवारी अरविंद तिवारी रोहित तिवारी रितेश सुधाकर तिवारी दुर्गमांग उमाकांत महेंद्र शर्मा आशीष तिवारी



अनुराग सुभाष संजय राजू सहित समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने राकेश तिवारी को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया वहीं कस्बे के मां वैष्णो दुर्गा पूजा पंडाल मां काली दुर्गा पंडाल सहित कस्बे में लगे दर्जनों मां दुर्गा पूजा के पंडालों पर उमड़ी भीड़ बरसात के बावजूद भी भक्तों की आस्था भारी पड़ी वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्र के धरौली गांव में लगे मां दुर्गा पूजा पंडाल पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अरुणा सिंह व समाजसेवी पूर्व प्रधान विनोद सिंह ने माता रानी की पूजा अर्चना आरती की इस दौरान दुर्गा पूजा समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया वही रामनगर उर्फ नयाकोट में लगा मां दुर्गा पूजा पंडाल पर समिति के संयोजक विजय विक्रम सिंह ने माता रानी की विधान से पूजा अर्चना कर आरती की एवं समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी में ईट भट्ठे पर मुंशी का कार्य कर रहे युवक की सड़क हादसे में बीती रात दर्दनाक मौत हो गयी बताते हैं कि मृतक भट्ठे पर ड्यूटी कर वापस घर लौट रहा था। कोतवाली क्षेत्र के पूरे प्रेम शाह निवासी सूर्यभान गुप्ता 32 वर्ष पुत्र श्रीराम पूरे पटई स्थित एच के ब्रिक फील्ड पर मुंशी का कार्य कर परिवार की जीविका चलाता था बीते शुक्रवार की देर शाम रिमझिम बारिश के बीच अपने घर के लिए निकला ही था कि भट्ठे से 100 मीटर दूर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया अंधेरा होने के कारण आसपास के लोग जब तक पहुंचे घायल के शरीर से खून अधिक मात्रा में निकल चुका था आनन-फानन में घायल को सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर किया जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# एंबुलेंस में गूंजी बच्चे की किलकारी -जच्चा बच्चा सुरक्षित

**समाज जागरणअभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी में आशाबहू व स्वास्थ्य कर्मियों की सजगता से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही महिला को प्रसव पीड़ा उठने के दौरान मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सुरक्षित प्रसव कराया जिसमें जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं इस कार्य के लिए परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना की।

बताते चलें कि क्षेत्र के दुवरिया निवासी पूजा सरोज पत्नी भीम सरोज को प्रसव पीड़ा होने पर आशाबहू व परिजनों ने 102 एंबुलेंस को सूचित किया सूचना पर एंबुलेंस गाड़ी नंबर यूपी जी टी 0043 को पायलट कृष्ण कुमार व ई एमपी अशोक कुमार आशाबहू प्रतिमा तिवारी के साथ प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला को लेकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे कि रास्ते में ही प्रसव पीड़ा होने पर आशा बहू व स्वास्थ्य कर्मियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सुरक्षित प्रसव कराने में सफल रहे इसके उपरांत जच्चा बच्चा दोनों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां जच्चा बच्चा स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं इस सराहनीय कार्य के लिए परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# मुख्यमंत्री ने ईद-ए-मिलादुन नबी पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी

## *मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए ईद-ए-मिलादुन नबी के अवसर पर कार्यक्रमों को आयोजित करने की अपील की*

लखनऊः 08 अक्टूबर, 2022 उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने ईद-ए-मिलादुन नबी के मौके पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिन पर यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पर्व समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ाने के लिए नई प्रेरणा देगा।

मुख्यमंत्री जी ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए ईद-ए-मिलादुन नबी के अवसर पर कार्यक्रमों को आयोजित करने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

## मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर कार्यक्रमों को आयोजित करने की अपील की

लखनऊः 08 अक्टूबर, 2022 उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। आज यहां जारी एक संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि महाकाव्य रामायण के रचयिता की जयन्ती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी जाती है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने आदिकाव्य रामायण की रचना कर लोगों को सत्य एवं कर्तव्य परायणता पर चलने का मार्ग दिखाया। भगवान श्रीराम की गाथा को देश-दुनिया में पहुंचाने का श्रेय महर्षि वाल्मीकि को जाता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन हम सभी को त्याग, मयार्दाओं के पालन और कर्तव्य परायणता की सीख देता है। भगवान श्री राम से हमें सदैव धर्म का अनुसरण करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उनके द्वारा दी गई शिक्षा और आदर्शों को अपनाकर प्रगतिशील एवं समरसतायुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री जी ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर कार्यक्रमों को आयोजित करने की अपील की है।

# सब्जियों की खेती में गुरुग्राम जिले में सबसे आगे है पटौदी

पटौदी/सुरेश कोहली : यूं तो जिले के सोहना,तावडू, फर्रूखनगर व बादशाहपुर में भी सब्जियां बोई जाती है। लेकिन जब पटौदी नाम आता है तो यहां सब्जियों की पैदावार में यह बहुत ही अग्रणीय स्थान रखता है। आपको बता दें की यहां पर मटर,गाजर,मूली,भिंडी, पालक,हरा धनिया, पुदीना,टमाटर, तुरी, घीया हरी मिर्च,मैथी, शिमला मिर्च,पत्ता गोभी,फूल गोभी,खीरा,प्याज आदि की सब्जियों की खेती की जाती है। आपको बता दें की पटौदी क्षेत्र में कही भी खारा पानी नही है। यहां पर मीठे पानी की वजह से सभी सब्जियां उगाई जाती है। और सुबह मंडी में बिक्री के लिए पहुंचा दिया जाता है। मुमताजपुर के किसान तुलसीराम जांगड़ा का कहना है की सब्जियों की खेती के लिए समय पर पानी,खाद के साथ -साथ निराई गुड़ाई बहुत ही जरूरी है। उन्होंने बताया की वे पिछले कई वर्षों से सब्जियां उगा रहे है ।उन्होंने बताया की यह नकदी फसल है। सब्जियों की फसलों से अच्छा मुनाफा लेने के लिए पहले बहुत कुछ खर्चा आता है। इसी अपनी मेहनत के साथ -साथ मजदूरों से भी कार्य करवाना पड़ता है। कृषि विशेषज्ञ अनुज शर्मा का कहना है की सब्जियों की



फसलों के लिए तापमान को अवश्य ध्यान में रखें ।खरपतवार को न बढने दें जरूरत अनुसार खेत में कीट नाशक व खरपतवार रोधी दवाइयों का छिड़काव जरूर करें।

# इंस्पेक्टर पदोन्नत होने पर स्थानीय लोगों ने दयानंद का किया स्वागत

पटौदी/सुरेश कोहली : राजकीय रेलवे पुलिस पटौदी रोड स्टेशन की जाटोली मण्डी पुलिस चौकी में कार्यरत ईमानदारी व बेदाग छवि के अधिकारी दयानंद पदोन्नत कर इंस्पेक्टर बना दिया गया हैं। खबर की पुष्टि रेलवे चौकी इंचार्ज कृष्ण यादव ने की जैसे ही उनकी पदोन्नति की खुशी की खबर आस पास के समाजसेवी व विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों को लगी तो वो पदोन्नत हुए दयानंद को बधाई देने पहुंच गए। समाजसेवी मास्टर सुरेंद्र चौहान ने बताया की उनको फूल - मालाएं पहना कर व पगड़ी बाँध कर उनका मान सम्मान किया गया है। इंस्पेक्टर दयानंद ने अपने सम्मान में कहा कि पटौदी क्षेत्र के लोग सदैव सामाजिक कार्यों और क्षेत्रहित के लिए शासन व प्रशासन का साथ देते आए है। जो उनके लिए बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा जो मान- सम्मान मुझे मिला है इसका मै सदैव आभारी रहूंगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद विनोद शर्मा, एसएचओ रेवाड़ी भूपेंद्र यादव,मास्टर सुरेन्द्र चौहान जटोली,योगिंद्र चौहान ड़ीआरयूसीसी, विजय भारद्वाज,मिजार्पुर के पूर्व सरपंच सत्यनारायण सिंह आदि गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।



# शराबी युवक आया ट्रेन की चपेट में,दोनों पैर गवाया

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो बालाघाट।(09अक्टूबर)शराब की लत की वजह से एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे युवक का दोनों पैर कट गया जिसे गंभीर अवस्था मे जिला अस्पताल रेफर किया गया ।जानकारी अनुसार बालाघाट से कटंगी की ओर से आ रही यात्री ट्रेन की चपेट में आने से करीब 35 वर्षीय युवक विजयंत चौधरी के दोनों पैर कट गए हैं। हादसा कल रात साढ़े 09 बजे ग्राम सांवगी के पास का है। जब ट्रेन बालाघाट से कटंगी की तरफ आ रही थी`बताया जा रहा है कि युवक ट्रेन की पटरी पर सोया था। घटना के बाद घायल को कटंगी अस्पताल लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार घायल युवक शराब पीने का आदी है ।जिसके चलते अनुमान लगाया जा रहा है कि शराब के नशे में ट्रेन की पटरी पर सो गया होगा। फिलहाल, घटना के उपरांत घायल युवक को प्राथमिक उपचार करते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है ।इसके पहले भी छोटी सी लापरवाही से एक वृद्ध की जान चली गयी थी जो रात भर मछली पकड़ने की वजह से थक कर ट्रेन की पटरी पर लेट गया जिससे उसको गहरी नींद आ गयी,इसी बीच ट्रेन आ गयी और वृद्ध को रौंदते हुए चली गई ।बहरहाल शराबी युवक की हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल में इलाज जारी है।



# नदी में मिला तैरता हुआ अज्ञात शव, शव की शिनाख्त में जुटी पुलिस

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो बालाघाट।(09अक्टूबर) मलाजखंड थाना अंतर्गत ग्राम भंडारपूर के नदी में एक अज्ञात युवक शव मिलने से सनसनी फैल गई ।जिसकी जानकारी मलाजखंड पुलिस को दी गयी, वही घटनास्थल पर लोगो का हुजुम लग गया ।घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अज्ञात शव को बरामद किया और शव की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन किसी को भी इस अज्ञात शव के बारे में जानकारी नही थी जिससे पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु बिरसा अस्पताल भिजवाया। मलाजखंड पुलिस थाना प्रभारी डोमन सिंह मेरावी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उपस्थित लोगों से शिनाख्त करवाने की कोशिश किया लेकिन किसी ने भी इस अज्ञात शव की शिनाख्त नही किया जिससे शव का पंचनामा बनाकर शव को पीएम हेतु बिरसा अस्पताल भेज दिया गया है ।पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह सामने आएगी ।युवक की उम्र लगभग 35 वर्ष के करीब बताई जा रही है।



# बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ मुहिम को आगे बढ़ाते युवा समाजसेवी:मास्टर सुरेन्द्र चौहान

पटौदी/सुरेश कोहली : अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़े युवा समाजसेवी व बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ मुहिम के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने व भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्य कर रहे मास्टर सुरेन्द्र चौहान ने अपनी बेटी के जन्मदिन पर केक काट कर धूमधाम से खुशियाँ मनाई। उन्होंने बताया कि आज का आधुनिक युग है हमें पुरानी रूढ़िवादी विचारों से बाहर आना चाहिए। उन्होंने बताया की बेटा - बेटी में कोई फर्क नही दिखाना चाहिए। हमें अपनी बेटियों को भी वो ही खुशियाँ देनी चाहिए जो हम् बेटों के लिए आशा करते है। हमारे समाज में बेटियां ही है जो अपने माता - पिता का मान सम्मान हर समय करती है। उन्होंने बेटी के जन्मदिन के अवसर पर कहा की बेटियां भी बेटों से कम नहीं होती। उन्होंने कहा की आज के समय में चाहे शिक्षा,चिकित्सा,पुलिस,मीडिया,अध्यापक,इंजीनियर आदि क्षेत्र से निकलकर देखें तो राजनीति में भी महिलाओं का काफी वर्चस्व है। जिसका सीधा उदाहरण देश के सर्वोच्च पद पर आसीन राष्ट्रपति से भी ले सकते है।




# बेमौसम की बारिश से अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान लोग : डॉ.गौतम तंवर

पटौदी/सुरेश कोहली : लगातार दो दिन से हो रही बेमौसम बारिश से लोगों के स्वास्थ्य पर इसका असर देखने को मिल रहा है। ऐसे मौसम में विशेष तौर से स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने बताया की सर्दी का मौसम शुरू हो रहा है साथ ही ऊपर से बारिश तो ऐसे मौसम में बुखार,सिरदर्द,उल्टी,जुकाम जैसी बीमारियों के फैलने की भी पूरी -पूरी आशंका बनी हुई हैं। डॉ. गौतम तंवर ने जानकारी देते हुए बताया की इस समय पानी को थोड़ा गर्म करके पीया जाए तो शरीर के लिए बहुत ही लाभकारी होता है। उन्होंने बताया की किसी मच्छर को न पनपने दें इन दोनों में डेंगू मलेरिया का ज्यादा खतरा रहता है कम प्लेटलेट को डेंगू न मानें लोग। इसके साथ ही समय -समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं ताकि बीमार होने से बच सकें।




# भारत जोड़ो यात्रा से सभी जोन के हर बूथो को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ेंगे

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तुरी ।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नागेंद्र राय के नेतृत्व में नवरात्रि, दशहरा व दिपावली मिलन समारोह के अंतर्गत आज शुक्रवार को मस्तुरी ब्लॉक के हर बूथों में पहुंच कर भारत जोडो यात्रा को लेकर एक विशेष चर्चा बैठक लिया गया ।इस बैठक में ब्लॉक कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया।

इस बैठक में निर्णय लिया गया कि भारत जोडो यात्रा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक बूथो पर लोगों के बीच पदयात्रा के उद्देश्य के साथ साथ देश की मौजूदा स्थिति से अवगत काराया जाये कि निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए देश को मोदी सरकार के द्वारा बांटने का कार्य किया जा रहा है ।महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं का प्रचार कर लोगो के बीच पहुंच कर जनसंवाद करते हुए लोगो को जागरूक करना होगा।

मस्तुरी ब्लॉक के सभी बूथो में भारत जोडो पदयात्रा का



आयोजन सफल तरीके से हो इसी को लेकर इन बातों पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया ।इसके लिए सभी जोन अध्यक्षों को अपने अपने बूथों में समन्वयक बनाकर काम करने का दिशानिर्देश किया गया। और इस यात्रा के दौरान लोंगो को कांग्रेस की विचारधारा से पार्टी से जोडना है,कांग्रेस कि पदयात्रा का उद्देश्य सभी को एक साथ मिलकर काम करने को और ब्लॉक के हर बूथों तक जाने को सर्व सहमत निर्णय लिया गया ।कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र राय के नेतृत्व में मस्तुरी पूर्व विधायक दीलिप लहरियाप्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमचंद जायसी, जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव, जिला पंचायत सदस्य किरण यादव,जिला सचिव टाकेश्वर पाटले, जनपद पंचायत सभापति दामोदर कांत,वरिष्ठ कांग्रेसी गिरजा शंकर जोहर,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बिंदु जायसी,युवा कांग्रेस नेता अशोक राजवाल, अशोक सुर्यवंशी, अशोक पटेल,महामंत्री डाक्टर आर के वर्मा, पुतन दुबे,महमंद सरपंच अनिल निषाद,वरिष्ठ कांग्रेसी लखन टंडन,उपाध्यक्ष उदय भार्गव, कांति भारद्वाज, दिनेश शर्मा, उमेद चंदेल, ताराचंद वर्मा, उक्कील पटवा, धनेष बांधे, चंदराम साहू,राजेश कुर्रे, विशंभर खुटे, कृष्णा चंद्राकर, परस चंद्राकर, मालिक राम सरपंच, सुरज सोल्डे,भाछ पाठक, रवि कश्यप, सुनिल गुजर्र, विक्की नायक, सुभाष टंडन, नेत्र टंडन, अन्नू करियारे, अनुप पटेल, सनत टंडन,अक्षय सोनवानी, रवि मरकाम, बसंत मिर्झा, मीडिया प्रभारी गणेशदत्त राजू तिवारी सहित पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

# जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला रायपुर छ.ग. के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन,विधायक जुनेजा के सानिध्य में हुआ सम्पन्न.

**समाज जागरण संवाददाता**
**विवेक देशमुख, राधेश्याम कोरी**

बेलतरा-बिलासपुर। आयुर्वेद अधिकारी जिला रायपुर द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन शनिवार को दया भवन में विधायक श्री कुलदीप जुनेजा के मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया दिनांक 08/10/2022 दिन शनिवार को स्थान-दया भवन,(त्रिमूर्ति नगर) देवेन्द्र नगर रायपुर में किया गया. है। उक्त शिविर के मुख्य अतिथि माननीय श्री कुलदीप सिंह जूनेजा जी,विधायक रायपुर उत्तर विधानसभा,अध्यक्षता श्रीमती नंदा साहू ,जिला आयुर्वेद अधिकारी,रायपुर,विशिष्ट अतिथि श्री कीर्ति भाई जी व्यास,अध्यक्ष गुजराती ब्रह्म समाज रायपुर तथा वीरांगना अवंति बाई ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष संजय सोनी एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ हुआ ।सर्वप्रथम विधायक जुनेजा जी ने भगवान धन्वन्तरि के फोटो



पर दीप प्रज्वलित कर शिविर प्रारंभ किया गया।

शिविर प्रभारी डॉ. शगुफ्ता कुरैशी ने बताया कि इस शिविर में आयुर्वेद तथा होमियोपैथी के चिकित्सकों द्वारा मरीजों की नि:शुल्क जाँच कर आयुर्वेदिक एवं होमियोपैथी दवाइयों का वितरण किया जा रहा है।

शिविर में जीवनशैली में सुधार एवं योगासन की जानकारी तथा प्राकृतिक चिकित्सा परामर्श हेतु योग चिकित्सकों की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है।

साथ ही बाल्को मेडिकल सेन्टर, रायपुर द्वारा कैंसर की नि:शुल्क जाँच की सुविधा, एम जी एम आई इंस्टीट्यूट रायपुर द्वारा नि:शुल्क नेत्र जाँच एवं मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की एम्बुलेंस में विभिन्न तरह के खून पेशाब के जांच की सुविधा मरीजों के लिए नि:शुल्क उपलब्ध करायी गयी है ।इस दौरान श्री जुनेजा ने चिकित्सको को उनके द्वारा किये जा रहें इस कार्य की सराहना की साथ ही उन्हें बधाई दी ।शिविर में प्रमुख रूप से कमल धृतलहरे, गौतम यादव, माधव छुरा, महेंद्र सेन, सागर तांडी, श्याम सिक्का, कविराज सोनी,मकरंद तांडी, महेंद्र बाघ रितेश सुनानी जगन्नाथ सोनी,सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका मौजूद रहें।

# प्रिंसिपल ने बच्चियों का स्कूल आना किया मुश्किल, करता था छेड़खानी और उत्पीड़न

**समाज जागरण संवाददाता**
**विवेक देशमुख**

दुर्ग/भिलाई ।छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले




में शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है. यहां स्कूल के प्रिंसिपल के खिलाफ आरोप है कि वह हाईस्कूल की बच्चियों के साथ कथित छेड़खानी करता था. उनका उत्पीड़न करता था. अब उसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

घटना दुर्ग जिले के शांति नगर की है. यहां के जेवियर हायर सेकेंडरी स्कूल की बच्चियों ने पुलिस में प्रिंसिपल के खिलाफ छेड़खानी और उत्पीड़न करने को लेकर शिकायत दर्ज कराई है. हाईस्कूल में पढ़ने वाली लगभग आधा दर्जन लड़कियों का आरोप है कि उनके स्कूल का प्रिंसिपल उनके साथ कथित तौर पर छेड़खानी किया करता था. उनका उत्पीड़न किया करता था. हालत ऐसे थे कि उनका स्कूल में जाना दुश्वार हो गया था।

# पांच वर्षीय बच्ची के साथ दरिंदगी, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**समाज जागरण/**
**शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट ।भरवेली थानांतर्गत ग्राम मानेगांव में पांच वर्षीय मासूम के साथ दरिंदगी का मामला प्रकाश में आया है ।जानकारी अनुसार मानेगांव में बन रही कालोनी में मजदूरी करने वाले बाघाड़े दंपति ने भरवेली पुलिस थाना में आकर प्राथमिकी दर्ज कराई कि मैं बबिता पत्नी शैलेंद्र बाघाड़े उम्र 25 वर्ष जाति गोवरा निवासी वार्ड नंबर 07 बबरिया थाना लालबर्रा हाल मुकाम ग्राम मानेगांव थाना भरवेली में बन रही एक कालोनी में मजदूरी करते हैं ।हमारे साथ ही हमारे तीन बच्चे भी रहते है ।जिसमे सबसे बड़ी बेटी डाली जिसकी उम्र पांच वर्ष है 05 अक्तूबर को मकान के सामने खेल रही थी,जो अचानक गायब हो गयी जिसकी तलाश इधर उधर करने के बाद मैंने मेरी पड़ोसी



अनिता सहारे को सामने खेल रही बेटी के बारे में पूछा,तो अनिता सहारे ने बताया कि डाली को पड़ोस में रहने वाले एक मजदूर लड़के के साथ जाते हुए देखा ।पड़ोस में रहने वाले मजदूर लड़के के कमरे में जाकर देखने पर भी डाली कही नजर नही है जिससे हमारी चिंता बढती गयी ।हम सभी इधर उधर खोजते हुए पुनः अपने घर के पास आये तो डाली घर के पास खड़ी होकर डरी सहमी रो रही थी ।जब हमने इसका कारण पूछा तो बच्ची ने रोते हुए बगल में रहने वाले पड़ोसी मजदूर के तरफ इशारा करते हुए बताया कि भैया मुझे अपने साथ ले जाकर मेरे साथ गलत काम किया ।जिससे मुझे बहुत दर्द हो रहा है ।बच्ची की हालत देखकर भी अंदाजा लगाया जा सकता था कि बच्ची के साथ दरिंदगी की गई है ।इसके बाद पति पत्नी पुलिस थाना भरवेली में आकर रिपोर्ट दर्ज करवाया ।वही इस मामले पर प्रकाश डालते हुए भरवेली पुलिस थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है ।आरोपी लांजी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम भांडेरी निवासी झनक मेरावी उम्र 18 वर्ष की तलाश की जा रही है।

# वन्यजीव संरक्षण सप्ताह पर वनविभाग बिरसा ने निकाली बाइक रैली

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट ।वन्यजीवों के संरक्षण के लिए वनविभाग सप्ताह दिवस मना रहा है जिसमें वन्यजीवों को बचाने एवं जंगल की देखभाल करने के बारे में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को वन अधिनियम के बारे में बताया जा रहा कि वन्यजीवों का शिकार करना गैरकानूनी है ।इसी कड़ी में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बिरसा दमोह सा.परिक्षेत्र अंतर्गत वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी सौरभ शरणागत की अगुवाई में बाईक रैली का आयोजन किया गया। रैली बिरसा से निकल कर मानेगांव,रेलवाही ,दमोह,सालेटेकरी होकर वापस बिरसा में समापन किया गया ।रैली के माध्यम से आम जनता को वन्यजीव संरक्षण सप्ताह की जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस रैली में बिरसा के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने की छापामार कार्यवाही

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(09 अक्तूबर)मिलावटी खाद्य सामग्री पर कार्यवाही करते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन बालाघाट की टीम द्वारा 08 अक्टूबर को ग्राम बिसोनी तहसील लांजी जिला बालाघाट स्थित खान किराना दुकान पर छापामार कार्यवाही करते हुए 04 हजार रुपये मूल्य की आउटडेटेड खाद्य सामग्री चॉकलेट, कन्फेक्शनरी बिस्किट, कोल्ड ड्रिंक, पापड़, नमकीन इत्यादि का नष्टीकरण करते हुए दुकान बिना रजिस्ट्रेशन के चलाए जाने पर आगामी कार्यवाही तक सील की गई । बिना रजिस्ट्रेशन के खाद्य सामग्री का व्यवसाय करने के मामले में दुकान संचालक के विरुद्ध न्यायालयीन प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। यह कार्यवाही खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश डोंगरे एवं वाजिद मोहिब द्वारा की गई है ।जानकारी अनुसार खान किराना दुकान की शिकायत विगत कई दिनों से समाचार पत्रों के माध्यम से आ रही थी जिस पर



विभाग ने कार्यवाही करते हुए चार हजार की आउटडेटेड खाद्य सामग्री को जप्त कर कार्यवाही किया।

# मां की डाट से क्षुब्ध हो एक युवक फांसी के फंदे पर झूल अपनी जीवन लीला समाप्त की।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा । माँ की डांट से क्षुब्ध युवक घर से 5 किलोमीटर दूर जाकर फांसी पर झूल गया ।चार दिन पहले पिता ने इसका रिश्ता तय किया था ।घटना से घर में कोहराम मच गया है। कोतवाली क्षेत्र के शिवपुर(पनगरा)गांव निवासी दीपू 20 वर्ष पुत्र पप्पू केवट का शव बाँदा मुख्य मार्ग पर रिसौरा गांव के पास सुबह 6 बजे लोगो ने पेड़ पर लटकते देखा ।मामले की सूचना पर मृतक के परिजन और कोतवाली पुलिस तथा पनगरा ग्राम प्रधान जगदीश प्रसाद यादव मौके पर पहुचे ।कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।घटना स्थल पर बबूल के पेड़ के पास इसकी बाइक और शराब का पौआ पड़ा मिला है ।नायलॉन की नई रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या की है ।इसके पिता पप्पू ने बताया कि बीती शाम 6बजे किसी बात पर माँ से कहा सुनी हो गई थी जिससे नाराज होकर अपनी मोटरसाइकिल से चला गया था इसके जाने की जानकारी मिलने पर इसके पीछे गांव के लड़कों को भेजकर लाने के लिए भेजा था ।देर रात में वापस लौट कर आये लड़को ने बताया कि दीपू के पीछे वह नरैनी गए थे वहां मृतक द्वारा नायलॉन की नई रस्सी खरीदी गई है ।शराब ठेका में जाने की भी सूचना मिली है ।लड़को ने बताया कि बाद में वे बाँदा मार्ग पर जाने की जानकारी होने पर गिरवा तक बाइक से गए हैं लेकिन कही नही मिला है ।पिता ने बताया कि उसका बेटा बाइक से बालू की बोरिया बेचकर घर चलाता था ।चार दिन पहले इसकी शादी के लिए रिश्ता भी तय किया था ।मृतक के एक छोटा भाई हैं !



# महर्षि बाल्मीकि जयंती आज, जाटोली में निकलेगी शोभायात्रा

पटौदी/सुरेश कोहली: गुरु वाल्मीकि भगवान की जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा (झ-ांकी)आज निकाली जाएगी। समाजसेवी सतबीर पंवार ने जानकारी देते हुए बताया की महर्षि बाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में बाबा हरदेवा कॉलोनी जाटौली मंडी में शोभायात्रा(झांकी)आज 9 अक्टूबर दोपहर 12 :00 बजे निकाली जाएगी। उनका कहना है की इस कार्यक्रम में क्षेत्र के काफी लोग शामिल होंगे।



# जिला पंचायत सदस्य के पिता को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल।

दैनिक जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला। बांदा। विकास कार्यों से संबंधित जरूरी अभिलेख गायब करने और प्रशासन द्वारा बार-बार मांगने के बाद भी उपलब्ध ना कराने पर पुलिस ने पूर्व चेयरमैन के पति मौजूदा जिला पंचायत सदस्य के पिता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।

जनपद बांदा के नगर पंचायत बिसंडा ईओ की तरफ से थाने में पूर्व चेयरमैन शांति देवी और मौजूदा जिला पंचायत सदस्य कमलेश कुमार साहू के पिता राधेश्याम साहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी एसपी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार पांडे ने जिला पंचायत सदस्य के पिता राधेश्याम साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बिसंडा कस्बा निवासी राधेश्याम साहू पर आरोप है कि पूर्व चेयरमैन शांति देवी के कार्यकाल में कस्बा में श्रीपाल अमीन के मकान से आमीन के मकान से मंगली रैदास के मकान तक सीसी रोड व नाली का निर्माण कराया गया था, तकिया पुरवा में बरात घर के सामने इंटरलॉकिंग बालमुकुंद गोस्वामी के मकान से भोला कोरी के मकान तक नाला निर्माण पावर हाउस के दक्षिणी हिस्से से रामकरण वर्मा के मकान तक नाला निर्माण लोहारा तालाब निर्माण कार्य कराए गए थे उनके इस कामों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे !

# करंट लगने से मजदूर की हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला। बांदा। हर घर पर जल योजना में बन रही पानी की टंकियों के निर्माण में मजदूरी करते समय मजदूर की दरवाजे में उतरे करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। जबकि बांदा पुलिस सबमर्सिबल की केबल कटी होने से हादसा होना बता रही है । पूरी घटना जनपद बांदा के गिरवा थाना के ग्राम जखनी में चेन्नई की एक कंपनी की ओर से पानी की टंकियों का निर्माण कराया जा रहा है जिला मैनपुरी के थाना किशनी के ग्राम चितायन निवासी शोभाराम उम्र 31 वर्ष पुत्र सुशील कुमार 1 माह से मजदूरी यहां पर कर रहा था शाम को 3:00 बजे वह कमरे में रखी मशीन निकालने गया तो दरवाजे में आए करंट की चपेट में आ गया गांव की महिलाओं ने अन्य मजदूरों को यह जानकारी दी तब साथी मजदूर उसे जिला अस्पताल ले गए जहां ट्रामा सेंटर के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के साले सौरभ ने बताया है कि उसके दो बेटे हैं

## मांझी-बनवार पथ का जीर्णोद्धार कार्य शुरू

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल की घोषणा के अगले ही दिन मांझी -बनवार पथ के जीर्णोद्धार का कार्य युद्धस्तर पर शुरू हो गया। मालूम हो कि गुरुवार को सांसद ने तीन दिनों के भीतर माँझी-बनवार पथ को अतिक्रमण मुक्त कर उसके जीर्णोद्धार का निर्देश दिया था। सांसद के निर्देश के आलोक में आर ई ओ विभाग द्वारा शुक्रवार की सुबह से ही रोड़ा मिट्टी डालकर सड़क को समतल बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। साथ ही नगर पंचायत कर्मियों द्वारा नाला की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। सीओ धनंजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार को उक्त सड़क पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। बता दें कि ग्यारह अक्टूबर को जेपी जयंती के अवसर पर सिताब दियारा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आगमन होना है तथा उसी दिन रिविलगज में मूर्ति विसर्जन जुलूस की वजह से माँझी छपरा मुख्य सड़क जाम रहने की आशंका के मद्देनजर माँझी बनवार पथ होकर ही बिहार के सभी नेता व पदाधिकारी आदि सिताब दियारा जाएंगे।

## रणपट्टी लूट मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन, डकैती के सामान व हथियार के साथ पांच गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी/मांझी। पिछले दिनों मांझी थाना क्षेत्र के रण पट्टी गांव में हुई डकैती मामले का मांझी थाना पुलिस ने उदभेदन कर लिया है तथा उसमें शामिल पांच अपराधकर्मियों को स्वर्ण आभूषण तथा हथियार समेत गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष मो जकरिया नें बताया की पुलिस को



सुचना मिली थी कि गुरुवार की शाम को जई छपरा उधरना बांध के दक्षिण बगीचा में पांच अपराधी एकत्रित होकर लूट की योजना तथा लूट की समानो का बंटवारा कर रहे हैं। सुचना के आधार पर पुलिस ने एक टीम बनाकर बगीचा की घेरा बंदी कर दी। पुलिस की आहट पाकर सभी अपराधी समान लेकर भागने लगे। भागने के दौरान पांचो अपराधकर्मियों को खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के पास से दो कट्टा चाकू मोबाइल तथा रणपट्टी स्वर्ण व्यवसाई गौरी शंकर प्रसाद के घर सोमवार की रात हुई लूट की सोने व चांदी से बनी बड़ी मात्रा में आभूषण बरामद किया गया। गिरफ्तार सभी अपराधकर्मियों नें पुलिस को बताया की सात की संख्या में शामिल अपराधकर्मियों नें स्वर्ण व्यवसाई के घर दो अक्टूबर की रात में डकैती की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस टीम का नेतृत्व थानाध्यक्ष मो जकरिया स्वंय कर रहे थे। छापेमारी टीम में पुअनि राम विचार राम, संजय कुमार भारती, पुअनि शशि रंजन, सविता कुमारी, सअनि संजय कुमार सुमन के अलावा बड़ी संख्या में जिला शस्त्र बल के जवान आदि शामिल थे।

## रसूलपुर थानाध्यक्ष ने छात्राओं को उपहार व पौधा प्रदान कर किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण**

एकमा (वीरेंद्र कुमार यादव)। रसूलपुर थाना क्षेत्र के जमनपुरा गांव में पुलिस व पब्लिक के सहयोग से छात्राओं में सामाजिक चेतना जागृत करने व प्रतिभा में निखार लाने के उद्देश्य से मेंहदी प्रतियोगिता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं को रसूलपुर थानाध्यक्ष रामचन्द्र तिवारी ने उनका उत्साह वर्धन किया।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के सहयोग से गांव और समाज का विकास किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों को उपहार व पौधा देकर सम्मानित किया। थानाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। इस मौके पर अपर थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव, पुलिस अवर निरीक्षक मणि कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रिंकी कुमारी, राहुल कुमार, राजू सिंह, विवेक कुमार समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जीविका समूह में लोन के पैसे को लेकर मारपीट, 10 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के भटौरा गांव में जीविका समूह में लोन के पैसा को लेकर हुई मारपीट में जीविका समेत एक अन्य महिला घायल हो गई है। इस संबंध में दोनों पक्षों से एक- दूसरे पर आरोप लगाते हुए तरैया थाने में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रथम पक्ष के प्रतिमा देवी के द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि वह जीविका के पद पर कार्य करती है। उसके गांव के ही काजल देवी और उनके पति मुन्ना गिरि उसके दरवाजे पर आये और बोले कि मेरा लोन क्यों नहीं हुआ। जिस पर वह मैनेजर से बात करने को बोली तो वे लोग उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी से मारकर हाथ तोड़ दिये तथा मारपीट के दौरान मंगलसूत्र छीन लिये। वहीं दूसरे पक्ष के काजल देवी के द्वारा प्राथमिकी में कहा गया है कि वह घर पर थी उसी समय जीविका समूह के पैसा को लेकर प्रतिमा देवी से झगड़ा हुआ तो ग्रामीणों ने समझा बुझाकर शांत करा दिया। उसके बाद प्रतिमा देवी फोन करके शिवदयाल गिरि, जगिया देवी, दिलीप सिंह, शनि कुमार सिंह, पिंटू सिंह, मोहित सिंह, ललिता देवी, अनिता देवी को बुलाकर डायन कहकर गाली गलौज व मारपीट करने लगी। विरोध करने पर सभी ने मिलकर मारपीट कर पैर तोड़ दिया। पुलिस मामले में दोनों पक्षो से प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

## 43 पीस अंग्रेजी शराब बरामद, धंधेबाज हुआ फरार

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के तरैया-मसरख एसएच-73 मुख्य सड़क पर छपिया ब्रह्म पिचास बाबा के समीप स्प्लेंडर बाइक से शराब की खेप लेकर जा रहे एक व्यक्ति पुलिस को देख बाइक छोड़ भाग निकला। जिसके बाद पुलिस ने बाइक पर रखे कार्टून से 43 पीस अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस संबंध में प्रशिक्षु एसआई रविरंजन कुमार ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की है। जिसमें कहा गया है कि गुप्त सूचना मिली थी कि छपिया बिंद टोली के रूपेश कुमार प्रसाद स्प्लेंडर बाइक से अंग्रेजी शराब का खेप लेकर जा रहा है। पुलिस ने सूचना मिलते ही दलबल के साथ उसका पीछा किया तो ब्रह्म पिचास बाबा के समीप बाइक छोड़कर धंधेबाज फरार हो गया। पुलिस ने स्प्लेंडर बाइक पर लदे अंग्रेजी शराब 08 पीएम फ्रूटी 180 एमएल का 43 पीस 7.740 लीटर बरामद किया। पुलिस मामले में रूपेश कुमार प्रसाद पर प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई में जुट गई है।

## इंजीनियरिंग के छात्र हत्या मामले में पिता ने दर्ज कराई प्राथमिकी, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। दाउदपुर थाना क्षेत्र के खड़रहिया गांव में शुक्रवार को अशोक कुमार सिंह के 20 वर्षीय पुत्र व इंजीनियरिंग के छात्र राज रंजन सिंह को पड़ोस के युवको द्वारा चाकू गोदकर हत्या मामले में युवक के पिता ने दस लोगों के विरुद्ध दाउदपुर थाने में प्राथमिक दर्ज कराई है। जिसमे पांच लोगों के विरुद्ध नामजद व पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार बताया गया है कि शुक्रवार की सुबह राज रंजन घर के बगल में कुछ दूरी पर टहल रहा था। तभी गांव ही के पांच लड़कों ने घात लगाकर एक साजिश के तहत चाकू से हमला कर उसे बुरी तरह जख्मी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घटना स्थल पर पहुच अचेतावस्था में खुन से लथपथ पड़े राज रंजन को किसी तरह उठाकर



आनन फानन में एकमा सीएचसी में ले गए। जहां उपचार के दौरान उसे चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि राज रंजन दस दिन पूर्व कोलकाता से दशहरा के छुट्टी में घर आया था। वह कोलकाता में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करता था। स्थानीय लोगों व परिजनों का कहना है कि राज रंजन काफी होनहार, मृदभाषी व व्यवहार कुशल लड़का था। वह पढ़ाई-लिखाई में भी काफी मेधावी छात्र था। उसके काबलियत पर परिजनों को काफी भरोसा था। लेकिन यह बात हमारे पड़ोसियों को नागवार लग रही थी और इन लोगो ने चाकू गोदकर निर्मम हत्या कर दी। वहीं इस संबंध में दाउदपुर थानाध्यक्ष बीरेंद्र राम ने बताया कि हत्या मामले में संलिप्त सभी आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### समाज में आपसी सौहार्द कायम करने हेतु रसूलपुर थाना पुलिस की सराहनीय पहल

## पुलिस व पब्लिक के संयुक्त तत्वावधान में खेले गए तीन क्रिकेट मैच

## जमनपुरा-11 ने 3 मैचों की सीरीज में डोहर-11 को 2-1 से हराया

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (रुचि सिंह सेंगर)। सारण पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के आदेशानुसार एकमा पुलिस अंचल के रसूलपुर थाना पुलिस ने पुलिस ने आपसी व सामाजिक सौहार्द की भावना कायम रखने के उद्देश्य से एक सराहनीय व प्रशंसनीय पहल की है। सारण एसपी के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा पुलिस व आमजन के बीच सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इसी के तहत एकमा प्रखंड के जमनपुरा गांव के खेल मैदान में रसूलपुर थाना पुलिस व पब्लिक के संयुक्त तत्वावधान में जमनपुरा-11 व डोहर-11 की टीम के साथ तीन क्रिकेट मैच खेला गया। क्रिकेट मैच के समापन पर जमनपुरा-11 टीम के कप्तान-राहुल कुमार, उप कप्तान-राजू सिंह, खिलाड़ी राजन सिंह, मोहित कुमार, बंटी सिंह, मृत्युंजय सिंह, अंशु सिंह, अंकित सिंह, अभिषेक सिंह, निखिल सिंह, उत्सव दुबे और डोहर-11 टीम के कप्तान-बिकु कुंवर, उप कप्तान- शिबू कुमार, खिलाड़ी नितेश कुमार, उत्तम कुमार, प्रकाश सिंह, गुड्डू कुमार, विशाल कुमार, नेहाल कुमार, विवेक कुमार, चन्दन कुमार, बबलू कुमार आदि को रसूलपुर थानाध्यक्ष रामचंद्र



तिवारी द्वारा कप व उपहार प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

बताया गया है कि पहले क्रिकेट मैच में डोहर-11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जिसमें डोहर-11 ने 8 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 24 रन बनाया। जबकि जमनपुरा-11 ने 5.5 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच अंकित सिंह रहे।

वहीं दूसरे मैच में जमनपुरा-11 ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। डोहर-11 टीम 4 ओवर में 16 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। वहीं जमनपुरा-11 ने 3.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच का खिताब मोहित कुमार को मिला।

आखिरी व तीसरे मैच में जमनपुरा-11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जिसमें जमनपुरा-11 ने 8 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 41 रन बनाए। वहीं डोहर-11 ने 6 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच का खिताब नितेश कुमार को और मैन ऑफ द सीरीज बंटी सिंह को मिला। इस दौरान जमनपुरा-11 ने 3 मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी, एसआई विजय कुमार यादव, मणि कुमार, रिंकी कुमारी, राजू सिंह अकेला, राहुल कुमार, विवेक कुमार आदि अन्य लोग मौजूद थे।

## रितेश पटेल उर्फ मारुति हत्याकांड के अप्राथमिकी अभियुक्त के घर पर हुई फायरिंग

### रसूलपुर मुखिया ने लगाया अपने दो समर्थकों पर जानलेवा हमला करने का आरोप

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (मनींद्र नाथ सिंह मुन्ना)। जिले क के रसूलपुर गांव निवासी व वाहन चालक रितेश पटेल उर्फ मारुति हत्याकांड के अप्राथमिकी अभियुक्त रूपेश दुबे के घर पर शुक्रवार को बाइक सवार अज्ञात दो अपराधी फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। गनीमत यह रही कि इस फायरिंग की घटना के दौरान कोई हताहत नहीं हो सका।

बताया गया है कि फायरिंग की वारदात से नाराज परिजनों ने रसूलपुर गांव के दो युवकों को संदेह के आधार पर पकड़ने के बाद उनकी पिटाई कर रसूलपुर थाना पुलिस को सौंप दिया। बताया गया है कि पुलिस को सौंपे गए दोनों युवकों की पहचान कृष्णा साह व राजा बाबू के रूप में हुई है।

उधर इस वारदात के बाद हत्याकांड के अप्राथमिकी अभियुक्त रूपेश दुबे का कहना है कि उसकी हत्या करने की नीयत से उसके घर पर बाइक सवार अपराधियों द्वारा फायरिंग किया गया है। वहीं वारदात की सूचना पाकर रसूलपुर थाने की पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान रसूलपुर पंचायत की मुखिया प्रत्याशी व वर्तमान मुखिया रीता देवी के चुनाव प्रचार में जाने के दौरान रसूलपुर-चैनपुर रोड पर रसूलपुर बाजार में वाहन चालक रितेश पटेल उर्फ मारुति की गोली मार कर बाइक सवार दो अपराधियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। उक्त हत्याकांड में रुपेश दुबे अप्राथमिकी अभियुक्त है और वह इन दिनों न्यायालय से जमानत पर है।

उधर रसूलपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि व आलू व्यवसायी मिथिलेश प्रसाद द्वारा बताया गया है कि रसूलपुर के पश्चिम पोखरा पर लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत कचड़ा प्रबंधन का निर्माण करा रहे उनके दो समर्थकों क्रमशः कृष्णा साह व राजा बाबू पर जानलेवा हमला किया गया है। फायरिंग की घटना के बाद रसूलपुर गांव में भय व दहशत का माहौल है। वहीं फायरिंग की घटना के बाद पुलिस गश्ती बढ़ा दी गई है।

# आज भी खुला रहेगा जेपीयू का कार्यालय

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण)। जयप्रकाश विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्वविद्यालय के कुलदेवता जयप्रकाश नारायण की जयंती 11 अक्टूबर को मनाने का निर्णय लिया गया है। इस बाबत जेपीयू के कुलपति प्रोफेसर फारूक अली के आदेशानुसार जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ रवि प्रकाश बबलू ने पत्र निर्गत कर विश्वविद्यालय मुख्यालय के सभी पदाधिकारी एवं सभी कर्मचारी गण को यह सूचित किए है कि 11 अक्टूबर को कुलदेवता जयप्रकाश नारायण की जयंती विश्वविद्यालय में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इसके चलते विश्वविद्यालय मुख्यालय अवस्थित सभी कार्यालय 9 अक्टूबर रविवार के दिन निर्धारित समयानुसार खुलेंगे।कुलसचिव ने पत्र के माध्यम से यह भी सूचित किया है कि रविवार के दिन विश्वविद्यालय मुख्यालय में सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। साथ ही साथ ही उन्होंने अपने पत्र के माध्यम से यह भी अवगत कराया हैं कि अवकाश के दिन के बदले भविष्य में क्षतिपूर्ति अवकाश दिया जाएगा।

## डबरा नदी गोविंदापुर पुल का एप्रोच धंसा, पचभिंडा जानेवाली सड़क हुई क्षतिग्रस्त

### पूर्व विधायक के शिकायत पर पथ निर्माण विभाग के अभियंता ने किया सड़क का निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया/सारण (रंजन श्रीवास्तव)। प्रखंड के नेवारी - इसुआपुर जानेवाली मुख्य सड़क में डबरा नदी गोविंदापुर पुल के एप्रोच सड़क के ह्यूम पाइप धंसने से सड़क क्षतिग्रस्त हो जाने से आमजन परेशान है। पुल के एप्रोच सड़क में लगे ह्यूम पाइप धंसने से के कारण सड़क का आधा भाग बिल्कुल क्षतिग्रस्त हो गया है। उक्त एप्रोच सड़क नेवारी निषाद बस्ती होते हुए पचभिण्डा तरैया निकलती है। तरैया से इसुआपुर जाने वाले लोगों को उक्त सड़क से आने जाने में लगभग चार किमी की दूरी कम पड़ती है। नेवारी बाजार न जाकर सीधे लोग पचभिण्डा से डबरा नदी गोविंदापुर पुल पर निकलते है। पुल के एप्रोच सड़क के ह्यूम पाइप धंसने से क्षतिग्रस्त सड़क की शिकायत तरैया के पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय ने पथ निर्माण विभाग के अभियंता से किया। शिकायत के आलोक में पथ निर्माण विभाग के अभियंता ने पूर्व विधायक श्री राय के साथ पुल व एप्रोच सड़क का निरीक्षण किया। पूर्व विधायक श्री राय ने कहा कि पथ निर्माण विभाग के अभियंता ने निरीक्षण के बाद कहा कि जल्द इसकी मरम्मत कर दिये जायेंगे। वहीं गोविंदापुर पुल के दोनों तरफ के मुख्य एप्रोच काफी घुमावदार होने से हमेशा दुर्घटनाएं हो रही है। वहीं बड़ी गाड़ियों को उक्त पुल से पार करने में चालक को कुछ देर सोचने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उसके बाद काफी सोच समझकर पुल को पार करते है।

## श्रद्धापूर्वक याद किये गये पेंशनर समाज के दिवंगत अध्यक्ष बासुदेव बाबू

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के तत्वावधान में सेवानिवृत्त शिक्षक सह वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनर समाज के अध्यक्ष रहे बासुदेव सिंह की श्रद्धांजलि सभा कोहरा बाजार मठियां स्थित कार्यालय के सभागार में हुई। अध्यक्षता काशीनाथ सिंह ने की। जबकि संचालन बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक नेता उदय शंकर गुड्डू ने किया।

इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा को मुख्य रूप से बिहार विधान परिषद के विधान पार्षद सच्चिदानंद राय ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय बासुदेव बाबू एक आदर्श शिक्षक के साथ ही वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनर समाज के मुखिया थे। जिनके नहीं रहने से वरिष्ठ नागरिक को ही नहीं बल्कि बुद्धिजीवी व सामाजिक



कार्यकर्ता को भी गहरा धक्का पहुंचा है। उनके अधूरे सामाजिक कार्यों को पूरा करना हम सबकी महती जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज को जब भी हमारी जरूरत होगी, मैं सदैव उपस्थित रहूंगा। श्रद्धांजलि सभा को विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के वरीय उपाध्यक्ष शिवनाथ पुरी, कामरेड अरुण कुमार, वशिष्ठ कुंवर, कन्हैया यादव, गुड्डू कुशवाहा, रजनीश सिंह, संतोष गिरि, गिरीश पुरी, मुरलीधर सिंह, गजेंद्र दास, श्रीकांत सिंह, जयप्रकाश पुरी आदि ने संबोधित किया।

कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय बासुदेव बाबू के तैलचित्र पर पुष्प अर्पण के साथ हुई। समारोह का समापन व धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के सचिव जीबोधन प्रसाद द्वारा किया गया।

## युवा वर्ग नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद व सामाजिक गतिविधियों से प्रतिभा का प्रदर्शन करें: थानाध्यक्ष

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (रुचि सिंह सेंगर)। एकमा प्रखंड के जमनपुरा गांव में आयोजित पुलिस-पब्लिक सद्भावना क्रिकेट मैच के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए इस मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रसूलपुर थानाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। ताकि आपस में सद्भावना व प्रेम में वृद्धि हो सके। ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से न सिर्फ समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द का वातावरण कायम होता है। बल्कि पुलिस-पब्लिक के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि पुलिस व पब्लिक के बीच आपसी सहयोग व सौहार्द की भावना स्थापित होने से ही अपराध व आपराधियों पर नियंत्रण संभव है। वहीं पुलिस भी आमजन को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के सदैव तत्पर रहती है।

उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में रसूलपुर थाना सहित जिले की पुलिस नशे के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। वहीं इस मुहिम की शत-प्रतिशत सफलता के लिए आमजन का सहयोग जरूरी है। शराब बेचने वालों की सूचना बेखौफ होकर पुलिस को दें। ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शराब सहित अन्य किसी भी तरह के नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद व अन्य सामाजिक गतिविधियों से जुड़कर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अपने देश पर प्रदेश का नाम रोशन करें।

श्री तिवारी ने कहा कि पुलिस व पब्लिक के बीच सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के खेल के आयोजन पुलिस प्रशासन द्वारा समय-समय पर करवाए जाते रहेंगे। इस दौरान उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई को समाज से मिटाने के लिए सभी लोगों को आगे आना चाहिए। ताकि नशा व अपराध मुक्त समाज की स्थापना की जा सके।

इस मौके पररसूलपुर थाने के एसआई विजय कुमार यादव, मणि कुमार, रिंकी कुमारी, राजू सिंह अकेला, राहुल कुमार, विवेक कुमार आदि अन्य लोग मौजूद थे।

## महा परिवर्तन आन्दोलन की बैठक में पूर्व आईपीएस विनय ने साझा किए सेवा अवधि के अनुभव

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (रुचि सिंह सेंगर)। जिले के मांझी प्रखंड के लेजुआर पंचायत के उद्योगपति अनिल सिंह के आवास परिसर में जय प्रकाश नारायण और डॉ राजेन्द्र प्रसाद की पावन भूमि पर महा परिवर्तन आन्दोलन के तत्वावधान में प्रो ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एक दिवसीय बैठक आयोजित हुई।

बैठक में गुड्डू सिंह, अनिल सिंह, मुखिया प्रतिनिधि धुपदेव गुप्ता आदि ने महाराणा प्रताप की जीवनी पर प्रकाश डाला।

वहीं अनिल सिंह के 10 वर्षीय पुत्र सह डॉनवास्को के छात्र आयुष रंजन ने जब महाराणा प्रताप की जीवनी पर प्रकाश डाला, तो इसके भाषण को सुनते ही तालियों की तड़तड़ाहट से सदन गूंज उठा।



साथ ही पूर्व आईपीएस विनय कुमार सिंह ने कहा कि हर गांव के लोग चाहेंगे तो एक भी केस कोर्ट में नहीं जा सकता है। वहीं बिहार में वंशवाद से दूर रहना चाहिए। छपरा जिला में मेरा पांचवी बार आगमन हुआ है। आरा, बलिया एवं छपरा के लोग भाई-भाई हैं। मैं बिहार में एसटीएफ में कार्यरत था। मैं तेलंगाना सरकार में भी कार्यरत रहा। बिहार हमारे समय में पूरे भारत में सर्व श्रेष्ठ की उपलब्धि मिली थी। आईपीएस विनय कुमार ने कहा कि मेरे ऊपर बिहार में कई बार अपराधियो ने गोली चलाई। भगवान के आशीर्वाद से मैं बाल-बाल बच गया था।

इस मौके पर अनिल सिंह गुड्डू सिंह, मुखिया प्रतिनिधि धुवदेव प्रसाद, जदयू नेता निरंजन सिंह, पूर्व जिला पार्षद धर्मेन्द्र सिंह समाज आदि अन्य क्षेत्रीय लोग मौजूद थे।

## स्वर सम्राट रागेश की 90वीं जयंती पर सिद्ध शक्तिपीठ आमी में दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

**दैनिक समाज जागरण**

दिघवारा/सारण (मनिंद्र नाथ सिंह मुन्ना)। रागेश कला संस्कृति संस्थान का दो दिवसीय कार्यक्रम, लोकगीतों के महान गायक स्वर सम्राट संतराज सिंह रागेश की 90वीं जयंती सिद्ध शक्तिपीठ आमी स्थित शक्ति शांति अकादमी आमी के प्रांगण में संपन्न हुआ। स्वर सम्राट संत राज सिंह के गाए गीतों को "अमवा के बगिया में घनी बसवरिया सुघर लागे, मोरा नन्हकी मरईया सुघर लागे" जैसे गीतों के साथ ही किसानीन बनीह ना धनी,किसानीन बनिह ना, धनिया अब हम बनब किसनवा तु किसानीन बनीह न सुनकर तत्कालीन प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने रगेश की उपाधि से अलंकृत किया था। साथ ही तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू भी उनके गाए गीतों को सुनकर आत्म विभोर हो गए थे। उन्हीं के गाए गीतों को सुन दिलीप कुमार सिंह स्वर सम्राट रगेश को सांस्कृतिक श्रद्धांजलि दी। सारण जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद राय ने कहा कि रागेश कला संस्कृति संस्थान आमी भारतीय गीतों के साथ साथ लोक नृत्य एवं नाटक को आयाम देने लगा है। इस परंपरा को आगे बढ़ाने का श्रेय भी दिलीप कुमार सिंह को जाता है' राजेश कला संस्कृति संस्थान आमी में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन नाटककार सतीश कुमार मिश्र लिखित नाटक त का हम कुंवारे रहे का बेजोड़ मंचन सफल हुआ।



शशांक कुमार सिंह ने मुख्य भूमिका ज्ञान गुण सागर का अभिनय जीवंत कर दिया। महेश स्वर्णकार, हिमांशु, पंकज कुमार सिंह,राज रौशन एवं आलोक का भी अभिनय बहुत ही सराहनीय रहा। ध्वनि प्रकाश का कार्य रियाज अहमद ने बखूबी निभाया। दूसरे दिन रामकृष्ण मिशन आश्रम छपरा के सचिव स्वामी अतिदेवा नंद जी महाराज एवं श्रम संसाधन मंत्री सुरेंद्र राम ने संयुक्त रुप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। स्वामी जी ने भारतीय गीत संगीत के कविवर गायक रागेश के गाए गीतों का बखूबी वर्णन किया। मंत्री सुरेंद्र राम ने कहा कि रेडियो पर संतराज सिंह के गाए गीतों को सुनकर ही हम पले बढ़े हैं। स्वामी जी ने कहा ईश्वर को पाने का बहुत बड़ा साधन सू्राग से सामंजित कलाकार ही तो होता है। इस पूरे कार्यक्रम का प्रायोजक आर जे सिंह चौहान उर्फ लव सिंह का सहयोग अद्वितीय रहा। कार्यक्रम में कला संस्कृति मंत्री युवा विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री जितेंद्र गायक संत राज सिंह रागेश के चित्र पर पुष्पांजलि कर उनके गीतों को याद किया। भविष्य में होने वाले कार्यक्रम को नई ऊंचाई देने का वादा माननीय मंत्री ने किया। रागेश कला संस्कृति संस्थान के सभी सदस्यों ने महान गायक एवं भोजपुरी के हस्ताक्षर संतराज सिंह रागेश की आदमकद प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव रखा एवं मंत्री जितेंद्र कुमार राय कला संस्कृति एवं खेल बिहार सरकार ने रागेश की मूर्ति लगाने का आश्वासन दिया।

## महादलित परिवार के साथ मारपीट एवं आगजनी घटना को लेकर बांका एसडीएम मोहपता गांव पहुंचकर किया जांच, दिए आवश्यक निर्देश।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट।**

कटोरिया थाना क्षेत्र के मोहपता गांव के महादलित परिवार के साथ हुई मारपीट और आगजनी को लेकर कटोरिया थाना में सिकंदर यादव सहित 9 के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के बाद शनिवार को बांका एसडीएम डॉ प्रीति मोहपता गांव पहुंच कर जांच पडताल कर कोटोरिया अंचल अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया ।

बता दें कि शुक्रवार को मोहपता गांव के दबंगों महादलित परिवार के संतोष दूरी के साथ मारपीट कर बंधक बना लिया गया था। जिसको लेकर कटोरिया थाना में संतोष पुरी के भाई पिंटू दूरी ने आवेदन देकर न्याय की



गुहार लगाया था।` इधर घटना खबर छपते ही बांका डीएम के निर्देश पर बांका एसडीएम मोहपता गांव पहुंच कर जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया । साथ ही दबंगों द्वारा कब्जा किए गए जमीन को मुक्त कराकर महादलित परिवार को सौंपने का भी निर्देश अंचल अधिकारी दीया। इस संबंध में एसडीएम डॉ प्रीति ने पीड़ित परिवारों को कल्याण विभाग से मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। ज्ञात हो कि महादलित परिवार को भूदान के तहत 2013 में सरकार से` जमीन दिया गया था ।

इस घटना के बाद सभी आरोपी फरार हैं। प्राथमिकी के बाद कटोरिया पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। इस मौके पर कटोरिया एसडीपीओ प्रेम चंद्र सिंह थाना अध्यक्ष नीरज तिवारी, स अनि महेश झा अंचल अधिकारी सागर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में बी डी एम बामदह टीम तीन गोल से जीता

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

चांदन/बांका/जागृति युवा क्लब मेहियां सिमर की ओर से हर साल की भांति दुर्गा पूजा के अवसर पर खेले जा रहे दो दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट खेल का आयोजन प्लस टू प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के मैदान में खेला गया। इस खेल में मुख्य अतिथि के रूप में चंदवारी पंचायत की पूर्व मुखिया शैहेंद्र दास व दक्षिणी बार ने पंचायत के मुखिया तुलसी रजक की अध्यक्षता में खेला गया। जहां आदिवासी बाहुल्य समाज के खेल प्रेमियों द्वारा फुटबॉल टूनार्मेंट का शोभा बढ़ाया गया। मैदान के चारों ओर खेल प्रेमियों ने खेल का आनंद उठाया। इस खेल में सोलह टीमों ने भाग लिया। बता दें कि खेल के मैदान में अंतिम दिन शनिवार आठ अक्टूबर को जमुई जिला के बीडीएम बामदह एवं बांका जिला के तेतरकोला के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइल मुकाबले में बड़े ही रोमांचक मुकाबले में बीडीएम बामदह टीम ने तीन गोल से जीत हासिल कर प्रथम पुरस्कार पुर्व मुखिया सहेंदर दास के हाथों नगद चालीस हजार रुपया प्राप्त किया, इसी क्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले तेतर कोला टीम को मुखिया तुलसी रजक के हाथों नगद तीस हजार रुपया दिया गया, तथा 11,000 रुपया अंगना पत्थर टीम को छोटेलाल हेंब्रम एवं चतुर्थ पुरस्कार साहेबगंज टीम को प्रिंसिपल अशोक कुमार यादव के हाथों दस हजार रुपया देकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट का बामदह की ओर से मैन ऑफ द सीरीज सुरेंद्र यादव आशीष कुमार टुडू एवं तेतर कोला की ओर से मैन ऑफ द मैच का खिताब मेहियांसिमर के ग्राम प्रधान सूरज मुर्मू एवं विजय हेम्बरम ने प्राप्त किया। वहीं रेफरी की भूमिका में अजय तथा कॉमेंट्री के रूप में प्लस टू प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय भैरोगंज के प्रिंसिपल अशोक कुमार यादव एवं राकेश मुर्मू के द्वारा किया गया। मौके पर जागृति युवा क्लब मेहियां सिमर के अध्यक्ष मुंशी मुर्मू सचिव मणिलाल मुर्मू , आदि गणमान्य लोगों के साथ सैकड़ों की संख्या में आदिवासी बहुल समाज की महिला पुरुष बच्चे बूढ़े नौजवान शामिल थे।

